सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
22.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 130




## चुनाव प्रचार के बाद फुर्सत के क्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद राजनेता, मतदाता और जनता को मतगणना के इंतजार है। दो चरणों में वोटिंग के बाद 23 नवंबर को मतगणना है। लंबी और थकान भरे चुनाव प्रचार के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी कुछ रोचक तस्वीरें जारी की हैं। हेमंत ने पोस्ट करते हुए इन तस्वीरों को चुनाव प्रचार समाप्ति पर फुर्सत के कुछ क्षण बताया है। जब हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को वक्त मिला तो उन्होंने बालों में चंपी करते हुए फोटो पोस्ट की है। हेमंत सोरेन ने अपने एक्स अकाउंट पर ये पोस्ट किया है, जिसमें कल्पना सोरेन उनके बालों में तेल मालिश करती नजर आ रही हैं। वहीं फोटो में कल्पना सोरेन की मां भी हैं, जो कल्पना सोरेन के बालों की चंपी कर रही हैं। अन्य तस्वीर में हेमंत अपने पालतू कुत्ते को दुलार करते नजर आ रहे हैं।





### दोनों स्टार प्रचारक

झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरा हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने काफी जोर शोर से प्रचार- प्रसार किया। दोनों झामुमो के स्टार कैंपेनर थे। पार्टी प्रत्याशियों के लिए दोनों ही नेताओं ने 100 से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। एक-एक दिन में दोनों नेता 6 से 8 सभाओं को संबोधित करना पड़ा। दोनों चुनाव प्रचार में इस कदर व्यस्त रहे कि दोनों को अपने लिए वक्त ही नहीं मिला। हेमंत और कल्पना दोनों खुद भी चुनाव मैदान में खड़े हैं। हेमंत सोरेन जहां बरहेट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन चुनाव मैदान में है।

### न्यूज डायरी

#### लोकतंत्र हमारे डीएनए में : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को गुयाना की संसद के विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 24 साल पहले, मैं इस खूबसूरत देश की संस्कृति और विरासत के बारे में जानने के लिए एक जिज्ञासु व्यक्ति के रूप में गुयाना आया था। लोकतंत्र भारत के डीएनएम में ही है। दुनिया के सामने जिस तरह की स्थिति है, उसमें आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है लोकतंत्र पहले और मानवता पहले है।

#### पाकिस्तान में आतंकी हमला, 50 की मौत

**कुर्रम।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम में गुरुवार को आतंकी हमलावरों के यात्री वाहनों पर बंदूक से किये गये हमले में करीब 50 यात्रियों की मौत हो गयी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर मीडिया से बात करते हुए गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी हमले की पुष्टि की।

#### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के कठबरारी बुढ़वा तालाब में नहाने के दौरान दो भाई बहनों के डूबने से गुरुवार को मौत हो गयी। घटना करमांटाड थाना के कठबरारी का है। दोनों बच्चों की पहचान गांव के सुभाष मंडल के पुत्र सोनू कुमार (3)और पुत्री सरस्वती कुमारी( 2) के रुप में हुई है । दोनों मां के साथ नहाने तालाब गये थे। तलाब किनारे मां कपड़ा धोने लगी, तभी बच्चें नहाने लगे। इसी क्रम में दोनों डूब गये।

#### सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

**हजारीबाग।** बरकट्ठा व बगोदर मार्ग पर सड़क हादसे में गुरुवार को दो युवकों की को मौत हो गयी। ये दोनों युवक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ये घटना पांतीतीरी मोड़ के समीप हुई है। मृतकों के नाम कोल्हू बेडम टाटीझरिया के रहने वाले मनीष कुमार और पप्पू कुमार बताया जा रहा है। युवक एक वाहन से टकरा कर गिर पड़े। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी।

#### इरफान अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज

**जामताड़ा।** चुनाव आयोग के निर्देश पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लघन का मामला जामताड़ा थाना में दर्ज किया गया है। उन पर भाजपा महिला कार्यकर्ता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने का आरोप है। चुनाव के दौरान अंसारी ने सोशल मीडिया पर भाजपा की महिला कार्यकर्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

**बड़ा हादसा : कोलकता से पटना जा रही बस हजारीबाग में पलटी**

## सात यात्रियों की मौत

### 25 से अधिक घायल, 12 की हालत गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। 25 से अधिक लोग घायल हैं, इनमें 12 की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज हजारीबाग अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में सुबह कोलकाता से पटना जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे ये हादसा हुआ। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान कंपनी ने सड़क काटकर छोड़ दिया है, जिससे बस अनियंत्रित हो गयी और गड्ढे में पलट गयी।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन

#### मृतकों में महिलाएं अधिक

करीब पांच बजे हुए इस हादसे से यात्रियों में चीख -पुकार मच गयी। आसपास के ग्रामीण पहुंचे और गोरहर थाना की पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। मृतकों में सबसे महिलाओं की संख्या अधिक है। वैशाली कंपनी की यह बस (डब्ल्यूबी 76ए1548) कोलकाता से पटना जा रही थी। मंजिल पर पहुंचने से पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। वही कुछ यात्रियों का आरोप है कि चालक और खलासी दोनों नशे में थे। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी समेत कई अधिकारी वहां पहुंचे।

#### मृतकों व घायलों के नाम

मरने वालो में राजकुमारी प्रसाद (55) पति मोती चंद प्रसाद, मिस्टी कुमारी (25) पिता संभुनाथ सामंतो हल्दिया, फैजान मोईन (45)कोलकाता निवासी शामिल है। घायलों में कृष्ण मंडल (46 ) मालदा, सुजीत उपाध्याय पिता श्रीकांत उपाध्याय, शिवनाथ कुमार, राज कुमार (दोनों पिता उपेंद्र कुमार), रोहन मेहता पिता मिश्रा महतो, सुधीर महतो पिता सागर महतो, मालती देवी, पति सागर महतो, सुधीर सुमंतो पिता शंभू नाथ सुमंतो, सगुप्ता परवीन, पति आजाद मोहम्मद, सोमर सुमंतो पिता शंभू शंभूनाथ सुमंतो, राजन दास पिता महेंद्र दास, सीमि कुमारी, मनीषा कुमारी सहित अन्य लोग शामिल है।

#### जताया शोक

इस हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। सभी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। डीसी नैंसी सहाय ने इस दुर्घटना में मृतकों और घायलों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस दुर्घटना में हताहत हुए लोगों को आवश्यक सहयोग और बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको को निर्देश दिया है।

#### लोगों में गुस्सा

बरकट्ठा सिक्स लेन का निर्माण पिछले 6 सालों से चल रहा है, लेकिन अभी तक 2 किलोमीटर का निर्माण भी पूरा नहीं किया जा सका है। घटना के बाद एक बार फिर से क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। बताया जाता है कि यहां पिछले दो सालों में अब तक 20 से अधिक मौत हो चुकी है। गुरुवार को हुई यह घटना अब तक का यह सबसे बड़ी घटना है। सड़क निर्माण में लापरवाही के कारण इस रोड पर लगातार दुर्घटना होती रही है।

**कड़ी सुरक्षा में वज्रगृहों में इवीएम सील : के रविकुमार**

## कल सुबह 8 बजे से गिनती 9.30 बजे से आयेगा रूझान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने कहा कि शनिवार की सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जायेगी। पहले राउंड के मतगणना का रूझान सुबह 9.30 बजे तक आने लगेगा। 'कड़ी सुरक्षा के बीच सभी जिलों के स्ट्रांग रूम में इवीएम सील कर सुरक्षित रखी गयी हैं। यह बातें उन्होंने गुरुवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकारों से कही। सीईओ ने कहा कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गये हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। मतगणना के दिन सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय हो जायेगी।

**सभी जिला मुख्यालयों में होगी गिनती :** उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 8.30 बजे से इवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। पहले राउंड के मतगणना का रिजल्ट 9.30 बजे संभावित है।



- दूसरे चरण में पड़े 68 .95 प्रतिशत वोट,
- सभी 81 सीटों पर 67 .74% वोटिंग
- पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद बढ़ेगा प्रतिशत

### महिला मतदाताओं ने की अधिक वोटिंग



सीइओ ने बताया कि दूसरे चरण में कुल 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का फोकस इस बार समाज के हासिये पर खड़े लोगों को भी मतदान का हिस्सा बनाने पर था। इसके तहत सुदूर इलाके में जंगल-पहाड़ पर बसेरा करनेवाले से लेकर अलग-थलग रहनेवाले कुष्ठ पीड़ितों तक को योजनाबद्ध तरीके से मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## दुखद : मैथन डैम में डूबने से 3 युवकों की मौत



वहीं दूसरी ओर धनबाद के मैथन डैम में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गयी। तीनों यवकों के शव गुरुवार को वरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार छह दोस्त डैम घूमने आये थे। इसी दौरान वे नहाने लगे। नहाने के दौरान ही यह हादसा हुआ। सभी युवक बरमसिया एवं नया बाजार के रहनेवाले थे। एक-एक करके तीन युवक डूब गये, जबकि तीन युवक डर कर मैथन में बिना किसी को बताए वापस धनबाद लौट गये।

**यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला**

## 36 हजार किलो वजनी आइसीबीएम दागा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 1000 दिनों से युद्ध जारी है। जंग के बीच गुरुवार को रूस ने यूक्रेन पर अबतक का सबसे बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन पर पहली बार 36 हजार किलोग्राम वजनी इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) दागी है। इस मिसाइल की रेंज करीब 6000 किलोमीटर है।

इस घातक हमले से यूक्रेन में भारी क्षति का अनुमान है। रूस ने गुरुवार को सुबह 5-7 बजे के बीच यूक्रेन के निप्रो शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। रूस ने औद्योगिक, बुनियादी ढांचे पर निशाना साधा। यूक्रेन के वायु सेना ने रूसी हमले की पुष्टि कर दी है। इतिहास का पहला शहर बना निप्रो, जिसपर आइसीबीएम से हमला हुआ। यूक्रेन ने कहा है कि रूस ने निप्रो को निशाना बनाकर युद्ध में आईसीबीएम का इस्तेमाल किया।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 72000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 94000 रु./प्रति किलो |




**झारखंड का रण** | **अलग-अलग दावों से आम लोग भी दिग्भ्रमित**

## एग्जिट पोल ने सभी दलों की उड़ायी नींद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद नौ एजेंसियों की अलग-अलग सर्वे रिपोर्ट (एग्जिट पोल) सर्वे ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। कइयों को राहत के साथ दर्द का एहसास कराया है। आलम ये है कि ऑन द रिकॉर्ड दोनों गठबंधन के नेता सरकार बनाने के दावे कर रहे हैं लेकिन ऑफ द रिकार्ड वाले मोड में आते ही चेहरे की रंगत बदल जा रही है। दोनों गठबंधन के नेता खुद को ये कह कर तसल्ली देने में लगे हैं कि एग्जिट पोल हमेशा सटीक नहीं होता। हाल में छत्तीसगढ़ और हरियाणा चुनाव में एक्जिट पोल का हाल सभी देख चुके हैं।



राजनीतिक दलों की राय

राजनेताओं के साथ-साथ आम लोग भी तमाम एजेंसियों के अलग-अलग दावों (एग्जिट पोल) से दिग्भ्रमित हैं। हाल यह है कि दोनों प्रमुख गठबंधन के नेता एग्जिट पोल पर कुछ भी बोलने से कतराते हैं। इससे इतर यह दावा जरूर कर रहे हैं कि वे सरकार बना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कहना है कि एनडीए को 51 प्लस सीटें मिलेंगी। वहीं झामुमो नेता मनोज पांडेय और कांग्रेस नेता सोनाल शांति का दावा है कि आधी आबादी ने भरोसा जताया है, लिहाजा, इंडिया ब्लॉक को 50 से 55 सीटें मिलेंगी। राजद के मुताबिक इंडिया ब्लॉक को 60-62 सीटें मिलेंगी। चुनाव में तालमेल नहीं बनने की वजह से दो सीटों पर राजद और कांग्रेस जबकि एक सीट पर भाकपा माले और झामुमो के प्रत्याशी आमने-सामने आ गये। इसकी वजह से भी जनता के बीच अच्छा मैसेज नहीं गया। वहीं एनडीए में एकजुटता रही, नाराज नेताओं को मनाया गया।

### अपने-अपने दावे

#### झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : शिवराज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड संसाधनों से भरपूर है। यहां खनिज संपदा, वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि राज्य सचमुच में विकास और प्रगति के नये आयाम छू सकता है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी। संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा। मैं झारखंड की जनता, यहां के कार्यकर्ताओं का आभारी हूं। उनका अद्भूत स्नेह और प्यार मिला है। वह गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहे थे।



#### भाजपा की हर साजिश 23 को नाकाम होगी : हेमंत

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मतदान खत्म होने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने झामुमो परिवार के सभी प्रत्याशियों और कर्मठ कार्यकताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी ने दिन-रात अपना खून-पसीना बहाकर कड़ी से कड़ी मेहनत की है। आप सभी का आभार और जोहार। अब बस 23 तारीख तक हमें कमर कस कर यही जोश और जज्बा बरकरार रखना है और भाजपा की हर साजिश को नाकाम करना है।₹ उन्होंने अंत में कहा कि 'जय झारखंड, जीतेगा झारखंड'।



# कांग्रेस ने उठाये सवाल : बागी नेताओं पर कार्रवाई कब करेगा आरजेडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सबकी निगाहें 23 नवंबर को होने वाली मतगणना और उसके नतीजों पर टिकी हैं। चुनाव के दौरान कई नेता बागी हुए, जिनपर उनकी पार्टियों ने उनके खिलाफ कार्रवाई भी की। लेकिन राजद की ओर से अपने बागियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। राजद की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने भी इसे लेकर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल द्वारा किसी भी बागी के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने को गलत बताया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता का कहना है कि हमने बागियों के खिलाफ कार्रवाई की लेकिन सहयोगी राजद ने ऐसा नहीं किया।

**राजद के नेता ही दे सकते हैं जवाब :** **कांग्रेस :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि हमने कई दिनों पहले ही सभी बागियों के खिलाफ कार्रवाई की थी क्योंकि इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए यह बहुत जरूरी था। अब अगर राजद ने कोई कार्रवाई नहीं की है तो इसका जवाब राजद के नेताओं को देना चाहिए। वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वालों या पार्टी या महागठबंधन के उम्मीदवारों के प्रतिद्वंद्वियों की मदद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की, इसका जवाब राजद के नेता ही दे सकते हैं। झामुमो ने कहा है कि इसके बावजूद चुनाव नतीजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

### होगी कार्रवाई : रामकुमार

विधानसभा चुनाव में बागियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने के मुद्दे पर राजद के प्रदेश सचिव रामकुमार यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश के खिलाफ काम करने वाले सभी बागी नेताओं पर कार्रवाई होना तय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रांची आने के बाद बागियों पर कार्रवाई की सूची जारी कर दी जाएगी।

### इन बागियों के खिलाफ राजद ने नहीं की कार्रवाई

**रानी कुमारी :** झारखंड महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष रहीं रानी कुमारी ने पार्टी स्टैंड के खिलाफ जाकर रांची विधानसभा सीट से इंडिया ब्लॉक की प्रत्याशी महुआ माजी के खिलाफ चुनाव लड़ा। उन्होंने खुद पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया, लेकिन अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है।

**सूरज सिंह :** गढ़वा में राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने इस बार विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे अपने चाचा गिरिनाथ सिंह का खुलकर समर्थन किया।

**सुरेश राम :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक उम्मीदवार बैद्यनाथ राम के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की ओर से लातेहार से चुनाव लड़ने वाले सुरेश राम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

रघुपाल सिंहः राजद की झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रहे रघुपाल सिंह ने पार्टी से बगावत कर मनिका से चुनाव लड़ा, लेकिन राजद नेतृत्व ने उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

**राजेश रोशनः** वरिष्ठ नेता जोरावर राम के रिश्तेदार राजेश रोशन ने भी पार्टी के फैसले के खिलाफ छतरपुर से चुनाव लड़ा, लेकिन उनके खिलाफ भी कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

ममता भुइयांः पलामू लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार रहीं प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भुइयां ने भी इस बार बगावत कर सपा के टिकट पर छतरपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी ने उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की।

# झामुमो का दावा : एक बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार

24 में से 11 जिलों में एनडीए का नहीं खुलेगा खाता, इंडिया गठबंधन की 59 सीटों पर जीत तय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुताबिक, राज्य में फिर से सत्तारूढ इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन की अगुवाई में बनेगी। पार्टी कार्यालय, रांची में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने इससे संबंधित दावे किये। विधानसभावार सूची जारी करते बताया कि भाजपा और उसके सहयोगियों का 11 जिलों में तो खाता भी नहीं खुलेगा। इसकी तुलना में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 59 सीटों पर स्पष्ट जीत मिलेगी। इसके अलावा 22 विधानसभा सीट ऐसी है जहां अनिर्णय की स्थिति है। राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिप्तीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोडैयाहाट, बरकळा, बरही, माण्डु, सिमरिया, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, टुंडी, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पश्चिम, ईचागढ, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, तमाड़, तोरपा, खिजरी, रांची, हटिया, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, मनिका, लातेहार, डाल्टनगंज, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा।

### इन्हीं सीटों पर है संघर्ष

झामुमो के मुताबिक, राज्य की कुछ ही विधानसभा सीट ऐसी है जहां कहा संघर्ष दिख सकता है। इनमें जरमुंडी, गोड्डा, महागामा, कोडरमा, बड़कागांव, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, धनवार, जमुआ, धनबाद, झरिया, बाघमारा, बहरागोडा, जमशेदपुर पूर्वी, जगन्नाथपुर, खरसावां, खुंटी, सिल्ली, कांके, पांकी और विश्रामपुर जैसी सीट शामिल है।

**कार्यकर्ताओं में उत्साह :** सीएम और झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव 2024 का मतदान समपन्न होने के उपरांत अपने कांके रोड स्थित आवास से ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से पुरे राज्य के पार्टी कार्यकताओं से जुड़े। चुनाव में उनके अभूतपूर्व योगदान तथा समर्पण के लिए उन्हें बधाई देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

### झामुमो के बयान पर भाजपा का पलटवार

# झामुमो रहे 23 तक ख्वाबों की दुनिया में : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते तब तक झामुमो ख्वाबों की दुनिया में रह सकती है। उन्होंने कहा यह कुछ भी दावे कर ले, छाती ठोक ले।लेकिन,चुनाव परिणाम आने के बाद यह हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई दल दस्तावेज जारी करके यह बता रहा है कि कितने सीटों पर वह जीत दर्ज करेगी। प्रतिद्वंद्वी कितने सीट पर हारने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हास्यास्पद बात है कि इस दस्तावेज में जहां भी झामुमो कड़ा मुकाबला दिखा रहे हैं, वह सभी कांग्रेस के हिस्से वाली सीटें हैं। उन्हें अपने गठबंधन पर ही विश्वास नहीं। उन्होंने कहा कि भले ही वह कागजों में जीत का बड़ा दावा कर रहे हो। लेकिन, हकीकत में झारखंड की जनता ने झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार को पूरे तरीके से खारिज कर दिया है। इस सरकार ने सिर्फ लूट, खसोट और भ्रष्टाचार का पिछले 5 वर्षों में कार्य किया। भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार बनाकर संस्थागत रूप ले लिया। जनता पूरे तरीके से इनकी वादा खिलाफी से ऊब चुकी थी। 23 नवंबर को इनको बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कागजों पर जीत का दावा कर रहे हैं। जमीनी हकीकत है कि जनता ने पूरे तरीके से गठबंधन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कोल्हान और संतालपरगना प्रमंडल, जिसे यह अपना गढ़ मानते थे, वहां भी उनकी करारी हार होने वाली है। उन्होंने कहा कि कई सीटों पर भी जीत दर्ज करने जा रही है, जहां उसने आजादी के बाद कभी जीत दर्ज नहीं की।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल की याचिका पर प्रतिवादी को नोटिस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में कांके थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रतिवादी सोनू तिर्की को नोटिस जारी किया है। अदालत ने सरकार को इस मामले में जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। बाबूलाल मरांडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने नोटिस जारी किया। बाबूलाल मरांडी पर एक यूट्यूब चैनल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया गया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के छह थाना कांके, रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, मधुपुर और साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज की थी। बाबूलाल ने दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

### झारखंड की जनता अद्भुत, सभी ने बहुत स्नेह दिया : शिवराज सिंह चौहान



**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा पदाधिकारियों को निवास पर आमंत्रित किया। साथ ही, अनौपचारिक बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वही, शिवराज सिंह चौहान ने सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान भाजपा मुख्यालय पहुंचे और कार्यरत सफाईकर्मी, लिफ्टमैन, खाना बनाने वाले कार्यकर्ता भाई-बहन सहित सभी कर्मचारियों को चुनाव में अथक परिश्रम और सहयोग के लिये धन्यवाद किया । इस दौरान सभी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों ने श्री चौहान से अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार है। परिवार में कोई मंत्री रहता है। कोई मुख्यमंत्री रहता है। लेकिन सभी कार्यकर्ता एक परिवार है, जो राष्ट्र पुनरुत्थान के मिशन में लगे हुये है। उन्होंने कहा कि झारखंड से बड़ी मीठी स्मृतियाँ लेकर जा रहा हूं। ये बड़ा अद्भुत प्रदेश है। यहां बहुत संभावनायें है। यहां की जनता ने बहुत स्नेह और प्यार दिया है । गुरूवार को यहां से प्रभारी के तौर पर विदा ले रहा हूं।

### शिवराज सिंह ने अपने चुनाव प्रवास के दौरान लगाये कुल 50 पौधे

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विगत 3 वर्ष से अधिक समय से लगातार रोज एक पौधा लगा रहे हैं । वह लोगों के जन्मदिन, पुण्यतिथि स्मृति दिवस, विशेष उपलब्धियां या किसी विशेष प्रयोजन के अवसर पर जनता के साथ पौधा लगाते हैं। उन्होंने अपने इस अभियान के अंतर्गत अब तक 4000 से अधिक पौधे लगाये हैं । वह अपने झारखंड प्रवास के दौरान रांची, जमशेदपुर, नेतरहाट, देवघर, बोकारो, धनबाद सहित विभिन्न शहरों में यहां की जनता के साथ पौधारोपण किया । अनेक ऐसे अवसर भी रहे जब भोपाल या दिल्ली से पौधा लगाकर आने के बाद भी जनता के साथ झारखंड में पौधारोपण किया । उन्होंने झारखंड में विगत तीन माह के प्रवास के दौरान कुल 50 पौधे लगाये । उन्होंने गुरूवार को निवारणपुर में लोगो के साथ पौधारोपण किया।

# इंडिया गठबंधन सरकार बनना तय : रविंद्र

**रांची।** गांडेय ,गिरीडीह, जमुआ एवं राजधनवार विधानसभा क्षेत्र के चुनावी दौरे से वापस लौटे रविन्द्र शांडिल्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा कोडरमा ने कहा कि झारखंड में इंडिया महागठबंधन की सरकार बना तय है। झारखंड की जनता ने विकास के मुद्दे पर महागठबंधन के प्रत्याशियों को अपना प्रचंड बहुमत दिया है।

उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी और पूर्व विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और पूर्व विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के पक्ष में लहर है। चुनावी दौरा कार्यक्रम में शांडिल्य के नेतृत्व निर्मला तिवारी महिला मोर्चा की अध्यक्ष,दिलीप गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी देवी जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा गुड़िया देवी ,नगर पंचायत अध्यक्ष कोडरमा ,संजय पांडेय नगर सचिव झुमरी तिलैया, दिलीप चंद्रवंशी नगर उपाध्यक्ष झुमरी तिलैया सहित अन्य लोग शामिल थे।


**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर सिलम के पास से 10 बोझा जलावन सहित एक टेम्पू सं0–JH07J4814 को जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 340238 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D




**समाहरणालय, सिमडेगा (निर्वाचन शाखा)**

**आवश्यक सूचना।**

विधानसभा आम चुनाव 2024 के सिमडेगा जिलान्तर्गत विधानसभा 70-सिमडेगा एवं विधानसभा 71-कोलेबिरा के मतगणना के मद्देनजर दिनांक 23-11-2024 को सिमडेगा शहर का यातायात व्यवस्था परिर्वतन करते हुए निम्न प्रकार से रहेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| D1 | सिमडेगा कॉलेज के मुख्य (गेट–1) के पास | केवल वरिष्ट पदाधिकारी के वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों का प्रवेश बाधित किया गया है। |
| D2 | सिमडेगा बाजार टांड़ के पास | चुनाव से संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के लिए यह मार्ग बाधित किया गया है। |
| D3 | एन0एच0 में भट्ठीटोली, कॉलेज मोड़ के पास | |
| D4 | मतरामेटा के पास | सभी छोटे–बड़े वाहनों को एन0एच0 की ओर मोड़ना है, सिमडेगा कॉलेज की ओर केवल चुनाव से संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। |
| D5 | कोढ़ी चौक के पास | |
| D6 | सिमडेगा कॉलेज (गेट–2) के पास | केवल उम्मीदवार, चुनाव से संबंधित कर्मी एवं पत्रकारों से संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। |
| P1 | कॉलेज के पीछे अवस्थित स्थल | चुनाव से संबंधित Counting Agent एवं अन्य Public वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था। |
| P2 | सिमडेगा कॉलेज (गेट–2) के बांयी तरफ परिसर में। | उम्मीदवार, मतगणना कर्मी एवं पत्रकार से संबंधित कर्मियों वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था। |
| P3 | सिमडेगा कॉलेज के मुख्य (गेट–1) के पास बांयी तरफ | केवल वरिष्ट पदाधिकारी वाहन हेतु पार्किंग व्यवस्था। |

नोट :– आपातकालीन सेवा से संबंधित वाहनों को बाधित नहीं किया गया है।




PR.NO.340229 Simdega(24-25):D

उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा


# रिश्वतखोरी के 13 मामलों में लग रही तारीख पर तारीख

### लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अभियोजन स्वीकृति है अनिवार्य

**उदय चौहान**



**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने इस साल अब तक भ्रष्टाचार से जुड़े 14 मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई है। इसमें 12 मामले साल 2024 के, एक मामले साल 2023 के एवं एक मामला साल 2016 का शामिल है। 2016 के मामले के छोड़कर अन्य 13 मामलों में चार्जशीट तो समय पर दाखिल की गई। लेकिन, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति आदेश नहीं दिया जा सका है। इसके कारण मुकदमे एक ही स्टेज पर कई तारीखों से लंबित चल रहा है। लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिये संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों से अभियोजन स्वीकृति अनिवार्य होती है। इसके बिना आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। एसीबी की विशेष अदालत में ऐसे सभी मामलों की सुनवाई अभियोजन स्वीकृति आदेश के इंतजार के तहत तारीख बैठाई जा रही है। भ्रष्टाचार की सूची में रातू के तत्कालीन सीओ प्रदीप कुमार, कर्मचारी सुनील कुमार, रातू थाना के सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, लोहरदगा के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार जैसे नाम शामिल है। सभी को रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी ने अलग-अलग समय में गिरफ्तार किया था।

**चार्जशीट दाखिल, लेकिन अभियोजन स्वीकृति आदेश नहीं**

एसीबी ने 25 हजार रिश्वत लेने के आरोप में 9 नवंबर 2023 को रातू सीओ प्रदीप कुमार के साथ कर्मचारी सुनील कुमार एवं दलाल जाफर अंसारी को गिरफ्तार किया था। आईओ ने घटना को सही पाते हुये बिना अभियोजन स्वीकृति के 8 जनवरी 2024 को चार्जशीट दाखिल की। एसीबी ने 35 हजार रिश्वत के साथ रातू थाना में पोस्टेड एसआई सत्येंद्र सिंह को 25 जून को गिरफ्तार किया था। आईओ ने जांच पूरी करते हुये 23 अगस्त को चार्जशीट दाखिल की। लेकिन अभियोजन स्वीकृति नहीं। एसीबी की टीम ने 15 हजार रिश्वत मामले में 19 जुलाई को लोहरदगा के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार और एक अन्य को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। चार्जशीट 13 सितंबर को दाखिल की गई। लेकिन अभियोजन स्वीकृति आदेश नहीं जमा किया गया है। इसी प्रकार, एसीबी रांची की टीम ने 9 जनवरी को 10 हजार रिश्वत के साथ खूंटी थाने के दारोगा श्रीकांत कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आईओ ने मामले में 7 मार्च को जांच पूरी करते हुए चार्जशीट बिना अभियोजन स्वीकृति की दाखिल की है। एसीबी की टीम ने चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी बेंजामिन कुजूर को 16 हजार रिश्वत लेते एक मार्च को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बिना अभियोजन स्वीकृति के चार्जशीट 25 अप्रैल को दाखिल की गई।

### वैश्य मोर्चा के संचालन समिति की बैठक में निर्णय

# 30 को होगी केंद्रीय समिति की घोषणा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सुकुरहुप्तू स्थित हीरानाथ साहु के आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उपेन्द्र प्रसाद ने किया। यह बैठक सम्पन्न विधानसभा चुनाव की समीक्षा, केंद्रीय समिति के गठन के लिए सदस्यता प्रक्रिया एवं भावी रणनीति को लेकर रखी गई थी। इसमें उपरोक्त मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और तय किया गया कि संविधान में गुप्त मतदान का अधिकार और महत्व है। एक्जिट पोल लोकतंत्र का परिहास है। इसलिए हमें मतगणना से पहले किसी के पक्ष या विपक्ष में राय नहीं बनाना चाहिए।

### एक्जिट पोल लोकतंत्र का परिहास है

23 नवंबर को परिणाम आ ही जायेंगे, इसलिए तब तक धैर्य रख कर इंतजार करना पड़ेगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 30 नवंबर को रांची में केंद्रीय समिति की घोषणा की जायेगी। साथ ही भावी रणनीति एवं कार्यक्रमों की भी घोषणा की जायेगी। इसके पूर्व सभी को सदस्यता ग्रहण कर लेना होगा। आज ओरमांझी से संजय साहु एवं धुर्वा से दीपा रानी कुंज को सदस्यता दिलाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहु, इंदु भूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु, उपेन्द्र प्रसाद, कृष्णा साहु, दिलीप प्रसाद, जगदीश साहु, अनिल वैश्य, डॉ। अरविंद कुमार, राजेन्द्र साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, नरेश साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज कुमार आदि उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव ने किया झारखंड पवेलियन में मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का किया अवलोकन, कहा

# मत्स्य कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रयास सराहनीय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 15 दिवसीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में गुरूवार को झारखंड पवेलियन में मत्स्य निदेशालय का स्टॉल दर्शकों के लिये आकर्षण का केंद्र बना। स्टॉल पर प्रदर्शित जलाशयों में मोती की खेती और केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि से लोग अवगत हो रहे हैं। मत्स्य निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक अब तक हजारों की संख्या में लोग मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में अब तक भारत सरकार और झारखंड सरकार में पदस्थापित वरिष्ठ पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सचिव व अन्य अधिकारी सहित काफी संख्या में केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारीगण स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। झारखंड में केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि और जलाशयों में मोती उत्पादन के तरीके लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बना हुआ है। गुरुवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने झारखंड में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में किये जा रहे हैं कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निदेशालय के प्रयासों की सराहना की।वहीं, स्टॉल पर मौजूद मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का उन्होंने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मत्स्य निदेशक संजय कुमार गुप्ता, सहायक मत्स्य निदेशक रेवती हांसदा, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रजनी गुप्ता, एसपीएम दुर्गेश कुमार मिश्र, डीपीएम आशीष तिर्की सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।



स्पीड न्यूज



## अध्यक्ष और महासचिव व कई ने लिए प्रपत्र

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का चुनावी कार्यक्रम चल रहा है। उसी क्रम में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज सूचना वोटर लिस्ट का फाइनल लिस्ट प्रकाशित किया गया एवं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन पत्र का वितरण किया गया। कुल 137 नामांकन पत्र बिक्री हुई। कल नामांकन पत्र भरकर जमा करने की कार्यक्रम है। चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडाई ने बताया कि आज अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महासचिव आरके सिंह समेत 137 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे।

## अरका जैन में टेक्निका 4.0 में आईडीटीआर की छात्राओं का परचम



**जमशेदपुर।** अरका जैन विवि में आयोजित दो दिवसीय टेक्निका-4.0 में आईडीटीआर की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस टेक फेस्ट में कई प्रकार के इभेन्ट्स का आयोजन किया गया था। देश भर के कई शैक्षणिक संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। आईडीटीआर के करीब दो सौ छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। आईडीटीआर की छात्राओं ने सिंगिंग, डांसिंग तथा टग आफ वार में प्रथम पुरस्कार जीत कर परचम लहराया। सिंगिंग में अंकिता चैधरी, डांसिंग में शिवानी तिवारी तथा श्रुति कुमारी एवं टग आफ वार में रिया रजक, शकुंतला महतो, रिति प्रधान, काजल दास, अविनाश कौर, अदिती वर्मा, सलोनी कुमारी तथा मानसी शर्मा ने भाग लिया।

## रेडक्रॉस ने टीबी मरीजों में बांटे पोषण किट्स



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा टीबी मरीजों के लिए किया जा रहा यह कार्य सराहनीय है और काफी महत्वपूर्ण है। टीबी मरीजों को दवा के साथ अच्छे पोषण की आवश्यकता होती है ताकि बीमारी के दुष्प्रभाव से जल्द मुक्ति मिले, और रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा न सिर्फ पिछले 28 महीने से पोषण किट दिया जा रहा है, साथ ही मरीजों को प्रत्येक माह के लिए विटामिन की खुराक भी प्रदान की जा रही है।

## सीताडांगा में रेडक्रॉस का नेत्र जांच शिविर आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार 22 नवम्बर को यूसील के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सीताडांगा के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित किया गया है। शिविर में सामान्य जांच के साथ आंखों के विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा शिविर में प्राप्त होंगी।

## काशी-सोहनलाल की स्मृति में शिविर कल से



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 747वां नेत्र शिविर 23 से 25 नवंबर तक कोलकाता निवासी जीडी चांडक के संयोजन में उनके माता-पिता स्व काशी देवी-सोहनलाल जी चांडक की स्मृति में आयोजित किया जायेगा।

# टाटा स्टील बायोचार का उपयोग करते हुए शुरू किया इस्पात उत्पादन

- अब तक बायोचार इंजेक्शन के माध्यम से लगभग 30,000 टन जीवाश्म ईंधन को बदला
- वार्षिक रूप से 50,000 टन से अधिक सीओ-2 उत्सर्जन कम करने की क्षमता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने जमशेदपुर प्लांट में बायोचार (बायोमास आधारित चारकोल) का सफल उपयोग करते हुए एक नई मिसाल कायम की है। यह पहल न केवल कंपनी की सस्टेनेबिलिटी के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ती है, बल्कि 2045 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करती है।

जनवरी 2023 में परीक्षण के रूप में शुरू हुई इस पहल के तहत, टाटा स्टील ने अब तक बायोचार का उपयोग कर लगभग 30,000 टन जीवाश्म ईंधन को प्रतिस्थापित किया है। यह रणनीति न केवल वार्षिक रूप से 50,000 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने की क्षमता रखती है, बल्कि पिसे हुए कोयले के इंजेक्शन का आंशिक विकल्प के रूप में ऊर्जा दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार करती है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सतत औद्योगिक प्रथाओं के प्रति टाटा स्टील की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। साथ ही, 3000 घन मीटर से अधिक और 9000 टन प्रति दिन (टीपीडी) उत्पादन क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस में इसका सफल उपयोग वैश्विक इस्पात उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



जमशेदपुर प्लांट का ब्लास्ट फर्नेस का फाइल फोटो।

राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील ने कहा कि कोयले जैसे कार्बन-गहन जीवाश्म ईंधन के आंशिक विकल्प के रूप में बायोचार का उपयोग शुरू करना न केवल टाटा स्टील के लिए, बल्कि पूरे भारतीय इस्पात उद्योग के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह इस्पात निर्माण प्रक्रिया में वैकल्पिक ईंधन के व्यापक उपयोग का मार्ग प्रशस्त करता है और हमारे द्वारा जिम्मेदारीपूर्ण और सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन के प्रति दृढ़ संकल्प को मजबूती से दर्शाता है। इस अनूठी सफलता से हमें एक ऐसा सस्टेनेबल इस्पात क्षेत्र बनाने का विश्वास मिलता है, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हो, बल्कि भारत के अन्य इस्पात उत्पादकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत और आदर्श मानक भी बन सके।

यह नवोन्मेषी तकनीक ब्लास्ट फर्नेस में टुयर्स के माध्यम से पिसे हुए बायोचार को इंजेक्ट करने पर आधारित है। भारत में पहली बार 3000 घन मीटर से अधिक क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस में इस विधि को सफलतापूर्वक लागू किया गया। एक ब्लास्ट फर्नेस में सफल परीक्षण के बाद, इस प्रक्रिया को जमशेदपुर प्लांट के तीन अन्य फर्नेस तक विस्तारित किया गया। आगे चलकर, टाटा स्टील ने इस बायोचार उपयोग को अपने अन्य इस्पात निर्माण केंद्रों में भी लागू करने की योजना बनायी है।

इस वर्ष की शुरुआत में, टाटा स्टील ने ओडिशा के कटक जिले के अथागढ़ स्थित अपने फेरोक्रोम प्लांट में बायोमास के उपयोग का सफल परीक्षण किया था। कंपनी के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित इस प्लांट ने पारंपरिक कार्बन स्त्रोतों के स्थायी विकल्प के रूप में यह परीक्षण करने वाला भारत का पहला प्लांट बनकर एक नई मिसाल कायम की।

कार्बन-न्यूट्रल इस्पात निमार्ता बनने की अपनी यात्रा में, टाटा स्टील ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें उत्पादन सुविधाओं में सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग और कच्चे माल व तैयार उत्पादों की शिपिंग में बायोफ्यूल का समावेश शामिल है। इसके साथ ही, टाटा स्टील ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए भारत की पहली इस्पात कंपनी का दर्जा प्राप्त किया, जिसने पूर्वी तट ऑस्ट्रेलिया से भारत तक की पूर्ण लदी हुई यात्रा बी 24 बायोफ्यूल मिश्रण और वीएलएसएफओ (वेरि लो सल्फर फ्यूल ऑयल) द्वारा संचालित की।

# मतगणना केंद्र पर मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गजट लेकर जाना सख्त मना है : उपायुक्त

- डीसी और एसएसपी ने मतगणना दिवस को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कॉपरेटिव कॉलेज परिसर में मतगणना दिवस को लेकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे बिना प्रवेश पत्र के तथा मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के साथ किसी भी परिस्थिति में किसी व्यक्ति को मतगणना हॉल के अंदर प्रवेश नहीं करने देंगे। सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का यह दायित्व होगा कि प्रतिनियुक्त स्थल पर भीड़ न हो। साथ ही पास वाले व्यक्ति ही सुगमतापूर्वक मतगणना केंद्र जा सकें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के मतगणना के मद्देनजर सभी पदाधिकारी एवं कर्मी की जिम्मेदारी है कि वे आपस में मिलकर एक टीम के रूप में काम करते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना कराने हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं कर्मी ससमय प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे। सम्पूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में ईवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना या वीडियो रिकॉर्डिंग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।



मतगणना को लेकर ब्रिफिंग करते हुए डीसी अनन्य मित्तल।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को दिनांक-23.11.2024 को प्रातः 05:00 बजे से चिकित्सा शिविर, चिकित्सा दल एवं एम्बुलेन्स तैनात रखने, अग्निशाम पदाधिकारी को अग्निशाम वाहन, दस्तों की प्रतिनियुक्ति, सहायक आयुक्त उत्पाद को मतगणना के दिन दिनांक-23/11/2024 को शराब की सभी दुकानों को आदेश के अनुरूप बंद कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मतगणना के दिन सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दंगा निरोधी दस्ता, वज्रवाहन, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी, अनुगेस आदि सुरक्षा उपकरण के साथ क्यूआरटी की प्रतिनियुक्त रहेगी। मतगणना के दिन सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने एवं विधि-व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया गया।

एक नजर में

## गोलमुरी-बर्मामाइंस की फायरिंग में नयन सिंह गिरोह का हाथ, गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** शहर के गोलमुरी और बर्मामाइंस क्षेत्र में पूर्व में हुई फायरिंग की घटनाओं का खुलासा गुरुवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने किया। उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं में नयन सिंह गिरोह का नाम सामने आया है। इस गिरोह को सजायाफ्ता प्रकाश मिश्रा और सोनू सिंह की ओर से बनाया गया था। यह नाम भी उसी का दिया हुआ है। पुलिस ने जांच में बमार्माइंस इस्ट प्लांट बस्ती का जे राहुल और बमार्माइंस रुइया पहाड़ का रहने वाला राहुल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि गोलमुरी बाजार के शर्मा फर्निचर के सामने 3 अक्टूबर को और 9 सितंबर को एचबीसीआई कोचिंग सेंटर में फायरिंग की गयी थी। दोनों मामले का खुलासा पुलिस टीम नहीं कर पायी थी। प्रकाश मिश्रा के बारे में पुलिस का कहना है कि झामुमो नेता और ठेकेदार उपेंद्र सिंह हत्याकांड का सोनू सिंह और हीरे हत्याकांड का सजायाफ्ता प्रकाश मिश्रा की ओर से व्यापारियों से रंगदारी के लिए फायरिंग करवायी गयी थी। फायरिंग से उन्हें डराया और धमकाया गया था। गिरफ्तार जे राहुल और राहुल सिंह ने अपना अपपराध भी स्वीकार कर लिया है।

## अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र है : प्रीता जॉन

**जमशेदपुर।** एनटीटीफ /आर डी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी ने अर्का जैन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित टेक्निका-2024 में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने ये उपलब्धियां हासिल कीं। इस कल के थीम मिराई : आज का एक नवाचारों को तैयार करना था किया गया है। ये उल्लेखनीय उपलब्धियां एनटीटीफ की तकनीकी क्षमता और नवाचार को उजागर करती हैं। रैप में प्रथम पुरस्कार - रोनित पांडे (सीपी15) रैप में द्वितीय पुरस्कार - अन्मोल बाग (सीपी04), बीटबॉक्सिंग में प्रथम पुरस्कार - अन्मोल बाग (सीपी04), सोलो डांस में प्रथम पुरस्कार - सत्य प्रकाश मिश्रा (सीपी01), सर्किट डिजाइनिंग में द्वितीय पुरस्कार -संभव, शोभा, राहुल दीप (सीपी04) और तकनीकी क्विज में द्वितीय पुरस्कार - बिमन सिंह (सीपी04) को मिला है।

## केरला पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर लक्ष्मी आर ने दान किये अपने बाल

- दान किये गये केश से कीमोथेरेपी से गुजर रहे कैंसर रोगियों के लिए बनेगा विग
- बाल बेंगलोर की संस्था कोप विद कैंसर चैरिटेबुल ट्रस्ट को प्रदान किया गया है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल के निदेशक शरत चंद्रन की धर्मपत्नी एवं केरला पब्लिक स्कूल की एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती लक्ष्मी आर ने कैंसर रोगियों को विग बनाने के लिए केश दान किया है। दान किए गए बाल कीमोथेरेपी से गुजर रहे कैंसर रोगियों के लिए विग बनाने के लिए उपयोग किया जायेगा। दान किया गया बाल बेंगलोर आधारित संस्था कोप विद कैंसर चैरिटेबुल ट्रस्ट को प्रदान किया गया है। लक्ष्मी आर का मानना है कि शिक्षा कक्षाओं से बाहर भी फैली हुई है। अपने बाल दान करके अपने छात्रों एवं समुदाय को सहानुभूति, दया और सामाजिक दायित्व अपनाने के लिए प्रेरित किया है। लक्ष्मी आर का यह दान केपीएस के दया, सहानुभूति और समुदाय सेवा के मूल्यों को दर्शाता है।



केश दान से पहले लक्ष्मी और केश दान के बाद लक्ष्मी आर।

# लोयोला स्कूल में मना 74वां वार्षिक खेल दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को लोयोला स्कूल में 74वां वार्षिक खेल दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य और पद्म श्री पुरस्कार विजेता पूर्णिमा महतो को आमंत्रित किया गया था। मौके पर स्कूल के रेक्टर फादर के एम जोसेफ, प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडीस, वाइस प्रिंसिपल (जूनियर सेक्शन) विनीता एफ एक्का, अभिभावक और पूर्व छात्र उपस्थित थे। इस वर्ष के खेल दिवस का विषय - इन्फिनिटी एंड बियॉन्ड था, जो इसरो के वैज्ञानिकों को श्रद्धांजलि थी। इसका उद्देश्य छात्रों में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति जागरूकता और रुचि पैदा करना था। जूलो, लॉयोला का उच्च उत्साही मास्कोट, ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और मैदान में उत्साह, जोश और रोमांच भर दिया। खेल दिवस के ध्वज को फहराया गया, खेल की मशाल जलाई गई, गुब्बारे छोड़े गए और खेल की शपथ ली गई, जिसने खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की घोषणा की। दर्शकों ने छात्रों की भव्य मैदान प्रदर्शनी का आनंद लिया, जिसमें बड़े पैमाने पर भागीदारी थी, जो हर किसी के लिए एक अद्भुत और मंत्रमुग्ध करने वाला अनुभव था। नर्सरी और एलकेजी के छात्रों ने तारों और कोमेट के रूप में प्रदर्शन किया, यूकेजी और कक्षा 1 ने रॉकेट के रूप में प्रदर्शन किया, जो आसमान में उड़ रहे थे। कक्षा 2 और 3 के छात्रों ने मैदान में एलियन के रूप में प्रदर्शन किया और अपने मजेदार कदमों से दर्शकों को आकर्षित किया। कक्षा 4 और 5 के छात्रों ने चंद्रमा की सतह पर माइकल जैक्सन के सिग्नेचर मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश तिवारी ने ईवीएम सुरक्षा कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं संग बिताया दिन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं चुनाव समन्वय समिति के चेयरमैन राकेश तिवारी ने कोऑपरेटिव कॉलेज के प्रांगण मे इवीएम की सुरक्षा कर रहे हैं पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ समय बिताया। श्री तिवारी ने कहा की जमशेदपुर पूर्वी से डॉक्टर अजय कुमार एवं पश्चिम से श्री बन्ना गुप्ता की जीत 100 फीसदी निश्चित जनता ने पहले ही अपना मतदान इन दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में करके इनकी जीत सुनिश्चित कर दी है। केवल इनकी घोषणा औपचारिकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस गठबंधन की मजबूत सरकार बनाने का जनादेश जनता ने दोनों चरणों के चुनाव में दे दिया ह। भाजपा और उनके गठबंधन दालों के साथियों का सफाया इस राज्य से हो चुका है। केवल 23 नवंबर को इसकी औपचारिक घोषणा बाकी है।

# कदमा में 1000 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने सी ब्लॉक, प्रोफेशनल फ्लैट्स, कदमा में अत्याधुनिक 1000 केएलडी (किलोलीटर प्रति दिन) पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (पीएसटीपी) के उद्घाटन के साथ सतत शहरी बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस सुविधा का उद्घाटन आज टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने किया। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के प्रमुख प्रणय सिन्हा, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स के प्रमुख वरुण बजाज, जल एवं अपशिष्ट जल सेवाओं के महाप्रबंधक संजीव कुमार झा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भी मौजूद थे।



पीएसटीपी का उद्घाटन करते कंपनी के चेयरमैन चाणक्य चौधरी, एमडी रितुराज सिन्हा, यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय व अन्य पदाधिकारी।

# आठ को चेंबर भवन में पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन का चुनाव

- पंजीकृत ट्रस्ट के महासचिव गोल्डी अग्रवाल ने की चुनाव की अधिसूचना जारी
- वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव अग्रवाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सम्मेलन एक पंजीकृत ट्रस्ट है जिसकी पैन संख्या एएएफटीपी 7947 एन दिनांक 14.03.2024 है। संस्था का वर्तमान कार्यकाल पूरा हो चुका है। अतएव




अगले दो वर्षीय कार्यकाल 2024-26 के लिए निर्वाचन द्वारा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव अग्रवाल को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया और मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल को सह चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है।

## वेस्ट प्रिंटेड सर्किट बोर्ड से गोल्ड, अल्यूमीनियम और निकेल का होगा पुनर्चक्रण



**जमशेदपुर।** दिल्ली की कंपनी मेसर्स नोवासेंसा प्राइवेट लिमिटेड ने ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर से टेक्नोलोजी लेने हेतु करार किया था। इस करार (एमओयू) में वेस्ट प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबीएस) से कॉपर, अल्यूमिनियम और गोल्ड का पुनर्चक्रण करने के लिए तकनीकी का हस्तांतरण हुआ था। इस दिशा में आज गुरुवार, दिनांक 21 नवम्बर 2024 को करार (एमओयू) के अनुरूप राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में तकनीक को प्रयोगशाला स्तर पर करके दिखाया गया। तकनीकी पर्यावरण अनुकूल हैं एवं इसके सही निस्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा, बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचड़ा उठाव एवं निस्पादन इस प्लान्ट के द्वारा कर सकेंगे। मुनिसिपल इकाई भी इस कंपनी से संपर्क कर कचड़ा निस्पादन कर पाएंगे नोवासेंसा प्राइवेट लिमिटेड खराब हो चुके प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबीएस) का प्रोसेसिंग करके कीमती एवं बहुमूल्य धातुओं कॉपर, अल्यूमिनियम और गोल्ड इत्यादि का निष्कर्षण करेगा। जो पूर्ण रूप से ई-कचड़ा के लिए बहुमूल्य तोहफा हैं, कारण रिसाइक्लिंग जीरो वेस्ट कोंसेप्ट पर कार्य करेगा। ज्ञात हो कि एनएमएल पहले भी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ई-कचड़ा निष्पादन हेतु तकनीकी हस्तांतरण कर चुका है। सर्वप्रथम प्रिंटेड सर्किट बोर्ड को प्री-ट्रीटमेंट और फिजिकल बेनीफिसिएसन पद्धति के द्वारा इपोक्सी रेसिन (प्लास्टीक) एवं धातु मिश्रण को अलग कर लिया जाता है, फिर हैड्रोमेटलर्जी पद्धति का प्रयोग कर गोल्ड, कॉपर और अल्यूमिनियम को निकाल लिया जाता है।

# भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय को सम्मान और अधिकार दिलाया : रामू मुर्मू

अरका जैन यूनिवर्सिटी

- यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग में मना जनजातीय गौरव दिवस व झारखंड स्थापना दिवस
- जनजातीय फैशन शो एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। इसके साथ ही झारखंड स्थापना दिवस भी मना। मौके पर यूनिवर्सिटी में एक भव्य कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट ब्लॉक स्थित जेईएच ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर, भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायक जीवनी और जनजातीय समुदाय के योगदान को याद किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि यशपुर मुखिया रामू मुर्मू और कोवाली मुखिया सुचित्रा सरदार ने धरती आबा की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि और सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य।

**झारखंड की संस्कृति व विरासत का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : रामू मुर्मू-** मुख्य अतिथि रामू मुर्मू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने संघर्ष और बलिदान से जनजातीय समुदाय को सम्मान और अधिकार दिलाने का काम किया। उनसे मिली शिक्षा व उनके उपदेश हमेशा प्रेरणा देती रहेंगे। सुचित्रा सरदार ने कहा कि झारखंड की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन करना गर्व की बात है।

**धरती आबा का जीवन हमें न्याय, समानता और साहस का मार्ग दिखाता है : डॉ. रजी-** यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरपर्सन डॉ. एसएस रजी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और जनजातीय अधिकारों के प्रणेता थे। उनका जीवन हमें न्याय, समानता और साहस का मार्ग दिखाता है। यूनिवर्सिटी के परिसर निदेशक सह डीएसडब्ल्यू डॉ अंगद तिवारी ने कहा झारखंड की पहचान भगवान बिरसा मुंडा के उपदेशों व शिक्षा से है। इससे हम उनके बलिदानों को याद कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त किया



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के टंडवा जगदीशपुर गांव में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया है। साथ ही प्लास्टिक ड्राम में रखा करीब एक क्विंटल जावा महुआ को उसी स्थान पर विनिष्ट किया गया। छापामारी अभियान में एस आई नकुल शर्मा तथा पुलिस जवान शामिल थे।

### देवरी कला ओपी पुलिस ने अवैध देसी शराब बरामद किया



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के देवरी कला ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक स्विफ्ट डिजायर कार से 30 कार्टून देसी शराब बरामद किया है। ओपी प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि जेएच 01 बीई 3770 कार से दंगवार के रास्ते अवैध शराब बिहार भेजा जा रहा है। जिस पर त्वरित कार्रवाई कर छापेमारी दल के साथ ओपी से जपला की ओर गये, तो नदियाईन के पास गाड़ी सड़क किनारे खड़ी मिली। तलाशी लेने पर तीस कार्टून शराब बरामद मिली।

### सदर थाना क्षेत्र की दो दुकानों में लूटपाट



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा खुर्द में एक सीएससी सेंटर से लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर 80 हजार नकद, मोबाईल व लैप टॉप लूट लिये। इस लूटकांड में तीन अपराधी शामिल थे। सीएसपी संचालक राकेश मेहता ने बताया कि एक लुटेरा सड़क पर बाइक लेकर खड़ा था, जबकि दो सेंटर में घुसे। सभी चेहरा ढंके थे। वे लैपटॉप, मोबाइल व 80 हजार नकद लेकर पांकी की ओर भाग गये। वे सिंगरा की शराब दुकान में भी सेल्समैन मंजीत सिंह को घातक हथियार से मारकर नकद राशि लूट भाग गये। ने में सफल रहे। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में देखे गये हैं जिनकी शिनाख्त करते हुए जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

### सघन जांच में 21 वाहन किये गये जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान एवं शहर थाना गेट पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार और दोपहिया वाहनों की जांच की। इसमें कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं और लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे तो उनके वाहन को जब्त किया गया है। 17 बाइक को चालान हेतु जिला परिवहन कार्यालय में भेजा गया। गुरुवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 16 दो पहिया वाहन का चालान फाइन 17000 तथा 05 टेंपो सवारी गाड़ी एवं ई रिक्शा मिलाकर चालान फाइन राशि 10750 रुपये चालान फाइन आया है। जब्त किये गये वाहनों का कुल चालान फाइन राशि 27750 रुपये आया है।

### हाइब्रिड धानों का हुआ मुकाबला पायोनियर 27पी32 बना विजेता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के निमिया मे कोरटेवा पायोनियर धान बीज कंपनी ने फसल कटाई दिवस मनाया। जिसमें पायोनियर हाइब्रिड धान 27पी32 के 2/2 मिटर में कटाई कीगई तथा अन्य धान की भी 2/2में कटाई करके धान को तौल कर दिखायी गयी। जिसमें पायनियर 27पी32 का वजन 3 .500 किग्रा तथा अन्य हाइब्रिड धान का 3 .100 किग्रा वजन रहा। इस प्रकार पायोनियर अन्य धान से 400 ग्राम से विजयी बना। डालटनगंज के मैनेजर अमरेश कुमार ने किसानों को बताया कि पायोनियर 27पी32 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है। इससे किसानों को अत्यधिक लाभ होता है। मौके पर पाटन के क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद रजक, किसान रामस्वरूप साव, पंकज साव, ललिता देवी, रंजू देवी, खुशबू देवी, सरस्वती देवी समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### घटिया सामग्री से सड़क निर्माण कार्य आक्रोशित ग्रामीणों ने काम रोका



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ मुख्य पथ से गोदरमा गांव होते हुए उरसुला तक बन रही तीन किमी सड़क कालीकरण कार्य में घटिया सामग्री लगायी जा रही है। जिसे देख गुरुवार को ग्रामीण भड़क उठे। आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कार्य बंद करा दिया। उनका आरोप है कि प्राक्कलन की अनदेखी कर कार्य में घोर अनियमितता हो रही है। घटिया सामग्री प्रयोग जा रहा है। जिससे सड़क बनते ही कबड़ जा रही है। इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारी व उपयुक्त से करेंगे। हंगामा करनेवालों में उदेश्वर यादव, अमीन अंसारी, सलीम अंसारी, महमुद्द अंसारी, रहमान अंसारी, महबूब आलम, हजरत अंसारी व कई लोग शामिल हैं।

### जनता उवि के लेखपाल को सेवानिवृति के बाद सम्मानपूर्वक दी गयी विदाई



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित + 2 जनता उच्च विद्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत लेखपाल सीताराम मेहता को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत ने बतौर मुख्य अतिथि की। अध्यक्षता प्राचार्य भोला राय व संचालन बिनोद चौरसिया ने किया। श्री खंडौत ने कहा कि सरकारी नौकरी में योगदान और सेवानिवृति एक सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन शिक्षा से जुड़े लोग कभी सेवानिवृत नहीं होते। सेवानिवृत्त लेखपाल सीताराम मेहता ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अनुभवों को साझा किया। कहा कि बिश्रामपुर के लोगों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, उसे जिंदगी भर भुलाया नहीं जा सकता। प्राचार्य ने उनके कार्यकाल की सराहना की। मौके पर जेबी उवि के प्राचार्य डॉ अनिल सिंह, देवेश पाल, अनिल गुप्ता, मनोज कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, मुंसफ रजा, रिजवान अहमद, लाल सिंह, हिमांशु विश्वकर्मा, मो इरफान साजिद, मो अरसद हुसैन थे।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना के लिए जिला प्रशासन तैयार

- मतगणना शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का जाल बिछाया परिंदे पर नहीं मार सकते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव का मतदान समाप्त होने के साथ ही जहां एक ओर जिला प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतगणना कराने के लिए पूरी तैयारी के साथ लगी है। वहीं दूसरी ओर मतगणना की तिथि नजदीक आते ही प्रत्याशियों की धड़कनें भी तेज हो गयी है। पलामू जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र हुसैनाबाद, छतरपुर, विश्रामपुर, डालटनगंज व पांकी है। इन पांचों विधानसभा क्षेत्र में कुल 94 प्रत्याशी अपने अपने भाग्य को आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशियों के लिए 22 नवंबर की रात कयामत की रात होगी। फैसला किसके पक्ष में होगा तथा किसके सिर बंधेगा ताज यह तो मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा फिलहाल सभी प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में कैद हो चुका है।

इधर, मतगणना को ले प्रशासनिक स्तर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतगणना निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन पुरी व्यवस्था कर चुकी है। सभी मतगणना काउंटर पर मतगणनाकर्मी को प्रशिक्षण दिलाकर दक्ष किया गया है। मतगणनास्थल पूरी तरह से सीसीटीवी जोन होगा ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और ना ही दोबारा मतगणना की नौबत आये इसके लिए भी जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्कता बरत रही है।

वहीं मतगणना स्थल की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन पूरे परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दी है। सुरक्षा के ऐसे जाल बिछाये गये हैं कि परिंदे भी पर नहीं मार सकते हैं। मतगणना स्थल पर कई मेटल डिडेक्टर द्वार लगाये गये हैं। इसके अलावे भी विभिन्न स्थानों पर मेटल डिडेक्टर को लेकर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कई जांच प्रक्रिया के बाद ही लोग अंदर प्रवेश कर सकते हैं।

मतगणना को लेकर पांचों विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख राजनीतिक दल के प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो चुकी है। इन सभी के लिए आज की रात कयामत की होगी।

## मतगणना की तैयारी पूरी — आज कयामत की रात, किसके सिर बंधेगा ताज, प्रत्याशियों की धड़कनें तेज



### अपने आकलन के अनुसार खुद को विजेता मान बैठे हैं सभी प्रत्याशी

प्रत्याशी अपने स्तर से यह आकलन लगा बैठे हैं कि मेरा मुकाबला किस राजनीतिक पार्टी व प्रमुख प्रत्याशी या निर्दलीय से है। मतगणना स्थल के बाहर कार्यकर्ताओं को बैठकर राउंड प्रति राउंड रूझान को देखने के लिए एलईडी टीबी के साथ भव्य पंडाल का निर्माण करा रहे हैं। अपने आप को विजेता मान बैठे प्रत्याशी जीत का जश्न मनाने के लिए गाजे बाजे की भी व्यवस्था पूर्व से ही कर रखे हैं। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया, कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी व निर्दलीय दिलीप सिंह नामधारी समेत 24 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। इसमें मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय के बीच है। पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुशवाहा शशिभूषण मेहता, निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह व कांग्रेस के लाल सूरज समेत 16 प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला है।

### क्या है विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का हाल

विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, राजद के नरेश सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दूबे, समाजवादी पार्टी से अंजू सिंह, बसपा से राजेश मेहता, ब्रह्मदेव प्रसाद समेत 20 प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। विश्रामपुर विस में मुख्य प्रत्याशी जीत के दावा ठोक रहे हैं। छतरपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी, कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर, राजद प्रत्याशी बिजय राम व समाजवादी पार्टी से ममता भुइयां समेत 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हुसैनाबाद विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह, राजद प्रत्याशी संजय सिंह यादव, निर्दलीय बिनोद सिंह, बसपा से कुशवाहा शिवपूजन मेहता व निर्दलीय कर्नल संजय सिंह समेत 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

**मतगणना : उपायुक्त ने सभी आरओ समेत विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की**

# उच्च गुणवत्ता वाली माइकिंग सिस्टम रखने पर दिया बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी आरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार-विमर्श किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी



बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी।

सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र, पेयजल की व्यवस्था,साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया। उन्होंने स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल तक ईवीएम के परिवहन को लेकर मैनपावर को चिन्हित करने की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी के टी-शर्ट पर नंबरिंग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि काउंटिंग हॉल में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा-मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**खास बातें :** उन्होंने कर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद रिजल्ट की घोषणा की जानी है अतः माईकिंग का उच्चतम गुणवत्ता का रखने पर बल दिया। काउंटिंग में किसी प्रकार की छोटी गलती भी न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। सभी कर्मी प्रातः 7 बजे काउंटिंग स्थल पहुंचे यह भी सुनिश्चित होना चाहिये। इसके अलावे उन्होंने पोस्टल बैलेट व ईटीबीपीएस की काउंटिंग हेतु भी सारी व्यवस्थाएं को तयसमय पर दुरुस्त कर लेने की बात कही। मौके पर पांचों आरओ, सभी एआरओ समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द से आग्नेयास्त्र के साथ एक गिरफ्तार

- एक सिक्सर तीन देसी कट्टा तीन गोली बरामद
- गढ़वा में घटना को अंजाम देने के बाद छिपाया गया था हथियार : थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरा खुर्द निवासी स्व निहोरा शुक्ला के घर में पुलिस छापेमारी कर एक सिक्सर तीन देसी कट्टा व तीन गोली बरामद की है। इस मामले में लव शुक्ला को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि गढ़वा जिला के नगर उंटारी थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर उंटारी थाना क्षेत्र के आर्म्स एक्ट अभियुक्त दिव्यांश शुक्ला उर्फ सूरज शुक्ला पिता सिपाही लाल शुक्ला ग्राम बनकसिया, शिवरतन सिंह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला निवासी है। साथ ही पंकज पासवान पिता उमेश पासवान ग्राम कधवा थाना धुरकी द्वारा एक घटना को अंजाम दिया गया था जो सभी गिरफ्तार हैं। श्री राय ने बताया कि गढ़वा जिला में घटना को अंजाम देने के बाद अभियुक्तों द्वारा आग्नेयास्त्र को सिंगरा खुर्द निवासी लव शुक्ला के घर छिपाया गया है। इस बावत पुलिस अधीक्षक को सूचना देते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। तत्पश्चात लव शुक्ला के घर छापेमारी कर घटना में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र बरामद किया गया। छापेमारी दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, पुअनि रंजीत कुमार, सअनि नबी अंसारी, आरक्षी रामलाल शर्मा व अन्य पुलिसकर्मी थे।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्यों में गांठ जोड़कर अनुष्ठान करने का है विधान : डॉ कौशल व पार्षद अमित

- पर्यावरणविद धर्म गुरु डॉ कौशल व पार्षद अमित ने पौधरोपण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के इटकदाग पंचायत के सुगरी गांव में मुखदेव यादव के श्राद्ध पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला गायन मुकाबला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल



पौधा लगाते व शपथ दिलातेपर्यावरणविद सह ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और पार्षद अमित जायसवाल।

उनके पुत्र रामजतन यादव एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। वनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि लोग अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों को अपना कर किसी कार्यक्रम का शुरुआत केक और फीता काटकर करना छोड़ दे। अगर उसके स्थान पर सभी लोग एक-एक पौधा लगाएं तो एक साल में करोड़ों पेड़ों का इजाफा हो जायेगा। जिससे करीब दो वर्षों के भीतर भीषण गर्मी व जल संकट के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शत्रु प्रदूषण से आजादी मिल सकती है।

**खास बातें :** कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि देश को भीषण गर्मी, प्रदूषण और भीषण जल संकट से मुक्ति पाना है तो लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना ही होगा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। बिहार से आये व्यास गुडु हलचल और झारखंड के व्यास अखिलेश यादव ने अपने गायिकी से लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में पंचायत हुटुकदाग के मुखिया राजेंद्र सिंह, चिरु पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव, डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, स्व मुखदेव यादव के पुत्र रामजतन यादव, कामेश्वर यादव, राम रतन यादव, जगदीश यादव, रिश्तेदार, प्रभु यादव, भोला यादव, कर्म देव यादव, पोता विजय यादव, पप्पू यादव, उदय यादव, अंजन यादव, सोनू यादव, सनोज यादव, रविंदर यादव, विजेंद्र यादव शामिल थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच बंटे गर्म वस्त्र



**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के कुम्हार टोला आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म वस्त्र बाल विकास परियोजना कार्यालय हुसैनाबाद के ने उपलब्ध कराया। बच्चों के बीच वार्ड पार्षद सुहैल आलम व आंगनबाड़ी सेविका दमयंती देवी ने संयुक्त रूप से किया। वितरण के मौके पर सुहैल आलम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले अधिकतर बच्चे गरीब परिवार से आते हैं। सरकार ने इन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध करा कर सराहनीय कार्य किया है। गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे सुबह सुबह ठंड के मौसम में भी आंगनबाड़ी केंद्र आसानी से आ सकेंगे। मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका गुड़िया देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### कोहरे से अनियंत्रित ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**चैनपुर पलामू।** कोयला लदा ट्रक (जेएच 03एएन 7271) गढ़वा से डाल्टनगंज आने के क्रम में मंगरदाहा की पहली घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। ट्रक में लदा सामान बर्बाद हो गया। चैनपुर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए स्थल पर पहुंचकर देखरेख में ट्रक पर लदा कोयला और ट्रक की सुरक्षा दे रही है।

# हुसैनाबाद : कृषि तकनीकी सूचना केंद्र से चना बीज की चोरी, केस दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कृषि तकनीकी सूचना केंद्र कार्यालय हुसैनाबाद में किसानों के बीच बांटने के लिए रखे गये चना बीज की चोरी हो गयी। इस संबंध में केंद्र के सहायक तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**क्या कहते हैं सहायक तकनीकी प्रबंधक :** सहायक तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वह 20 नवंबर की शाम करीब 5 बजे अपने कर्मियों के साथ कार्यालय बंद कर अपने घर चले गये थे। 21 नवंबर की सुबह जब कर्मियों के साथ कार्यालय आकर ताला खोलने पर देखा कि खिड़की टूटी हुई है। साथ ही कार्यालय का एक दरवाजा भी टूटा है। कार्यालय में रखे गये चना बीज का अवलोकन करने पर पता चला कि कार्यकालय में रखे गये चना बीज गायब है। कुल 11 क्विंटल 40 किलो चना बीज नहीं मिला। जिसकी कीमत एक लाख आठ हजार आठ सौ सत्तर रुपये होती है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों का पता लगाने का आग्रह किया है।



इसी कृषि तकनीकी सूचना केंद्र कार्यालय से की गयी है चना बीज की चोरी।

**खरौंधा डीलर ने लाभुकों के बीच नहीं किया खाद्यान्न वितरण**

# लाभुक बोले- अंगूठा लगवाकर नहीं दिया राशन



राशन कार्ड दिखाकर अपना विरोध दर्ज कराते खरौंधा के लाभुक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के खरौंधा पीडीएस डीलर हरदेव मांझी के द्वारा माह अक्टूबर एवं नवंबर का राशन लाभुकों के बीच वितरण नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुकों ने एक स्वर से कहा कि डीलर अंगूठा लगवा लिया इसके बाद राशन नहीं दिया है। इससे हमलोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति है। सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी ने बताया कि डीलर हरदेव मांझी के द्वारा लाभुकों से दो माह का अंगुठा लगवा लिया है जबकि डीलर के द्वारा लाभुकों को राशन नहीं दिया गया है। मुखिया मंजु देवी ने सैकड़ों लाभुकों को लेकर डीलर के दुकान राशन दिलाने के लिए पहुंचे हुये थे लेकिन डीलर दुकान बंद कर फरार हो गया। मुखिया मंजु देवी ने डीलर के दुकान पर लाभुकों के साथ चार घंटे तक बैठी रही लेकिन डीलर दुकान पर नहीं आया। सैकड़ों लाभुक एवं मुखिया लौट गये। वहीं मुखिया मंजु देवी ने कहा है कि डीलर हरदेव मांझी पर कार्रवाई के लिए लिखा जायेगा। कहा कि कोई भी कीमत पर राशन का घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# बेरमो विधानसभा में 'कैंची' की धार तय करेगी प्रत्याशियों की किस्मत

कांग्रेस से कुमार जयमंगल सिंह, भाजपा से रविंद्र कुमार पांडेय है, जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो की इंट्री ने लड़ाई को त्रिकोणीय बनाया

### प्रत्याशियों के समर्थक जोड़ घटाव में जुटे



रविंद्र कुमार पांडेय | कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह | जयराम महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा चुनाव संपन्न होने के साथ साथ सभी प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। मतगणना 23 नवंबर शनिवार को होगा। क्षेत्र में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कांग्रेस से कुमार जयमंगल सिंह, भाजपा से रविंद्र कुमार पांडेय है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सुप्रीमो जयराम महतो की इंट्री ने लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया। बेरमो मे कुल 14 प्रत्याशी की किस्मत इवीएम मे बंद हो गई। वोटिंग खत्म होने के बाद भी कोई नही कह रहा है कि किसका पलड़ा भारी है। झारखंड की सभी सीटो मे से इस सीट पर सबसे कडी टक्कर है। कमल और हाथ ने कैंची के खेल का सामना किया। मतदाताओं की प्रतिक्रिया से पता चला है कि कैची की धार ही प्रत्याशियो की किस्मत तय करेगी। बेरमो विधानसभा क्षेत्र में मुख्य लड़ाई कमल व हाथ के बीच था, लेकिन कैंची ने तेजी से दोनों के वोट बैंक में सेंधमारी की है। लेकिन प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने पार्टी के हार- जीत का अपने हिसाब से गणित लगाने में जुट गए हैं। समर्थकों के मुताबिक बेरमो में कुमार जयमंगल सिंह, रवींद्र कुमार पांडेय और जयराम महतो के बीच कांटे की टक्कर है। बेरमो से किसके माथे पर जीत का सेहरा बंधेगा, यह तो मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

# दुमका : डायरिया के रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सरसडंगाल सहित कई गांव में डायरिया महामारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर खोलकर ग्रामीणों के द्वारा निर्मित क्लब में डायरिया संक्रमित लोगों का इलाज किया जा रहा है। गुरुवार को दुमका आरडीडी डॉक्टर अजय कुमार डायरिया कंट्रोल के लिए खोले गए शिविर का निरीक्षण कर वहां मौजूद लोगों से एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से बीमारी के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी ली। केवल एक समुदाय विशेष में ही डायरिया का संक्रमण होना चिंता का विषय बना हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा के अनुसार गुरुवार को भी चार नए मरीज का भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। प्रतिदिन मरीजों की बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन डॉक्टर मिश्रा का कहना है की स्थिति नियंत्रण में है। आरडीडी के निरीक्षण के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा के साथ डॉ मिथिलेश कुमार एवं शिविर प्रभारी डॉक्टर शिखा कुमारी मौजूद थी।

## एक नजर में

### साहिबगंज : मतगणना से संबंधित डॉउट क्लियरिंग सेशन लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक



**साहिबगंज।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहसचिव के रवि कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित डॉउट क्लियरिंग सेशन को लेकर बैठक की। सूचना एवं विज्ञान कार्यालय मे विधानसभा आम चुनाव 2024 मतगणना से संबंधित डॉउट क्लियरिंग सेशनसे संबंध समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी 23 नवंबर को संपन्न होने वाली मतगणना कार्य संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, 03-बरहेट निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02-बोरियो निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, 01-राजमहल निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू कुमार मिश्रा, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत मास्टर ट्रेनर उपस्थित थें।

### डीएवी कथारा के छात्रों का विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बेरमो।** बोकारो जिला के डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के तीन छात्रों का चयन विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि बीते अक्टूबर माह में इस संदर्भ में विद्यालय स्तर पर एक परीक्षा आयोजित की गई थी। वर्ग छठी की सौम्या चौधरी, वर्ग आठवीं की अलिशबा नय्यर एवं नवी कक्षा के पीयूष कुमार ने सभी बाधाओं को पार करते हुए राज्य स्तर पर चयन की प्रक्रिया पूरी की है। राज्य स्तरीय परीक्षा दिसंबर माह में होना सुनिश्चित है। उपरोक्त तीनों छात्रों को 18 नवंबर को विद्यालय की प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में झारखंड जोन-जी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय के प्राचार्य विपिन राय द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन पूरे भारत का सबसे बड़ा मंच है, जो विद्यार्थियों के वैज्ञानिक बनने की राह को प्रकाशित करता है। उन्होंने उपरोक्त बच्चों को शुभकामना दी एवं भरोसा जताया कि यह बच्चे राज्य स्तरीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा: पुल के नीचे मिला नवजात शिशु का शव

**गोड्डा।** गोड्डा नगर थाना अंतर्गत काझिया नदी के ऊपर कन्हवारा जाने वाली पुल के नीचे एक मिला नवजात बच्चे का शव मिला इसकी सुचना तत्काल नगर थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश महली को दी गई। ग्रामीणों की लगी भीड़ जमा होते देख मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे की लाश को अपने कब्जे में लिया और मामले की छानबीन की जा रही है।

### चेक बाउंस के मामले मे छह माह की सजा और दो लाख जुमार्ना

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के दोषी गांधी नगर निवासी राकेश कुमार भाटिया को छह महीने की सजा और दो लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। बताते चलें कि वाद के परिवादी संजय कुमार ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम के न्यायालय में 2020 में एक परिवाद पत्र दाखिल कर बताया था कि उसकी और अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया की पहले से दोस्ती थी और दोस्ताना कर्ज में तीन लाख छब्बीस हजार रुपए 16/8/2016 को दिए थे। जिसे अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया ने 14/5/2019 को 1,75,000 और 14/6/2019 को 26,200 रूपए वापस किया। शेष 1,25,000 रुपए के बदले अभियुक्त ने परिवादी संजय कुमार को दो चेक दिया। जिस चेक को परिवादी ने जब बैंक में डाला वह चेक बाउंस हो गया। जिसकी जानकारी अभियुक्त को दिया गया मगर उसने पैसा ना लौटाया तो परिवादी संजय कुमार ने अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष की अधिवक्ताओं के बहस बाद सुनने के बाद प्रजापति ने अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया को दोषी पाने के बाद छह माह की सजा और दो लाख जुमार्ना की सजा सुनाई। सजा सुनाई जाने के बाद अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। इसके बाद दोषी अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया को जमानत पर छोड़ा गया। परिवादी संजय कुमार की ओर से अधिवक्ता रमेंद्र कुमार सिन्हा और रतन कुमार सिन्हा ने बहस की।

### रंजीत हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** रंजीत सिंह हत्याकांड मे गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। अपर लोक अभियोजक ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 21 अगस्त को अपराधियो ने झारखंण्ड विकास युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं बीकेबी के प्रबंधक रंजीत सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी थी। केंदुआडीह पुलिस ने फहीम के भांजे गोपी रितिक खान, साजीद, पंकज कुमार यादव, वरुण कुमार विश्वकर्मा ऊर्फ बंटी ऊर्फ बिट्टू, मो औरंगजेब, शमशाद अख्तर उर्फ विक्की के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

### सात अक्टूबर से अस्पताल के कैदी वार्ड में था इलाजरत, घरवालों ने जेल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप

# दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे गोड्डा के कैदी की वार्ड के शौचालय में गिरने से मौत

गोड्डा के शामपुर निवासी निमाई महतो को वर्ष आठ में हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था



शव का पोस्टमार्टम कराते परिजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** शौचालय में गिर जाने से गोडडा के 53 वर्षीय कैदी निमाय चंद्र महतो की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। घटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कैदी वार्ड में घटी।

जानकारी के अनुसार बीते सात अक्टूबर से कैदी वार्ड में निमाय चंद्र का इलाज चल रहा था। चेहरे पर चोट आने की वजह से घरवालों ने जेल प्रशासन पर हत्या करने का आरोप लगाकर पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। सच्चाई पता चलने के बाद घरवाले पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

गोडडा के शामपुर निवासी निमाई महतो को वर्ष आठ में हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था। वर्ष 2022 में उसे केंद्रीय जेल में शिफ्ट कर दिया गया। दो माह से वह ब्लड प्रेशर के साथ कई और बीमारी की चपेट में आ गया। जेल के हालत ज्यादा खराब होने पर सात अक्टूबर को उसे अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया।

बताया जाता है कि सुबह शौचालय जाने के क्रम में अंदर गिर गया और चेहरे पर चोट लग जाने से उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन ने इसकी सूचना परिजन एवं उपायुक्त को दी। उपायुक्त के आदेश पर कार्यपालक दंडाधिकारी गौतम मोदी के निगरानी में शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक कैदी के भांजा अनिल महतो व भतीजे आशुतोष महतो ने बताया कि सात अक्टूबर को जेल की ओर से फोन कर बताया कि निमाई की तबीयत खराब है। पांच दिन पहले कैदी ने फोन कर बताया कि डेंगू हो गया है। कंबल लाकर दो। कंबल देने के बाद बात की। उस समय चेहरे पर कोई चोट नहीं थी। मौत के बाद शव आकर देखा तो चेहरे पर घाव था। जरूर उसके साथ मारपीट की गई है। भांजा ने जब वार्ड के सुरक्षा कर्मियों से बात की तो पता चला कि सुबह शौचालय जाने के क्रम में गिर गया था।

पहले से बीमार था, इसलिए चोट लगने के बाद मौत हो गई। इसके बाद घरवालों का गुस्सा शांत हुआ और पोस्टमार्टम कराकर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये।

### क्या कहते है कारा अधीक्षक

कैदी वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। वार्ड की सुरक्षा का दायित्व जिला बल के जवानों पर है। जेल का इसमें कोई भूमिका नहीं है। घरवालों को कई बार पत्र भेजकर देखभाल के लिए बुलाया गया, लेकिन कोई नहीं आया। जवान शौचालय तक ही पहुंचा सकते हैं। मौत हुई है, लेकिन कैसे हुई इसकी सूचना नहीं है।

**कुमार चंद्रशेखर, अधीक्षक केंद्रीय जेल, दुमका**

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को



बैठक करते प्रधान जज।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 14 दिसम्बर को सुबह साढ़े 10 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत का आयोजन नालसा,नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित होगी। इस बावत गुरूवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी ने व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी संग बैठक किया। बैठक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर उचित दिशा निर्देश दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 14 अक्टूबर से ही प्रारंभ है। जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। प्रधान जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाने का अपील किया है।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएवी ढोरी में काउंसलिंग सेशन









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला के फुसरो-डुमरी पथ पर मकोली मोड़ के समीप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ढोरी में आसन्न बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर 19 नवंबर को काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सत्येंद्र कुमार द्वारा दयानंद सभागार में कक्षा 12वीं के छात्रों का काउंसलिंग सेशन लिया गया।

जानकारी के अनुसार इस सत्र की प्रमुख विशेषता यह रही कि परीक्षा की तैयारी में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए प्रत्येक अध्याय को पढ़ने के क्रम में पेंसिल अवश्य रखें और महत्वपूर्ण तथ्यों को रेखांकित किया जाए। कॉपी में अनुक्रमणिका (इंडेक्स) में एक ही अध्याय के सब्जेक्टिव अलग और ऑब्जेक्टिव अलग रखा जाए। जो भी विषय पढ़ें उसका प्रतिपाद्य अपनी कॉपी में जरूर लिखें। सेम्पल पेपर का अभ्यास करने हेतु समय सीमा का जरूर ख्याल रखें। यहां बच्चों ने भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, गणित के साथ वनिज्य संकाय से अलग-अलग प्रश्न पूछा तथा विषय विशेषज्ञों ने उसका समाधान किया।

वातावरण निर्माण, योजना बद्ध तरीके से अध्ययन, स्वाध्याय समय बद्ध तैयारी लक्ष्य तक पहुंचने में मददगार होगी।

इस अवसर पर प्राचार्य सत्येंद्र कुमार ने शुभकामना व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल के अंतिम दौर में पूरे जोश खरोस के साथ अभी से तैयारी में जुट जाने की छात्रों को नसीहत दी। साथ हीं भविष्य में बेहतर करने के लिए एकाग्र भाव से कठिन परिश्रम करने का मुल मंत्र बताया। इस अवसर पर मुकेश कुमार, एल के पॉल, एस के शर्मा, सुनील कुमार, पी के सहाय, बृजेश कुमार, एस सी शुक्ला, ए पवार, अनिल कुमार, आदि शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

### सहियाओं को लक्ष्य पूरा करने का दिया गया निर्देश



**नाला।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गुरुवार को सहिया साथी की मासिक बैठक हुई। डॉ रामकृष्ण बाबू तथा स्वास्थ्य प्रशिक्षक निरंजन दास ने सभी सहियाओं के साथ परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव, बहू पति सम्मेलन, लेप्रोसी प्रोग्राम, एमडी, आईडीए एवं एनीमिया मुक्त भारत की रिपोर्ट पर समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी के निर्देश पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दिए गए कार्य योजना तथा लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि सास बहू पति सम्मेलन प्रत्येक गांव में सुनिश्चित करना है। इसके अलावा एमआर टीकाकरण, एचबीएनसी, एचबीवाईसी, एएमबी,एफपी, पीएनसी आदि कार्यो कि जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में बीटीटी अंजु माजी, बीटीटी प्रदीप कर, बीटीटी बलदेव मरांडी, सहिया साथी रीता दत्त, सरस्वती गोराई, बबीता भूंई, सोनाली माजी, मान कुमारी घोष, राशमनी महतो, सविता दास, शर्मिला बेसरा, सबीना खातून, चित्रा मंडल, दासीमुनी हांसदा, हाय रानी पाल, बना लता घोष, रीता गोरांई, पदमा देवी, रूपाली सिंह व अन्य कर्मी मौजूद थे।

# बेरमो विस के 109133 लाख मतदाता वोटिग से रहे वंचित

बेरमो प्रखंड के 1.38158 में 82 हजार मतदाताओं ने दिया मतदान जबकि 56 हजार 158 मतदाता रहे वंचित





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**फुसरो।** बेरमो विधानसभा का चुनाव बुधवार को बेरमो प्रखंड व नगर परिषद फुसरो में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। एक दो बूथों पर मामूली विवाद हुआ। जहां बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत सिंह व पुलिस ससमय पहुंचकर मामले को नियंत्रण कर लिया। बेरमो प्रखंड के 142 बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जो देर शाम 5 बजे तक निरंतर चलता रहा। ठंड के बीच वोटिंग को लेकर- मतदाताओं का उत्साह चरम पर था। फस्ट टाईम वोटरो ने भी अपना मतदान डालकर खुशी का इजहार किया। फुसरो शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान देने के लिए सुबह से 11 बजे तक मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। उसके बाद मतदाताओं की संख्या कम होती चली गई, छुटपुट मतदाता आकर मतदान करते रहे। जो देर शाम तक जारी रहा। बेरमो से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह अपनी पत्नी, मां रानी देवी व बहन के साथ मध्य विद्यालय ढोरी के बूथ संख्या 111 में मतदान किया। एनडीए से बीजेपी प्रत्याशी रवींद्र कुमार पांडेय, पत्नी लक्ष्मी पांडेय, मां रामदुलारी पांडेय, पुत्र विक्रम पांडेय के साथ फुसरो स्थित मध्य विद्यालय के बूथ संख्या 134 में मतदान किया। चुनाव को लेकर बेरमो विधानसभा क्षेत्र के फुसरो शहर के बूथों पर सुबह 7 से पूर्व ही मतदाता कतारबद्ध होकर मतदान के लिए खड़े रहे।बेरमो प्रखंड में सुबह सात से नौ बजे तक 13.06 प्रतिशत, नौ बजे से 11 बजे तक 30.41 प्रतिशत, 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 46.5 प्रतिशत, एक बजे से तीन बजे तक 54.02, पांच बजे तक 59.35 प्रतिशत मतदान हुआ। बेरमो प्रखंड के बूथों पर पहली बार मतदान कर रहे युवा वोटरों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही अभिभावकों के साथ युवा मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाना किया। सुरक्षा में तैनात रहे जवान : - चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर बेरमो प्रखंड के सभी बूथों पर सुरक्षा बल तैनात थे। सुरक्षा में तैनात जवानो ने बूथ परिसर में अनावश्यक जुटे लोगों को बाहर कर दिया। केंद्र के बाहर खड़े सुरक्षा कर्मी एक साथ चार-चार मतदाताओं को बूथ के अंदर इंट्री करवा रहे थे। बेरमो विधानसभा के 355 बूथों पर पांच बजे तक 66.80 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि बेरमो प्रखंड में 59.35 प्रतिशत मतदाना हुआ। बेरमो विधानसभा के 3 लाख 28 हजार 688 मतदाताओं में 2 लाख 19 हजार 555 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 109133 लाख मतदाता अपने मतादान देने से वंचित रहे। वहीं बेरमो प्रखंड के 1 लाख 38 हजार 158 मतदाताओं में 82 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 56 हजार 158 मतदाता मतदान देने से वंचित रहे। छात्र वोलेंटियर ने निभाया भूमिका : चुनाव के दौरान मतदान कर्मी व मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चार स्कूली छात्र को वोलेंटियर के रूप में नियुक्त किया गया था। जो मतदान कर्मी व मतदाताओं के सहायता में जुटे थे। मतदान की संख्या कम होने पर नगर परिषद फुसरो की प्रचार वाहन के माध्यम से वार्ड में अनाउंसमेंट करा मतदाताओं को मतदान करने का अपील किया गया। बेरमो विधानसभा के कुल 355 बूथों में कुल 66.80 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बेरमो विधानसभा क्षेत्र के बेरमो प्रखंड के 142 बूथों में 59.35 प्रतिशत, चंद्रपुरा प्रखंड के 67 बूथों में 65.63 प्रतिशत, पेटरवार प्रखंड के 54 बूथों में 78.37 प्रतिशत और जरीडीह प्रखंड के 92 बूथों में 73.30 प्रतिशत मतदान हुआ।


## नोटिस

न्यायालय,
श्रीमान मुंसिफ
लातेहार
Title suit No.-85/2022
राजेन्द्र कुमार वगैरह...वादिगण
बनाम
उपायुक्त लातेहार वैगरह... प्रतिवादीगण
नोटिस
बनाम
बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू, पोस्ट+थाना डाल्टनगंज, जिला पलामू, झारखंड।

चूँ वजरिये नोटिस के आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया गया है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप दिनांक 10/03/2025 को समय 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से रखें, अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई आरंभ की जाएगी।

**मुंसिफ**
**व्यवहार न्यायालय लातेहार**
**16/11/2024**

## शपथ-पत्र

Series NO.10478 21/11/ 2024

मै बबीता कुमारी उर्फ बबीता देवी द्वारा कुमार संजय कुमार गुप्ता उम्र 34 वर्ष, साकिम-प्रेमनगर, थाना-इटखोरी जिला-चतरा, शपधपूर्वक ब्यान करती हूं।

1)यह कि मैं बबीता कुमारी एंव बबीता देवी दोनों ही नाम से पुकारी एंव जानी जाती हूं।

2) यह कि बबीता कुमारी एंव बबीता देवी एक ही महिला का नाम है इस नाम की कोई दूसरी महिला नहीं हैं।

3)यह कि मै यह शपथ पत्र इसलिए बनावा रही हूं कि बैंक खाता में मेरा नाम बबीता देवी छप गया हैं। लेकिन मेरा अन्य कागजात एंव प्रमाण पत्र में बबीता कुमारी दर्ज हैं। अतएंव बैंक खाता में भी मेरा नाम बबीता देवी के जगह पर बबीता कुमारी करने की कृपा करें।

मैं बबीता कुमारी उर्फ बबीता देवी इस बात का तसदीक करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में लिखी हुई बातें सत्य है जिसे मैं पठकर वो पाठवाकर अपना हस्ताक्षर बनाई हूं। आज तारीख 21 माह नवम्बर सन् 2024 ई.।

**बबीता कुमारी**

खबर मन्त्र

रांची. शुक्रवार . 22 नवंबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## 5.8 करोड़ राशन कार्ड फर्जी

पीडीएस के डिजिटलीकरण से 5.8 करोड़ फर्जी राशन कार्ड हटाये गये हैं। सरकार की ई-केवाईसी पहल के जरिये पहले ही कुल पीडीएस लाभार्थियों में से 64 प्रतिशत का सत्यापन हो चुका है। शेष लाभार्थियों के लिए देशभर में राशन दुकानों पर प्रक्रिया जारी है। 80.6 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान करने वाली पीडीएस प्रणाली में सुधार के तहत आधार के जरिये सत्यापन और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने ग्राहक को जानें (ई-केवाईसी) की व्यवस्था से 5.8 करोड़ नकली राशन कार्ड हटाए जा सके हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप गड़बड़ी में काफी कमी आई है और लक्षित लोगों तक पहुंच में वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार, लगभग सभी 20.4 करोड़ राशन कार्ड को डिजिटल कर दिया गया है। इनमें से 99.8 प्रतिशत आधार से जुड़े हैं और 98.7 प्रतिशत लाभार्थियों की पहचान का सत्यापन बायोमेट्रिक माध्यम से किया गया है। बयान के अनुसार, देशभर में उचित मूल्य की दुकानों पर 5.33 लाख ई-पीओएस (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल) उपकरण लगाये गये हैं। इसके जरिये खाद्यान्न वितरण के दौरान आधार के जरिये सत्यापन करने के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राशन का वितरण सही व्यक्ति तक हो। आज कुल खाद्यान्न में से लगभग 98 प्रतिशत खाद्यान्न के वितरण में आधार के जरिये सत्यापन का उपयोग किया जा रहा है। कालाबजारी कम हुई और गलत लोग हटाये गये। सरकार की ई-केवाईसी पहल के जरिये पहले ही कुल पीडीएस लाभार्थियों में से 64 प्रतिशत का सत्यापन हो चुका है। शेष लाभार्थियों के लिए देशभर में राशन दुकानों पर प्रक्रिया जारी है।एक देश एक राशन कार्ड योजना से देशभर में राशन कार्ड की पोर्टेबिलिटी संभव हुई है। इससे लाभार्थियों को अपने मौजूदा कार्ड का उपयोग करके देश में कहीं भी राशन लेने की सुविधा मिली है।

### कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# क्या झारखंड में 81 सीटों पर यह अंतिम चुनाव है?



देश में 2026 में परिसीमन की चर्चा है। इस कारण पूरे देश के विधान सभाओं और लोक सभा की सीटों को जनसंख्या के अनुसार बढ़ाये जाने की बात हो रही है। अगर ऐसा होता है तो झारखंड सहित देश के सभी राज्यों के विधानसभाओं और लोक सभा की सीटें बढ़ जाएगी।

**परिसीमन क्या है? इससे क्या सीट बढ़ाना अनिवार्य हो गया है?**

लोकसभा और राज्य विधानसभा सीटों की सीमाओं को पुनर्निर्धारित करने के कार्य को परिसीमन कहते हैं जिसका उद्देश्य परिवर्तित जनसंख्या का समान प्रतिनिधित्व तय करना होता है।इस प्रक्रिया के कारण लोकसभा में अलग-अलग राज्यों को आवंटित सीटों की संख्या और किसी विधानसभा की कुल सीटों की संख्या में परिवर्तन भी आ सकता है।परिसीमन का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या के समान खंडों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।इसका लक्ष्य भौगोलिक क्षेत्रों का उचित विभाजन करना भी है ताकि चुनाव में एक राजनीतिक दल को दूसरों पर अनुपयुक्त लाभ की स्थिति प्राप्त न हो।

परिसीमन का कार्य एक स्वतंत्र परिसीमन आयोग द्वारा किया जाता है। संविधान इसके आदेश को अंतिम घोषित करता है और इसे किसी भी न्यायालय के समक्ष प्रश्नगत नहीं किया जा सकता क्योंकि यह अनिश्चितकाल के लिये चुनाव को बाधित करेगा।

अनुच्छेद 82 के तहत संसद प्रत्येक जनगणना के बाद एक परिसीमन अधिनियम लागू करती है। अधिनियम लागू होने के बाद, परिसीमन आयोग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा यह आयोग निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर कार्य करता है।


सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश,मुख्य निर्वाचन आयुक्त

सभी निर्वाचन क्षेत्रों की जनसंख्या को समान करने के लिये निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या और सीमा को निर्धारित करना। ऐसे क्षेत्र जहाँ सापेक्षिक रूप से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या अधिक है, को उनके लिये आरक्षित करना।यदि आयोग के सदस्यों के विचारों में मतभेद है तो निर्णय बहुमत के आधार पर लिया जाएगा।

भारत का परसीमन आयोग एक शक्तिशाली निकाय है जिसके निर्णय कानूनी रूप से लागू किये जाते हैं तथा ये निर्णय किसी भी न्यायालय में वाद योग्य नहीं होते।

ये सभी निर्धारण नवीनतम जनगणना के आँकड़े के आधार पर किये जाते हैं।

परिसीमन आयोग के मसौदा प्रस्तावों को सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिये भारत के राजपत्र, संबंधित राज्यों के आधिकारिक राजपत्रों और कम से कम दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है।आयोग द्वारा सार्वजनिक बैठकों का आयोजन भी किया जाता है।जनता की बात सुनने के बाद यह बैठकों के दौरान लिखित या मौखिक रूप से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विचार करता है और यदि आवश्यक समझता है तो मसौदा प्रस्ताव में इस बाबत परिवर्तन करता है।



**- एनके मुरलीधर**

> जहाँ तक लोकसभा सीटों के परिसीमन का प्रश्न है, लोकसभा की सीटें बढ़कर 750 हो जाने की संभावना है। वर्ष 1991 में राज्य में जनगणना कार्य नहीं हुआ और वर्ष 2001 की जनगणना के बाद राज्य सरकार द्वारा कोई परिसीमन योग गठित नहीं किया गया था। देश की जनगणना और महिलाओं के लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की दिशा में भी यह परिसीमन आवश्यक होता जा रहा है।

अंतिम आदेश भारत के राजपत्र और राज्य के राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है तथा राष्ट्रपति द्वारा निर्दिष्ट तिथि से लागू होता है।

**अतीत में कितनी बार परिसीमन किया गया है?**

वर्ष 1950-51 में राष्ट्रपति द्वारा (चुनाव आयोग की सहायता से) पहला परिसीमन कार्य किया गया था।उस समय संविधान में इस बात का प्रावधान नहीं था कि लोकसभा सीटों में राज्यों के विभाजन का कार्य कौन करेगा।यह परिसीमन अल्पावधिक और अस्थायी रहा क्योंकि संविधान में प्रत्येक जनगणना के बाद सीमाओं के पुनर्निर्धारण का प्रावधान किया गया था। अतः वर्ष 1951 की जनगणना के बाद एक और परिसीमन की स्थिति बनी।

**परिसीमन आयोग को अधिक स्वतंत्रता क्यों?**

भारतीय निर्वाचन आयोग ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि पहले परिसीमन ने कई राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को असंतुष्ट किया है, साथ ही सरकार को सलाह दी गई कि भविष्य के सभी परिसीमन एक स्वतंत्र आयोग द्वारा किये जाने चाहिये।इस सुझाव को स्वीकार कर लिया गया और वर्ष 1952 में परिसीमन अधिनियम लागू किया गया।वर्ष 1952, 1962, 1972 और 2002 के अधिनियमों के तहत चार बार वर्ष 1952, 1963, 1973 और 2002 में परिसीमन आयोग गठित हुए।

**वर्ष 1981 और 1991 की जनगणना के बाद कोई परिसीमन का कार्य नहीं हुआ।**

**वर्ष 2002 के परिसीमन का गठन क्यों नहीं?**

संविधान में प्रावधान है कि किसी राज्य को आवंटित लोकसभा सीटों की संख्या इतनी होगी कि इस संख्या और राज्य की जनसंख्या के बीच का अनुपात (जहाँ तक व्यावहारिक हो) सभी राज्यों के लिये एकसमान हो।

किंतु इस प्रावधान का तात्पर्य यह भी निकलता है कि जनसंख्या नियंत्रण में बहुत कम रुचि रखने वाले राज्यों को संसद में अवांछित रूप से अधिकाधिक सीटें मिलती जाएंगी। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने वाले दक्षिणी राज्यों को अपनी सीटें कम होने की संभावना का सामना करना पड़ सकता है।

इन आशंकाओं को दूर करने के लिये वर्ष 1976 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन कर परिसीमन को वर्ष 2001 तक के लिये स्थगित कर दिया गया।

इस प्रतिबंध के बावजूद कुछ ऐसे अवसर भी आए जब किसी राज्य को आवंटित संसद और विधानसभा सीटों की संख्या में पुनः परिवर्तन किया गया।

**परिसीमन वर्ष 2026 तक स्थगित क्यों?**

यद्यपि लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों की संख्या में परिवर्तन पर रोक को वर्ष 2001 की जनगणना के बाद हटा दिया जाना था, लेकिन एक अन्य संशोधन द्वारा इसे वर्ष 2026 तक के लिये स्थगित कर दिया गया।

इसे इस आधार पर उचित बताया गया कि वर्ष 2026 तक पूरे देश में एकसमान जनसंख्या वृद्धि दर हासिल हो जाएगी।

इस प्रकार अंतिम परिसीमन अभ्यास (जो जुलाई 2002 में शुरू होकर 31 मई, 2008 को संपन्न हुआ) वर्ष 2001 की जनगणना पर आधारित था और इसने केवल पहले से मौजूद लोकसभा और विधानसभा सीटों की सीमाओं को पुनः समायोजित किया तथा आरक्षित सीटों की संख्या को पुनः निर्धारित किया। जहाँ तक लोकसभा सीटों के परिसीमन का प्रश्न है, लोकसभा की सीटें बढ़कर 750 हो जाने की संभावना है। वर्ष 1991 में राज्य में जनगणना कार्य नहीं हुआ और वर्ष 2001 की जनगणना के बाद राज्य सरकार द्वारा कोई परिसीमन योग गठित नहीं किया गया था

देश की जनगणना और महिलाओं के लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की दिशा में भी यह परिसीमन आवश्यक होता जा रहा है। 2026 में इस दिशा में कार्य किये जाने की उम्मीद है क्योंकि इस वर्ष तक जनगणना का काम समाप्त हो जायेगा।

नई विधानसभा भवन झारखंड में 150 विधायकों का बैठने का स्थान बनाया गया है। यह संभावना है कि 81 सीटों पर वर्तमान विस चुनाव अंतिम चुनाव होगा।

(चीफ सब एडिटर, खबर मन्त्र दैनिक)

### लेटर टू एडिटर

#### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

#### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

### X ट्वीट

**मोदी** जी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं।

मेरा लक्ष्य है - जितना पैसा उन्होंने अपने 'मित्रों' को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।

**– राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

**विधानसभा** चुनाव में कल मतदान खत्म होने के बाद आज झामुमो परिवार के सभी प्रत्याशियों और कर्मठ कार्यकताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। सभी ने दिन-रात अपना खून-पसीना बहाकर कड़ी से कड़ी मेहनत की है। आप सभी का आभार और जोहार। अब बस 23 तारीख तक हमें कमर कस कर यही जोश और जज्बा बरकरार रखना है, भाजपा की हर साजिश को नाकाम करना है। **-हेमंत सोरेन सीएम**

# औद्योगिक नीति को नया स्वरूप

### सामयिक

नई औद्योगिक नीति केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त उपक्रम होनी चाहिए। एक ऐसी नीति जो कारोबारियों के अनुकूल होने के बजाय बाजार के अनुकूल हो।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन दिनों सक्रिय औद्योगिक नीतियों के विस्तार का दौर है जिनके बारे में संदेह है कि वे कंपनी मालिकों को समृद्ध बनाने के अलावा शायद ही कुछ कर रही हैं। उदाहरण के लिए चिप निर्माण को मौजूदा व्यापक सब्सिडी आधारित सरकारी समर्थन जो भूराजनीतिक चिंताओं से संचालित है वह विश्व स्तर पर क्षमता अधिशेष की स्थिति बना सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत कम हो सकती है और यह संरक्षणवादी उपायों को प्रेरित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप राज्यों में चिप इस्तेमाल करने वाली विनिर्माण गतिविधियों की लागत बढ़ सकती है।

बीते कुछ वर्षों में विश्व स्तर पर औद्योगिक नीतियों में विश्वस्तर पर विसंगति आई है और 2017 में जहां कुछ सौ नीतियां थीं, वहीं 2023 में उनकी संख्या 2,000 हो गई। अकेले भारत में 100 नीतियां हैं। भारत में ऐसी औद्योगिक नीतियों की एक परंपरा रही है। 10 वर्ष पहले 2014 में ‘मेक इन इंडिया’ पहल के रूप में इसका एक उदाहरण सामने आया था। तब से कई क्षेत्रों के लिए अलग-अलग उपाय घोषित किए गए।

कंपनियों को सब्सिडी समर्थन का प्राथमिक स्वरूप राजस्व का नुकसान है जो 2022-23 में 1.09 लाख करोड़ रुपये था। यह राशि कुल संग्रहित कॉर्पोरेशन कर की 13 फीसदी थी। हाल ही में चिप निर्माण तथा कई अन्य उद्योगों के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत और अधिक प्रत्यक्ष सब्सिडी की घोषणा की गई। परंतु मेक इन इंडिया कार्यक्रम की अवधि (2014-15 से 2023-24) के दौरान विनिर्माण वृद्धि सकल मूल्यवर्धन में विनिर्माण की हिस्सेदारी पहले पांच सालों के 16-17 फीसदी से घटकर अंतिम पांच सालों में 14-15 फीसदी रह गई। चुनिंदा क्षेत्रों और कंपनियों पर केंद्रित सक्रिय औद्योगिक नीति की वजह से औद्योगिक वृद्धि में गति नहीं आई। सरकार की औद्योगिक नीति बाजार के अनुकूल होनी चाहिए, न कि कारोबार के। क्योंकि बाजार के अनुकूल होना सांठगांठ वाले पूंजीवाद की ओर ले जाता है। सरकारी से निजी क्षेत्र पर केंद्रित होने के बाद भारत के विनिर्माण में जो वृद्धि आई उसमें बाजार के अनुकूल नीतियों का योगदान अधिक था, बजाय कि कारोबारी नीतियों में हस्तक्षेप के।

1991 के बाद सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन था औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त करना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में चरणबद्ध बदलाव करते हुए मात्रात्मक व्यापारिक नियंत्रणों का अंत, विनिमय दर सुधार और टैरिफ में कमी करना।दोनों ही महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्होंने निजी निवेश पर असर डाला और वैश्विक वित्तीय तथा व्यापार अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति मजबूत की। हालांकि मेरी नजर में सबसे महत्त्वपूर्ण बदलाव वित्तीय बाजारों की संस्थागत व्यवस्था में नजर आया जिसने बचत-निवेश प्रवाह को प्रभावित किया। इसे अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया और निजी निवेश को गति देने का काम किया।

ऐसे उल्लेखनीय बदलाव किए गए जिन्होंने वित्तीय बाजार को बदल दिया। सबसे प्रभावी बदलाव था बैंकों और म्युचुअल फंड क्षेत्रों को निजी उपक्रमों के लिए खोलना। इससे इन सेवाओं की गुणवत्ता में काफी बदलाव आया। शेयर कारोबार को डीमैट की मदद से सहज बनाया गया और इससे लोगों की रुचि इसमें जागी। नियामकीय प्राधिकार के भी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के हाथ में जाना भी एक अहम बदलाव रहा।

सरकार की वित्तीय नीतियों में ऐसे तमाम बदलाव भी बीते चार दशक में देश की औसतन छह फीसदी की वृद्धि दर के पीछे अहम कारण रहे। वित्तीय बाजारों को उदार बनाने में भी निजी कॉर्पोरेट वृद्धि में मदद की। इससे निजी कंपनियों की नई पूंजी बढ़ी और म्युचुअल फंड में इजाफा हुआ। डिजिटल अधोसंरचना का तेज विकास भी वित्तीय व्यवस्था के व्यापक उदारीकरण के लिए अहम रहा है। इन बातों की वजह से निजी कॉर्पोरेट निवेश, सरकारी क्षेत्र की तुलना में तेजी से बढ़ा। दोनों के बीच का अनुपात 1990-91 के 0.37 से बढ़कर 2022-23 में 1.63 हो गया।2022-23 में विनिर्माण के निवेश की बात करें तो निजी क्षेत्र 71 फीसदी, घरेलू क्षेत्र के छोटे उपक्रम 22 फीसदी और सरकारी क्षेत्र केवल 7 फीसदी के लिए जिम्मेदार रहा। वित्तीय क्षेत्र सुधार के कारण आए बदलाव का एक मानक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की तुलना में बाजार मूल्यांकन की प्रतिशत के रूप में बढ़ती हिस्सेदारी है।

1991-92 से 2004-05 के बीच के 37 फीसदी से बढ़कर 2005-06 से 2023-24 के बीच यह औसतन 85 फीसदी हो गया। क्षेत्र और तकनीक के

# देश की राजधानी दिल्ली का घुटता दम

### समस्या



**निधि सिंह**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण चार को अधिसूचित किए जाने के एक दिन बाद भी दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में मामूली सुधार ही देखने को मिला। राजधानी में इस सप्ताह वायु गुणवत्ता सूचकांक अथवा एक्यूआई 450 के ऊपर बना रहा। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल सही कहा कि प्रदूषण से बचने के उपायों के क्रियान्वयन में देरी हो रही है।

ग्रेप-4 के अंतर्गत दिल्ली में ट्रकों के आवागमन पर रोक, दिल्ली में पंजीकृत बीएस-4 और उससे नीचे की श्रेणी के डीजल चालित मझोले मालवाहक वाहनों तथा भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध, विनिर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर अस्थायी रोक, शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को बुलाकर पढ़ाने पर रोक तथा कार्यालयों में 50 फीसदी लोगों को घर से काम करने का विकल्प देने जैसी बातें शामिल हैं।

जाहिर सी बात है कि इनमें से कोई भी कदम समस्या को हल करने वाला नहीं है। प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ा हुआ है और वह लगातार ‘गंभीर’ से भी ऊपर की श्रेणी में है। भूरे रंग की गहरी धुंध ने न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का दम घोंट रखा है बल्कि उसने रेल और हवाई यातायात को भी प्रभावित किया है।

मौसम विज्ञान सहित कई ऐसी तमाम वजह हैं जिनके चलते दिल्ली और उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों के निवासी खुद को नाउम्मीद स्थिति में पाते हैं। यह सिलसिला सालों से चल रहा है। पराली जलाने का सिलसिला भले ही नया और मौसमी है लेकिन निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाने से लगने वाली आग, वाहनों से होने वाला प्रदूषण और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से होने वाला प्रदूषण वर्षों से दिक्कत दे रहा है।

एक दिलचस्प बात यह है कि सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (सीआरईए) द्वारा किया गया एक नया अध्ययन इस पुरानी मान्यता पर सवाल उठाता है कि पंजाब और हरियाणा में अक्टूबर-नवंबर के महीने में पराली को जलाया जाना ही दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में खराबी का प्रमुख उदाहरण है।

अध्ययन बताता है कि एनसीआर में मौजूद ताप बिजली घर पराली जलाए जाने की तुलना में 16 गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। ताप बिजली संयंत्र एनसीआर के इकलौता उद्योग हैं जिनमें कोयले के इस्तेमाल की इजाजत है। वहीं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) का ताजा अध्ययन दिखाता है कि पराली का जलाया जाना एनसीआर की हवा गुणवत्ता खराब करने में 38 फीसदी योगदान करता है। इसकी सबसे अधिक हिस्सेदारी 2024 में रही।



वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी अहम योगदान करता है।अतीत की पहलें जिनमें निजी वाहनों पर एक किस्म की रोक शामिल रही है, वे अपेक्षित परिणाम पाने में मददगार नहीं हो सके हैं। अनुमान है कि परिवहन और उद्योग जगत शहर में प्रदूषण के दो प्रमुख कारक हैं क्योंकि सभी चौराहों पर यातायात की भीड़ के कारण उत्सर्जन का भारी दबाव रहता है। स्पष्ट है कि इसके लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। दीर्घकालीन हल की अनुपस्थिति में प्रतिबंधात्मक उपाय मसलन निर्माण कार्यों पर रोक आदि के सीमित लाभ होंगे जबकि ऐसे कदम निर्माण श्रमिकों की आजीविका पर असर डालेंगे जो पहले ही कई-कई हफ्तों तक बेरोजगार रहते हैं।

बहरहाल, इसका प्रभाव केवल सबसे वंचित वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा। खराब हवा के कारण उत्पन्न जन स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लंबी अवधि के दौरान आर्थिक प्रभाव भी डालेंगी। दुर्भाग्यवश देश में राजनीतिक प्रतिबद्धता और जनता का दबाव दोनों सीमित हैं और इसलिए पर्यावरण संबंधी चिंताएं हल नहीं हो पा रही हैं। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में यह बात रहस्यमय है। इसके परिणामस्वरूप सरकार ने कई छिटपुट उपाय अपनाए हैं, जिनसे समस्या हल करने में कोई मदद नहीं मिली। राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं, जिससे आवश्यक समन्वय नहीं हो पा रहा है। जरूरत इस बात की है कि दीर्घकालिक योजना अपनाई जाए जो एनसीआर तथा उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों को रहने योग्य बनाने में मदद करे। इसकी वजह चाहे पराली जलाना हो, वाहन प्रदूषण हो या ताप बिजली घर की चिमनी का धुआं, इसे हल करना ही होगा। इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी और सर्वोच्च न्यायालय को दबाव बनाना होगा।

इसके साथ ही सिविल सोसाइटी के प्रभावशाली नागरिकों को इसकी प्रगति पर निगाह रखनी होगी। अल्पावधि के आर्थिक हितों को आम नागरिकों के जीवन जीने के बुनियादी अधिकारों पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में भूतपूर्व सैनिकों के लिए लगा शिविर




**रामगढ़।** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ कैंट का झारखंड और बिहार सब एरिया आउटरीच के तहत भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 11 से 19 नवंबतक पॉली क्लिनिक रांची, देवघर, मुंगेर, भागलपुर और खगड़िया जिलों में एक आउटरीच कार्यक्रम चलाया गया। इस आउटरीच कार्यक्रम में झारखंड व बिहार के इन पांच जिलों के भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में पेंशन संबंधित तथा अभिलेख कार्यालय की विसंगतियों को दूर किया गया। समाधान दल ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। शिविर में आए भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का समाधान दल ने आभार जताया।

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने मतदाताओं को दिया धन्यवाद



**रजरप्पा।** रामगढ़ विस क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान दिवस को सफल बनाने में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त सम्मानीय मतदाताओं, कार्यकताओं, शुभचिंतकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट की एवं धन्यवाद दिया है।

### भुरकुंडा पंचायत में लगा आई कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ सदर अस्पताल के सौजन्य से गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र सहायक निर्मल कुमार ने 80 लोगो के आंखो की जांच की। जांच के दौरान आठ लोगों में मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। बताया गया कि मोतियाबिंद के मरीजों को रामगढ़ सदर अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। शिविर में दर्जनों मरीजों के आंखो की जांच कर नि:शुल्क चश्मा भी दिया गया। शिविर को सफल बनाने मे जिला अंधापन नियंत्रण समिति के जिला परियोजना प्रबंधक अभयजीत कुमार, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय कुमार, पंसस दीपक कुमार भुइयां, उप मुखिया संजीत राम, रूपा देवी, पम्मी देवी, कवित्री देवी, सीमा देवी, विक्रम कुमार, सहिया साथी रेखा देवी का सराहनीय योगदान दिया।

### ए ला एग्लाइज विद्यालय में बाल विवाह को ले जागरूकता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी को लेकर अग्रगति संस्था ने जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने की। इस अवसर पर विजयंत कुमार ने विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी के खतरों के बारे में बताया। उन्होंने समाज में फैली इस समस्या के समाधान के लिए सुझाव भी दिये। इसके बाद अग्रगति संस्था के प्रतिनिधि इसरत जहां ने बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी के दुष्परिणामों और कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन कुप्रथाओं के कारण बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। उन्होंने बताया कि कैसे हम बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी को रोक सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने बाल अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश सोनी, सूरज देव सिंह, कंचन दास, कंचन सोनी, अजीत शर्मा, अजीत कुमार सिन्हा, कृष्ण अम्बष्टा, मिथिलेश बेदिया, सुनील कुमार, वैभव कुमार, राजन कुमार, कुमार विश्वक सेन, बबीता सिंह, शबाना खातून, अंजली सिंहा, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, नीतू सिंह, गीता प्रसाद, सोनी कुमारी, काजल बनर्जी, चंचला कुमारी आदि ने विशेष योगदान दिया।

### बंद घर में दरवाजा तोड़ कर चोरी

**रामगढ़।** गिद्दी चीप हाउस कॉलोनी में कृष्णा ड्राइवर के घर में बुधवार की देर शाम में साढ़े 6 बजे चोरों ने पीछे का दरवाजा कर चोरी कर लिया है। चोर घर से क्या चोरी कर ले गए इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पड़ोषी ललन कुमार ने बताया कृष्णा ड्राइवर सपरिवार छठ के समय औरंगाबाद पैतृक घर गए हैं। बुधवार को शाम में कॉलोनी के एक युवक मंटू ने कृष्णा ड्राइवर के घर में लाइट जलते देखने पर कॉलोनी के लोगों को बताया। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया। पर चोर भाग निकले।

# वज्रगृह में इवीएम की सुरक्षा कड़ी

## रामगढ़ में कल आठ बजे शुरू होगी मतगणना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा में मतदान के बाद रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए वज्रगृह में पोलिंग पार्टियों के द्वारा ईवीएम जमा किए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो विभिन्न कोषांगों के वरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे। साथ ही रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में पोलिंग पार्टियों के लिए विभिन्न सुविधाएं यथा मेडिकल टीम, हेल्प डेस्क सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रही। ईवीएम जमा करने का कार्य पूर्ण होने के उपरांत बज्रगृह को सील किया गया। गौरतलब है की विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ में हुए मतदान को लेकर मतगणना 23 नवंबर को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए मतगणना केंद्र में प्रातः 8:00 बजे से शुरू होगी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 20 टेबलों पर 20 राउंड एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 टेबलों पर 23 राउंड मतगणना होगी। मतगणना के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।




### जागरूकता का असर पिछली बार से 5.5 प्रतिशत अधिक मतदान



रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा 72.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने में योगदान दिया। क्षेत्र में 3 लाख 56 हजार मतदाता हैं। पिछली बार की तुलना में इसबार के चुनाव में 5.5 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ। जिसके लिए उपायुक्त चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार की प्रशंसा कर रहे हैं। मतदान से पूर्व जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका प्रभाव दिखा और पिछली बार की तुलना में इसबार 5.5 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ।

### मतदान के बाद कयासों का बाजार हुआ गर्म

रामगढ़। मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा कि रामगढ़ में जीत का सेहरा किसके माथे सजेगा। लेकिन मतदान के बाद दावों और कयासों का बाजार गर्म है। कुल 3 लाख 56 हजार मतदाताओं में से लगभग 2 लाख 57 हजार मतदाताओं ने मतदान किया है। इस बार वोटिंग का प्रतिशत काफी बढ़ा है। वोटिंग प्रतिशत बढ़ने से विशेषज्ञ भी हैरान हैं। कोई दावा कर रहा है कि आजसू की जीत होगी। वहीं, कुछ लोग कांग्रेस की जीत बता रहे हैं। जबकि ऐसे काफी लोग हैं जो जेएलकेएम के जीत के दावे कर रहे हैं। अभी तो लोग पान गुमटियों, चाय स्टॉलों आदि स्थानों पर जामा होते ही अलग अलग दावे कर रहे हैं। कोई आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी, कोई कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी तो कोई जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार के जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं, कई लोग ऐसे हैं जो अपने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में यज्ञ और हवन करवा रहे हैं। मतगणना होने तक ऐसे दावे चलते रहेंगे। 23 नवंबर को मतगणना के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# मतदान के बाद डी-ब्रीफिंग और बड़ा खाना आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रामगढ़। विधान सभा चुनाव के प्रथम चरण बड़कागांव एवं द्वितीय चरण रामगढ़ का मतदान स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को को राधा गोविन्द कॉलेज रामगढ़ में डी-ब्रीफिंग एवं बड़ा खाना का आयोजन किया गया।

टीवी सुभाष सामान्य पर्यवेक्षक, देवव्रत दास पुलिस पर्यवेक्षक, चन्दन कुमार जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ एवं अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा बाहर से आये सीएपीएफ, सैप, आईआरबी, जिला बल एवं गृहरक्षक के पदाधिकारी/कर्मियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए बधाई दिया तथा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक, उपायुक्त रामगढ़, उप-विकास आयुक्त रामगढ़, द्वितीय कमान अधिकारी सीएपीएफ, रिटर्निंग ऑफिसर 22-बड़कागांव एवं रिटर्निंग ऑफिसर 23-रामगढ़ को पुष्प गुच्छ देकर समानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रामगढ़, अपर समाहर्ता रामगढ़, उप-निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़, पंचायती राज पदाधिकारी, रामगढ़, सीएपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी, सहायक समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एचआइबी पॉजिटिव बच्चों को एनटीपीसी ने दिया पचास हजार रुपये

हजारीबाग। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने बुधवार को अपनी सामाजिक विकास पहल के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनहप्पा, हजारीबाग में एचआइबी पॉजिटिव बच्चों को मदद प्रदान की। इस मौके पर तजीन फैज, अध्यक्षा, जागृति महिला संघ और संघ के अन्य सदस्य विद्यालय पहुंचे। जागृति महिला समिति ने विद्यालय प्रशासन को 50,000 रुपये की पहली किस्त का चेक सौंपा और बच्चों के लिए खेल सामग्री, स्कूली जूते और चप्पलें भी प्रदान की। 2024-25 वित्तीय वर्ष में 2 लाख रुपये की राशि विद्यालय को दी जाएगी। हमारी संस्था का उद्देश्य हमेशा समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना है। यह योगदान केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम इन बच्चों को एक स्वस्थ और मजबूत जीवन के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान कर रहे हैं। जागृति महिला संघ हमेशा खड़ा रहेगा, ताकि ये बच्चे अपने सपनों को पूरा कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके।

## मतगणना केंद्र का हजारीबाग उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 के दोनों चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनाव समाप्ति के उपरांत मतगणना की तैयारीयों पर जिला प्रशासन जुट गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह नैंसी सहाय ने बाजार समिति मतगणना सह वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया एवं विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वज्रगृह में इवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, मतगणना कक्ष,पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## गोरहर में बस की चपेट में आने से दो युवक की मौत



बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र के पातीतिरी मोड़ के पास स्वर्णिम चतुर्भुजी एनएच दो पर एक अज्ञात बस की चपेट में आने से बाइक जेएच 02 बीपी 8612 पर सवार दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। मृतक युवकों की शिनाख़्त कोल्हू बेड़म, टाटीझरिया थाना निवासी मनीष (25) पिता लखन प्रसाद और पप्पू कुमार (30) पिता नारायण प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों युवक टाटीझरिया से बारात में शामिल होने सलैया, बरकट्ठा जाने के क्रम में एक बस की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के दहाड़ से सड़क गूंज उठा। मृतक मनीष के पिता बेटे का शव देखकर बार बार बेहोश होने लगे।

# ट्रेड फेयर में एनटीपीसी ने प्रदर्शन किया इको हाउस

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनटीपीसी लिमिटेड ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2024 में अपना अभिनव, पर्यावरण-अनुकूल और किफायती आवास समाधान सुख ईको-हाउस प्रस्तुत किया है। ये ईको-हाउस अपने निर्माण में थर्मल पावर प्लांट्स से लगभग 80 प्रतिशत ऐश और ऐश-आधारित उत्पादों का उपयोग किया जाएगा। जो ग्रामीण आवास के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण प्रदान करता है। शून्य-कार्बन उत्सर्जन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए ऐश से बने नवीन इंटरलॉकिंग वॉल ब्लॉक्स का उपयोग कर निर्मित इन संरचनाओं में रेत, सीमेंट, स्टील या मोर्टार की आवश्यकता नहीं होती। जिससे लागत और निर्माण समय में काफी कमी आती है। आवास निर्माण में 1,50,000 रूपया की लागत में 15-20 दिनों में बनाया जा सकता है। ये घर टिकाऊ हैं और बारिश, तूफान और तेज हवाओं जैसे विविध मौसम परिस्थितियों का सामना करने में यह सक्षम हैं ।ये ईको-हाउस प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अनुरूप हैं । और ग्रामीण किफायती आवास के लिए एक स्केलेबल और पर्यावरण-अनुकूल मॉडल प्रदान करते हैं। कचरे के प्रबंधन और औद्योगिक उप-उत्पादों के पुनरू उपयोग को बढ़ावा देकर एनटीपीसी की यह पहल सतत निर्माण प्रथाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। इसके अलावा, ये ईको-हाउस सौर ऊर्जा से भी संचालित हो सकते हैं, जिससे भारत की नेट जीरो प्रतिबद्धताओं को और मजबूत किया जा सकता है। आईआईटीएफ 2024 में, एनटीपीसी ने एक परिवर्तनीय आवास समाधान प्रदर्शित किया है। जो हरित निर्माण प्रथाओं के माध्यम से सतत भविष्य को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी के प्रयासों को उजागर करता है। 14 से 27 नवंबर 20 आगंतुक देख सकते हैं कि कंपनी थर्मल पावर जनरेशन के उप-उत्पाद ऐश को कैसे किफायती, टिकाऊ निर्माण सामग्री में बदल रही है। 24 तक चलने वाला इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर एनटीपीसी को अपनी अभिनव पहल दिखाने का मंच प्रदान करता है, जो सतत विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को दोहराता है।

**इको-हाउस निर्माण में थर्मल पावर प्लांट्स के 80 प्रतिशत ऐश का किया जाता है उपयोग**

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**बरही।** अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ बरही जोहन टुडू की अध्यक्षता में गोरहर में हुए सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के अलावा एनएचएआई व सड़क निर्माण कंपनी के पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य बरही अनुमंडल समेत गोरहर और दनुआ घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा करना और समाधान निकालना था। बैठक के दौरान दुर्घटनाओं के मुख्य कारण पर चर्चा हुई। जिसमें एनएचएआई और सर्विस रोड के बीच खाई, दनुआ घाटी में सीधा डाउन हो जाने से लगातार दुर्घटनाएं, सड़क पर बैरियर और रेडियम साइनेज की कमी बताई गई। जिसके लिए एसडीओ व एसडीपीओ ने एनएचएआई व निर्माण कार्य कर रही कम्पनी को निर्देश दिया कि सड़क पर बैरियर और रेडियम साइनेज लगाना अनिवार्य है। डाइवर्जन के 50 मीटर पहले स्पीड ब्रेकर बनाने का निर्देश दिया। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती करने की बात कही गई। इसके अलावा अतिक्रमण और पार्किंग को लेकर चर्चा हुआ। जिसे लेकर जल्द बरही समेत पूरे अनुमंडल क्षेत्र में नो-पार्किंग जोन और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। वहीं दनुआ घाटी समेत नेशनल हाइवे पर झाड़ियां हटाने और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। एनएचएआई के मुकेश कुमार ने बताया कि दनुआ घाटी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीपीआर तैयार कर दिल्ली मुख्यालय भेजा गया है। एनएचएआई के इंजीनियर मुकेश कुमार ने बताया कि आपातकालीन संपर्क सेवा के तहत सड़क पर किसी भी तरह की मदद के लिए 1033 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। पदमा सड़क की समस्या को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि जगह जगह सड़क धंसने (बबलिंग) की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं, इस पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। एनएचएआई के इंजीनियर मुकेश कुमार ने निर्माण कार्य की प्रगति पर बताया कि 2019 में शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत अब तक 49 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। 10 किलोमीटर का निर्माण कार्य अभी शेष है, जिसमें से 7 किलोमीटर की भूमि अधिग्रहण नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य अगस्त 2022 तक पूरा होना था, लेकिन अब इसे नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### इस्लामाबाद से 18 लोग हज के लिए रवाना

**बरही।** बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत स्थित इस्लामाबाद गांव से 18 श्रद्धालु हज उमरा के लिए मक्का मदीना रवाना हुए। इस खास मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम, समाजसेवी पप्पू खान, जहूर अंसारी, तैय्यब अंसारी समेत पूरे गांव ने भावपूर्ण विदाई दी। गांववासियों ने हज यात्रियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया और उनकी मंगल यात्रा की कामना की। हज उमरा के लिए रवाना होने वालों में मुफ्ती मौलाना समीर रजा, मकबूल अंसारी, अब्दुल कैयूम, अब्दुल हमीद, इसाक मियां, अब्दुल मियां, मुस्लिम अंसारी, सहबली मियां, लियाकत अंसारी, सहबूल अंसारी और गनी मियां शामिल हैं। सभी श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ इस पवित्र यात्रा पर निकले। गांव में इस अवसर पर खुशी और उत्साह का माहौल रहा। सभी ने एकजुट होकर हज यात्रियों की सुखद और सुरक्षित यात्रा की प्रार्थना की। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने कहा कि, यह यात्रा न केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे समुदाय और गांव के लिए गर्व का विषय भी है। हम सभी इनके अच्छे स्वास्थ्य और सफल हज उमरा की कामना करते हैं।

### अपराध को लेकर एसडीओपी ने की बैठक

बरही। बरही अनुमंडल में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसडीओपी अजीत कुमार विमल ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान एसडीओपी अजित कुमार विमल ने क्षेत्र में अपराध पर कड़ी नजर रखने और पुलिस कार्रवाई को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध रोकथाम के लिए ठोस रणनीतियां बनाने और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार, बरकट्ठा इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी, गौरहर थाना प्रभारी अजय सिंह, चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पदमा थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह और महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीओपी ने बैठक के दौरान कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने और स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित करने पर भी बल दिया।

### झारखंड में इंडिया गठबंधन की होगी वापसी : फागू

रामगढ़। झारखंड में दो चरणों में हुए चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जादू पूरे झारखंड में चला है। जिस हिसाब से पूरे राज्य में जनता का समर्थन हेमंत और कल्पना सोरेन का मिला है। यह तय हो गया है कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ वापस आ रही है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव फागू बेसरा ने कही। दूसरे चरण के मतदान के दौरान बूथों का दौरा करते हुए वे हिन्दुस्तान से बात कर रहे थे। रामगढ़ जिला के संबंध में उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले से जुड़े मांडू, रामगढ़ और बड़कागांव में इस बार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत का आ रहे हैं। जिस हिसाब से तीनों विधानसभा में वोटरों में इंडिया के समर्थन में बढ़चढ़ कर चुनाव में हिस्सा लिया है। यह साफ बता रह है कि तीनों सीटों पर इंडिया प्रत्याशी भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगे। वहीं एनडीए प्रत्याशी की करारी हार निश्चित हैं। फागू बेसरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को निर्दोष हेमंत सोरेन का आकरण जेल भेजना महंगा पड़ गया। भाजपा की इस गलती से पूरे प्रदेश में जहां हेमंत के प्रति सहानुभूति बढ़ी है वहीं भाजपा के प्रति लोगों में गुस्सा बढ़ा है। यहीं गुस्सा वोट के रूप में भाजपा के खिलाफ पूरे प्रदेश में पड़ा है। फागू ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पूरे चुनाव में सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करती रही। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन अपने आने वाले कार्यकाल के लिए पूरे रोड मैप के साथ चुनाव मैदान में थी। जिसे जनता की सराहना मिली है।

### वज्रगृह में तीन लेयर में तैनात किये गये सुरक्षाकर्मी

**हजारीबाग ।** जिले में प्रथम और द्वितीय चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। जिले के सदर, बरही, बरकट्ठा और मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक दिग्गज प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो चुका है। ईवीएम और वीवी पैड को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। यहां तीन लेयर में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अर्धसैनिक बलों के साथ जिला बल और मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। स्ट्रांग रूम और बाजार समिति परिसर को सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। डीसी नैंसी सहाय एसपी अरविंद कुमार सिंह, डीडीसी इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। प्रथम और द्वितीय चरण के चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन मतगणना की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए बाजार समिति मे मतगणना केंद्र बनाया जा रहा है। इसमें बरही, बरकट्ठा, मांडू और सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग हाल बनाए जा रहे हैं। सदर विधानसभा के 486 बूथों पर हुए मतदान के बाद मतगणना के लिए 24 टेबल बनाए गए हैं। सदर विधानसभा चुनाव का परिणाम 21 राउंड की गिनती के बाद सामने आएगा। वहीं बरही विधानसभा के 400 बूथों के मतगणना लिए 20 टेबल लगाए गए हैं। बरही विधानसभा का परिणाम 20 राउंड की गिनती के बाद सामने आएगा। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के 470 बूथों पर मतगणना के लिए 21 टेबल बनाए गए हैं। जबकि मतगणना 23 राउंड में पुरी होगी। वहीं मांडू विधानसभा क्षेत्र के लिए 510 बूथों पर होने वाले मतदान की मतगणना के लिए 24 टेबल लगाए जा रहे हैं। मांडू विधानसभा क्षेत्र के मतगणना 22 राउंड में पूरी होगी। मतगणना समाप्त होते ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## सबकी निगाहें मतगणना पर, किसान मसगुल

चतरा। सिमरिया में चुनाव समाप्ति के बाद मतगणना की तारीख का सभी को बेसब्री से इंतजार है। भाजपा और जेएमएम के उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं के बीच जीत का दावा किया जा रहा है, जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति है। जानकारों का मानना है कि दोनों दलों के बीच का अंतर बहुत कम होगा। राजनीतिक दलों के लोग मतगणना की तैयारियों में जुटे हुए हैं, जबकि किसान अपने मतदान के बाद धान की कटाई में व्यस्त है। किसानों का ध्यान अपने खेतों में उपजे अनाज को सुरक्षित घर में भंडारित करने पर है, जबकि राजनीतिज्ञ अपनी जीत के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## भद्रकाली महाविद्यालय में एमए, एम एससी और एम कॉम की पढ़ाई प्रारंभ

इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय में मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर खुल गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को अब एमए, एमएससी और एमकॉम की पढ़ाई के लिए इटखोरी या आसपास के प्रखंडों में नहीं जाना पड़ेगा। यह पूरे क्षेत्र के लिए खुशी की बात है, खासकर छात्राओं के लिए यह एक वरदान साबित होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। नामांकन, काउंसलिंग और अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी से संपर्क किया जा सकता है।

## शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

कोडरमा। आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में अपराध आसूचना शाखा धनबाद व टास्क टीम द्वारा गाड़ी संख्या 13305 अप की कोच संख्या 054392 के शौचालय के पास से एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं उसकी पहचान विशाल यादव पिता किशुन यादव तेतरियाडीह थाना जयनगर निवासी के रूप में की गयी। उसके पास से 12 ब्लेंडर प्राइड 750 एमएल प्रत्येक की कीमत 1550 रुपये, 12 रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की प्रत्येक 375 एमएल, तीन इम्प्रियम ब्लेंडर ग्रीन व्हिस्की बरामद किया गया। वहीं आरपीएफ ने गिरफ्तार आरोपी व शराब को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया।

## पंचायत सचिवालय के समीप से बाइक की चोरी

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत के बरियारडीह स्थित पंचायत सचिवालय के समीप से सहदेव यादव की बाइक संख्या जेएच 11 वाई-3961 चोरी हो गयी। इस संबंध में उन्होंने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर बताया है कि उक्त बाइक का रजिस्ट्रेशन उनके पिता पूरन महतो के नाम से है। 19 नवंबर की सुबह 11 बजे पंचायत सचिवालय के समीप बाइक खड़ी कर प्रज्ञा केंद्र गया था लौटने पर बाइक वहां नहीं थी।

## रेलवे परिसर में कचरा फेंका तो होगी कार्रवाई

जयनगर (कोडरमा)। धनबाद-गया रेलखंड पर परसाबाद स्टेशन व परसाबाद फाटक के समीप से हजारीबाग रोड रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लोगों को रेल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं अधिकारियों ने कहा कि रेलवे फाटक बंद हो तो रेलवे लाइन पार न करें, रेलवे लाइन के अगल-बगल अपने मवेशियों को नहीं आने दें, रेल परिसर में कचरा न फेंके और स्वच्छता का ध्यान रखें। वहीं उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति कचरा फेंकते हुए पकड़ा जायेगा उस पर कार्रवाई होगी। वहीं बताया गया कि जब ट्रेन पार कर रही हो तो उस पर पत्थरबाजी न करें, रेल संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचायें। सफर के दौरान यदि कोई परेशानी हो तो 139 पर मदद के लिए संपर्क करें, चलती ट्रेन से उतरने और उस पर चढ़ने की कोशिश न करें, बैटिकट यात्रा न करें, स्टेशन पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल करें। मौके पर आरपीएफ उप निरीक्षक लखनदेव सिंह, नारायण राय, अनिल कुमार रजक, अरुण कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### 72500 रुपये प्रति सोलर स्ट्रीट लगाने का टेंडर शार्प इंफोटेक नामक कंपनी ने लिया है

# डीएमएफटी फंड के बंदरबांट का आरोप, जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। चतरा नगर परिषद क्षेत्र में लगाई जा रही सोलर स्ट्रीट लाइट में अनियमितता की जांच की मांग जोर पकड़ रही है, क्योंकि लोगों का आरोप है कि बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर टेंडर किया जा रहा है और निम्न गुणवत्ता के उपकरण लगाए जा रहे हैं। सोलर लाइट की राशि अपने खंभे तक ही सीमित है और रौशनी का विस्तार काफी कम है, जिससे सड़क तक भी अच्छी तरह से रोशनी नहीं पहुंच पा रही है। एक तरफ लाइट लग रही है तो दूसरी तरफ खराब हो रही है और कई लाइटें जलना बंद हो गई हैं। 72500 रुपये प्रति सोलर स्ट्रीट लगाने का टेंडर शार्प इंफोटेक नामक कंपनी ने लिया है, जिस पर डीएमएफटी फंड के बंदरबांट का आरोप लग रहा है।

लोगों का कहना है कि सही से उपयोग नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को फंड का लाभ नहीं मिल पा रहा है और जैसे-तैसे काम करके सिर्फ राशि निकासी की जा रही है। सोलर लाइट के माध्यम से बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है, जिसकी जांच सेंट्रल कमेटी द्वारा किए जाने पर पर्दाफाश हो जाएगा। शहर के लोग उपायुक्त से मामले की जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने और प्राक्कलन के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली सोलर लाइट लगाने की मांग कर रहे हैं, ताकि शहर लंबे समय तक जगमगाता रहे। हालांकि, चतरा शहर में लगाई जा रही 478 लाइटें शहर को पूरी तरह से जगमगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि हर गली और मुहल्ले में लाइट लगना संभव नहीं है। पूर्व में निकाले गए निविदा के आधार पर 1900 लाइटें लगनी थी जो शहर के सभी चौक-चौराहे, गली, मुहल्ले और सड़कें जगमगा उठतीं, लेकिन अब लाइटों की संख्या काफी कम कर दी गई है और फिलहाल मुख्यालय के मुख्य सड़कों के किनारे ही लाइट लगाई जा रही है।

## कस्तूरबा विद्यालय में 15 से 26 नवंबर तक चलेगा जनजाति गौरव दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जनजाति गौरव दिवस 15 नवंबर से चल रहा है, जो 26 नवंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके जीवन की व्याख्या करते हुए की गई।

साथ ही, उनके जीवन की उल्लेखनीय घटनाओं और उनके बताए हुए दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चियाँ जनजाति गौरव दिवस मना रही हैं। इन 12 दिनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें पर्यावरण को शुद्ध रखने पर कार्य करते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने की भी बात की गई है।

साथ ही, सभी से भी लोगों से अनुरोध किया जा रहा है। इस संबंध में वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताया कि केवल बच्चों को ही नहीं, बल्कि आम जनता को भी उनके बताए हुए निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। तभी पर्यावरण बचेगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल होगा।

## ठगी के फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कोडरमा। पुलिस ने जेवर दुकान में ठगी के मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी की पहचान 30 वर्षीय चंदन कुमार रजक पिता गुप्ता प्रसाद शाहपुर जिला भोजपुर बिहार निवासी के रूप में की गयी। बताते चलें कि कोडरमा बाजार स्थित रूपम ज्वैलर्स में बीते 16 नवंबर को दो लोग ग्राहक बन कर आये थे और 1 लाख 85 हजार 556 रुपये का सोना का जेवर खरीदा और बदले में लगभग 27 ग्राम सोने का चौन दिया। झुमरीतिलैया के लैब में जांच करवाने पर उक्त चौन डुप्लिकेट शाबित हुआ।

## उपायुक्त ने मतगणना केंद्र का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाये गए मतगणना केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मतगणना हॉल में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने, आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग करने, मतगणना टेबल पर आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराने, विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने आदि का निर्देश दिया।

वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को अक्षरशः पालन करते हुए मतगणना हॉल में सभी प्रकार के जरूरी चीजों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, इसके अलावे मतगणना कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, उम्मीदवारों और पदाधिकारियों आदि के आवागमन के लिए अलग-अलग बेरिकेडिंग करने, मतगणना के दिन कार्यरत कर्मियों के लिए फूड पैकेट आदि की व्यवस्था करने, पार्किंग एरिया को चिन्हित करने आदि का निर्देश दिया।

### मतगणना सुपरवाइजर, सहायकों व माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

# अनुपालन करते हुए मतगणना कार्य को सम्पन्न करें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर बागीटांड़ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर मतगणना सुपरवाइजर, सहायकों व माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में मतगणना पदाधिकारियों व कर्मियों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों से अवगत कराते हुए मतगणना कार्य को निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्वक सम्पन्न करवाने को लेकर विभिन्न जानकारियां दी गयी। वहीं प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइडलाइंस के आधार पर ही मतगणना कार्य को सम्पन्न करवाएं। वहीं उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का मुख्य कार्य सही तरीके से गिनती की प्रक्रिया का पालन करना है, उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब वरीय पदाधिकारी को दें, मतगणना हॉल में प्रवेश और निकास की सख्त निगरानी किया जाय। वहीं उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज और रिपोर्ट्स समय पर प्रस्तुत करें, मतों की गिनती के दौरान मतगणना हॉल में अनुशासन बनाएं रखें। सभी अधिकारी और कर्मी आपस मे समन्वय बनाकर मतगणना कार्य को सम्पन्न करवाएं। वहीं उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतगणना कार्य को सम्पन्न करवाना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीएसई अजय कुमार, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, मनोज चौरसिया, रविकांत रवि, रामचन्द्र ठाकुर, नरेश यादव, उमेश सिंहा आदि मौजूद थे।

## टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का ब्रांच खुला



खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के कोडरमा ब्रांच का गुरुवार को मां गायत्री सूर्या कॉम्प्लेक्स में उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बिहार झारखंड के हेड शाहिद खान ने फिता काटकर नई ब्रांच कार्यालय का उद्घाटन किया। वहीं सेल्स मैनेजर रंजीत कुमार एवं संजय बर्णवाल के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। वहीं शाहिद खान ने कहा कि पहले टाटा एआईए का कोई ब्रांच कोडरमा में नहीं था, पिछले 9 वर्षों से कोडरमा का काम भी हजारीबाग जिले में होता था। कोडरमा में ब्रांच खुलने से पॉलिसी धारक एवं अभिकर्ता को काफी सुविधा होगी। वहीं उन्होंने बताया कि टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस भारत में टाटा के अग्रणी नेतृत्व की स्थिति और एशिया प्रशांत क्षेत्र के 18 बाजारों में फैले दुनिया के सबसे बड़े, स्वतंत्र रूप से सूचीबद्ध अखिल एशियाई लाइफ इंश्योरेंस ग्रुप के रूप में एआईए की मौजूदी शामिल है। मौके पर विजय शुक्ला, अरुण चंद्रवंशी, नवनीत ओझा, संजय सिंह, संजय मोदी, राकेश राय, गुरप्रीत सिंह, रंजीत कुमार, विनोद कुमार, संतोष सिन्हा, संजय बर्णवाल, सतीश कुमार, मनोज बर्णवाल, राजेश कुमार, अरुण मोदी, देवेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई

कोडरमा। नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र के जयनगर रोड स्थित सुधा स्वीट्स के निकट अरघोती नाला पर अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। वहीं मसमोहना डोमचांच निवासी पवन सिंह द्वारा नाले पर पिलर बना कर अतिक्रमण किया जा रहा था। बताते चलें कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद निर्माण कार्य जारी था। जिसे बुधवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। अभियान का नेतृत्व कोडरमा के सीओ हलधर कुमार सेठी ने किया। वहीं प्रभारी अंचल निरीक्षक हरे कृष्ण प्रसाद, नगर पंचायत कोडरमा के कार्यपालक पदाधिकारी और कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से पिलरों को ध्वस्त किया गया। वहीं सीओ ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जो लोग सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# मतगणना की तिथि करीब आते ही बढ़ने लगी प्रत्याशी और समर्थकों की धड़कनें

उमा शंकर

कोडरमा। विधानसभा चुनाव 2024 के मतगणना की तिथि 23 नवंबर ज्यों-ज्यों करीब आ रही है, प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की दिल की धड़कनें दिनों-दिन बढ़ने लगी हैं। अब मतगणना के महज 24 घंटे शेष हैं। वहीं हार-जीत को लेकर अधिकांश लोगों का समय अधिकतर चुनावी-चर्चे में गुजर रहा है। यह कुछ अलग बात है कि प्रत्याशी और समर्थक वोटिंग में पड़े मतों का खुद से चुनावी गणित के जरिए बंटवारा कर अनुमानित आंकड़ों से अपनी जीत पक्की होने का दावा तो कर रहे हैं, पर वोटरों ने जिस खामोशी से वोट डाले हैं, उससे संशय की स्थिति बन गई है। किसी भी प्रत्याशी के जीत पक्की होने की बात उनकी अंतरात्मा स्वीकार नहीं कर पा रही है। यही वजह है कि मतगणना की तिथि करीब आते ही सबकी दिल की धड़कनें तेज हो गई हैं तथा अनुमानित आंकड़ों के आधार पर वे खुद की जीत पक्की होने का दावा करते हुए अपने मन को तसल्ली देने में जुटे हैं। ज्ञात हो कि कोडरमा विधानसभा चुनाव में सीट के सभी 13 प्रत्याशियों की किस्मत फिलहाल ईवीएम में कैद है। मगर पहली बार इस चुनाव में ऐसा हुआ है कि निर्दलीय प्रत्याशी को लोग कम नहीं आंक रहे, बल्कि राजद-भाजपा की जीत-हार में बड़ी भूमिका में है। लोग यह भी मान रहे हैं कि कहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी बाजी न मार ले। ऐसे में उनकी जीत-हार के कयास पर ही धुंध छा जा रहा है। पर साफ है कि निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता के पिछले चुनाव से अधिक मत प्राप्त होने की स्थिति में भाजपा को नुकशान उठाना पड़ सकता है। जबकि राजद को इसका लाभ मिल सकता है। ठीक इसी तरह कम वोट हासिल करने की स्थिति में भाजपा को लाभ मिलेगा, यह तय है। चूंकि निर्दलीय उम्मीदवार की भाजपा की ही वोट में सेंध लगी है, ऐसा राजनीतिक पंडित भी मानते हैं। इस तरह भाजपा की वोट में निर्दलीय प्रत्याशी की जबर्दस्त सेंध लगने की स्थिति में राजद की मजबूत स्थिति लोग मान रहे हैं। हालांकि मतगणना के दिन साफ हो जाएगा कि किस प्रत्याशी की जीत और किसकी हार होगी। बता दें कि 2014 और 2019 में कोडरमा सीट पर डॉ.नीरा यादव लगातार जीत दर्ज की है। इससे पहले 1990 से 1998 तक स्व रमेश प्रसाद यादव और इसके बाद 2014 तक राजद से अन्नपूर्णा देवी विधायक रही है, जो फिलवक्त भाजपा से केन्द्रीय मंत्री हैं। बहरहाल इस चुनाव में 10 साल बाद कोडरमा में लालटेन जलेगा, भाजपा लगाएगी हैट्रिक या अलमारी करेगा चमत्कार? देखने वाली बात होगी। पर जिसकी भी जीत-हार होगी, इसका फासला बहुत ज्यादा नहीं होगा।

**कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के ये हैं 13 प्रत्याशी**

| प्रत्याशी | दल | प्रत्याशी | दल |
|---|---|---|---|
| डॉ. नीरा यादव | भाजपा | महेंद्र प्रसाद यादव | निर्दलीय |
| सुभाष प्रसाद यादव | राजद | राजेश राज | निर्दलीय |
| शालिनी गुप्ता | निर्दलीय | रीतलाल प्रसाद सिंह | निर्दलीय |
| प्रकाश अंबेडकर | बसपा | रौनक कुमार यादव | निर्दलीय |
| गालिब मंसूरी | आपकी विकास पार्टी | वीरेंद्र प्रसाद वर्मा | निर्दलीय |
| | | सुनील कुमार सिन्हा | निर्दलीय |
| कामेश्वर महतो | निर्दलीय | योगेंद्र पण्डित | निर्दलीय |

## एक नजर में

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी बारहवीं कार्यक्रम में हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी चट्टी गांव निवासी भद्रकाली मंदिर के पुजारी नितेश पांडेय के निवास पर जाकर उनके पिता स्वर्गीय कमलदेव पांडेय के बारहवीं कार्यक्रम में भाग लिया। जिप उपाध्यक्ष ने स्वर्गीय कमलदेव पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। बिरजू तिवारी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## पत्रकार को मातृ शोक

कोडरमा। अंग्रेजी दैनिक अखबार के पत्रकार मनोज कुमार सिंह की 80 वर्षीय माता सुमित्रा देवी का निधन बुधवार की देर रात उनके विशुनपुर रोड स्थित आवास पर हो गया। गुरुवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार झुमरीतिलैया के कोरियाडीह स्थित मुक्ति धाम में किया गया। पत्रकार की माता के निधन की सूचना पर शहर के गणमान्य लोगों के अलावा पत्रकार व अन्य पहुंचे तथा निधन पर शोक जताया। स्व.सुमित्रा देवी अपने पीछे पति लाल बहादुर सिंह सेवानिवृत्त पदाधिकारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। वहीं सुमित्रा देवी के निधन पर जिले भर के पत्रकारों, पदाधिकारियों, डॉक्टरों व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## जनार्दन पासवान ने रजरप्पा मंदिर में की पूजा-अर्चना



खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। एनडीए समर्थित एलजेपी प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने रजरप्पा में मां भगवती की पूजा-अर्चना कर देश और राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा आम चुनाव में चतरा विधानसभा से 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदाताओं ने ईवीएम और पोस्टल बैलेट पेपर से प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। 23 नवंबर को मतगणना के बाद किसी एक प्रत्याशी के सिर पर चतरा विधायक का ताज सजेगा।

प्रत्याशियों के समर्थक नेताओं और मतदाताओं की अटकलें अंतिम चरण में हैं, कुछ निराश हैं तो कुछ खुश हैं। आम लोग इस बात से सहमत हैं कि मुकाबला काटे का है।

## मतगणना को लेकर कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। 13 नवंबर को सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न हुआ और मतगणना चतरा कॉलेज में होगी। मतगणना के सफल संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर ईवीएम, वीवी पैट मशीन और संबंधित सामग्रियों को सील करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विधानसभावार प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मियों ने भाग लिया।

इसके अलावा, मतगणना स्थल पर मतगणना संबंधी कार्य और अन्य विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिनियुक्त मतगणना पदाधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मियों को भी प्रशिक्षण दिया गया।

## एसडीओ की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

हंटरगंज। प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत जोरी पावर हाउस में गुरुवार को बिजली विभाग एसडीओ हरिमोहन चौधरी के अध्यक्षता में ऊर्जा मित्रों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस दौरान एसडीओ ने सर्वप्रथम ऊर्जा मित्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर से लेकर गांवों तक समय से सही से बिजली बिल उपलब्ध कराएं, इसके पश्चात उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा करवाएं। वही उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि मीटर अवश्य लगवाएं, तत्पश्चात ऊर्जा मित्रों को विद्युत संबंधित कार्य को समय से करने का निर्देश दिया। मौके पर बैठक में जेई प्रेम दास, सुपरवाइजर पिंटू कुमार, ऊर्जा मित्र एमडी जाहिद, महफूज अंसारी, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव, पंकज पासवान, प्रगुण कुमार, पवन मिस्त्री राजू मिस्त्री,आदि हंटरगंज, कुंदा, प्रतापपुर, तीनों प्रखण्ड के दर्जनों ऊर्जा मित्र और विद्युत विभाग कर्मी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हॉली क्रॉस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस सह विद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया



कार्यक्रम में शामिल लोग।

**नियमित व्यायाम और खेलकूद से लंबी आयु प्राप्त कर सकते हैं : रेभ समीर बड़ा**

**गुमला।** हॉली क्रॉस पब्लिक स्कूल में गुरूवार को बाल दिवस सह विद्यालय स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं अभिभावको के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेभ समीर बड़ा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए स्वास्थ्य संबंधित बातों पर जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। हम नियमित व्यायाम और खेलकूद से लंबी आयु प्राप्त कर सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान फास्ट फूड जंक फूड अन्य हानिकारक खाद्य पदार्थ जैसे सिगरेट बीड़ी, धूम्रपान, नशा शराब इत्यादि चीजों से बचना है जो सेहत के लिए हानि कारक है। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्व. फादर धनसित कुजूर को याद करते हुए नमन किया गया। जिनका प्रयास था कि सब पढ़े सब बढ़े। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने स्वर्गीय फादर के किये गये समाज सेवा एवं उनके सिद्धांत के बारे बताते हुए कहा कि शिक्षा एवं अनुशासन के द्वारा ही मनुष्य महान बन सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर सीता कुजूर, रेव. एनेम टोप्पो, शिक्षक संजय मिंज, ललिता कुमारी, रेशमी बाड़ा, मनीषा खाखा, पूजा उरांव, सोनी कुमारी तथा अभिभावकगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बच्चों के विभिन्न खेलकूद तथा दौड़ की प्रतियोगिताएं की गई।

### किसानों के बीच किया गया सरसों के बीज का वितरण

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा संचालित तिलहनी आदर्श गाँव अंतर्गत गुनिया गांव के 16 किसानों के बीच 30 एकड़ में सरसों पर प्रत्यक्षण हेतु बीज का वितरण किया गया। डॉ संजय कुमार ने बताया कि केंद्र के द्वारा गुमला जिले के तीन गांवों शिवराजपुर, चुंदरी घाघरा प्रखंड एवं तुरिम्बा भरनो प्रखंड में सरसों पर प्रत्यक्षण किया जा रहा है। डॉ संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान नें बताया कि इस परियोजना अंतर्गत 500 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सरसों के उत्पादन एवं उत्पादकता के साथ-साथ जिले को तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्र के वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि केंद्र के द्वारा बिरसा भाभा सरसों-1 प्रभेद पर प्रत्यक्षण किया जा रहा है।अटल तिवारी ने बताया कि यह प्रभेद 115-120 दिनों में तैयार हो जाती है। इस प्रभेद कि औसत उत्पादन क्षमता 16-18 प्रति हेक्टेयर है। साथ ही प्रभेद में 40-42 प्रतिशत तेल पाया जाता है। यह प्रभेद बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा रांची द्वारा 2020-21 में विकसित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत चरवा उरांव, हीरु उरांव, पार्वती देवी, विश्वनाथ उरांव आदि किसानों ने भाग लिया।

### प्रेम प्रसंग के कारण नाबालिग की हुई थी हत्या, तीन गिरफ्तार

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गोया गांव में हुए हत्याकांड का उदभेदन करते हुए घाघरा पुलिस ने हत्या में संलिप्त तीन नाबालिकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बाल सुधार गृह भेज दिया। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि बीते 9 नवंबर की रात देवाकी काना टोली निवासी 16 वर्षीय नाबालिक दुर्गा लोहरा जो बाराडीह में अपने नानी के घर में रहता था और गांव के बगल वाले गांव की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग था। किशोरी के भाई ने दोनों को साथ में देखा। जिसके बाद कहा सुनी हुई। किशोरी के भाई के अलावा तीन अन्य युवक मिले और मृतक दुर्गा को शराब पीने का बहना करके गोया नदी की ओर ले गए और गला दबाकर हत्या कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन किया। जिसमें तीन नाबालिक व एक बालिक हालमाटी निवासी अंकित उरांव का नाम सामने आया। अंकित ने पूर्व में ही न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद तीनों नाबालिक को पुलिस ने पकड़कर न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया।

# आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है : ट्रस्टी मनोरमा एक्का

**होप संस्था कार्यालय में लीडरशीप को लेकर दो दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के छतर बगीचा स्थित होप संस्था कार्यालय में लीडरशीप को लेकर दो दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 20 और 21 नवम्बर को लोहरदगा जिला के 5 पंचायत से 20 प्रतिभागियों ने अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान की। इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आदिवासी समाज को जोड़कर एकजुट करना तथा आदिवासी समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। होप ने तीन जिलों में लगातार 15 एवं 16 नवंबर को गुमला में, 17 एवं 18 नवम्बर को विकास केंद्र सिमडेगा में और 20 और 21 को लोहरदगा में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं विभिन्न गांवों से आये आदिवासी बहनों एवं भाइयों को संबोधित एवं स्वागत करते हुए होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि आप सबकी उपस्थिति एक दुसरे के लिए प्रेरणा का स्रोत है । आप अपने आदिवासी समाज के प्रति एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए तत्पर हैं क होप परिवार की ओर से उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारे आदिवासी समाज में कई तरफ से हमले हो रहे हैं। आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है ताकि अपने इतिहास को बचा सके। हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति को बचाने के लिए आगे आना होगा और महिलाओं को विशेष रूप से अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने हेतु पहल करने की बात कही।

# हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति व परंपरा को संजोकर रखने की जरूरत : समीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**नवनी गांव में अगहन जतरा का आयोजन**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के नवनी गांव में पांचो पांडव नव युवक संघ द्वारा अगहन जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में दर्जनों खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर नृत्य गीत प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समीर उरांव ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोकर रखने की जरूरत है। पूर्वजों द्वारा जो धरोहर हम सभी को मिला है उसे हम सभी को सजा के रखने की जरूरत है आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया और बैच बनाकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुखिया यशमुनी देवी, अग्नि उरांव, श्याम किशोर पाठक, रवि पहान, झरी उरांव सहित कई महिला और पुरुष उपस्थित थे।

# पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व बनाये रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी: रमाकांत

**डीएवी स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने निकाला जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को सिंगल यूजर प्लास्टिक की जगह क्लाथ बैग के प्रयोग की सलाह**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** एनसीसी के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे एनसीसी सप्ताह के अंतर्गत गुरूवार को ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण हेतु एक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी है। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आरडी शर्मा ने इस कैंपेन के लिए कैडेटों को बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। सहायक अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने बताया कि यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी और इस दौरान कैडेटों ने लोगों को सिंगल यूजर प्लास्टिक की जगह क्लाथ बैग का इस्तेमाल करने की सलाह दी। कैडेटों ने इस अवसर पर कलाकृतियुक्त बैग्स वितरित किये। इस एक्टिविटी में कैडेट खुशी कुमारी, एंजेलिना मिंज, अरहान अफ्जा, सूर्यांश केसरी, अनीसा कुमारी, समृद्धि कुमारी, अनिमेष शाही, रत्नेश केसरी, पलक कुमारी सिंह, स्वाति कुमारी, रानी उरांव, जानवी भारती, अनुष्का अल्फी बहार, आर्यन सिंह, शिव गुप्ता, लक्ष्मी, नूपुर, अभिज्ञान प्रकाश, शफी परवेज, अभय साहू, प्रीतम, सुधांशु, रीतू, सौम्या कच्छप, स्मृति कुमारी ने भाग लिया।

# गुमला पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार, छह बाइक बरामद

**गिरोह में एक कोडरमा के सिपाही का पुत्र भी**

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।



बरामद मोटरसाइकिल।

**गुमला।** गुमला पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के 6 बाईक बरामद करते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम गांव निवासी नितेश उरांव, महात्मा उरांव, शिवनगर निवासी सूरज कुमार, लोहरदगा थाना क्षेत्र के हिरही गांव निवासी अभय उरांव व मुकेश उरांव के नाम शामिल है। इस संबंध में गुरूवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शांति नगर में पुलिस ने छापामारी की थी। जहां किराये के मकान में रहने वाले महात्मा उरांव और नितेश उरांव को पुलिस ने पकड़ा।

साथ ही तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया। दोनों ने बताया कि तीनों बाइक का रजिस्ट्रेशन कार्ड सूरज कुमार को बनाने के लिए दिया गया है। चोरी का और मोटरसाइकिल लोहरदगा निवासी अभय और मुकेश के भी पास है। गुमला, लोहरदगा और रांची से बाइक की चोरी हुई है। फर्जी कागज बनाकर बाइक को ओएलएक्स के माध्यम से बेच देते थे। पुलिस ने दोनों के निशानदेही पर गिरोह के तीन अन्य सदस्य सूरज, अभय और मुकेश को गिरफ्तार किया। साथ ही तीन और मोटरसाइकिल सहित मोबाइल फोन बरामद किये। वहीं बताते चले की बाइक चोर गिरोह में एक कोडरमा का एक सिपाही का बेटा है जिसका नाम अभय उरांव है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, पुअनि मुनेश तिवारी, पुअनि राजेंद्र मंडल, पुअनि हिमांशु शेखर सिंह, हवलदार रमेश राम, आरक्षी औरंगजेब खान व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# हार जीत को लेकर प्रत्याशी से अधिक कार्यकर्ता कर रहे हैं माथा पची

## प्रत्याशियों को नहीं आ रही है रातों को नींद, रिजल्ट का कर रहे हैं बेसब्री से इंजतार

**एक्जीट पॉल के नजीते से भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसलें बुलंद तो किसी ने कहा कि एक्जेट पॉल का है उन्हें इंतजार**




खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** विधान सभा का रिजल्ट भले ही 23 नवंबर को आएगा लेकिन हार जीत को लेकर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता दिन भर माथा पच्ची करते नजर आते हैं। विशेषकर सुबह व शाम में चाय की दुकानों में यह नजारा स्वतः ही दिख जाएगा। इधर एक्जीट पॉल पर राजनीति दलों की स्थिति की जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है। एनडीए को बढ़त व इंडिया गठबंधन को कम सीटें मिलने की एक्जीट पॉल में आयी जानकारी को लोग एक्जेक्ट पॉल नहीं बता रहे हैं। राजनीतिक दल के कार्यकर्ता दिन भर इस उधेड बून में समय काट रहे हैं कि उनकी पार्टी राज्य में सरकार बना रही है। चर्चाओं से माहौल दिन भर गुलजार नजर आता है। प्रत्याशियों से अधिक चिंतित पार्टी के कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं। इसलिए वे हर चौक चौराहों पर अपने पार्टी के हिसाब से अंक गणित जुटाते नजर आते हैं। वहीं प्रत्याशी खामोशी के साथ रिजलट आने का इंजतार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जीत की उन्माद इतना अधिक प्रत्याशियों में बढ़ गया है कि वे अभी से डीजे साउंड वाहनों में लगाने की तैयारी भी कर रहे हैं। विशेषकर भाजपा व जेएमएम के प्रत्याशियों की रात की नींद लगभग गायब हो गई है। रात भर उन्हें हार जीत का भय सता रहा है। लेकिन सत्ता के इस खेल में उंट किसी एक ही करवट बैठेगी। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने को पीछे नहीं मान रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों का कहना है कि वे जीतते हैं तो उनका आगे का सितारा बुलंद होगा और हारे हैं तो आगे किसी बड़े राजनीतिक दल से अपने राजनीति जीवन की शुरूआत करेंगे।

### गांव में एक ही समाज के दो लोगों के अचानक मौत से क्षेत्र में मायूसी की लहर

**कैरो।** एक ही समाज के दो आपसी रिश्तेदारों के एक ही दिन हुई मृत्यु से परिजन सहित पूरा गांव में मायुषि छा गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के खरता निवासी लुदु महली व अशोक महली का गुरुवार को आकस्मिक निधन पूरा गांव स्तब्ध है। लुदु महली करीब 65 वर्ष का दो दिन पहले हल्का तबियत खराब हुआ। रांची इलाज के लिए ले जाया गया जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। लुदु महली का पैतृक गांव कुडू थाना क्षेत्र के तान में है किंतु काफी पहले से खरता में ही स्थाई निवासी बनकर रह रहे थे। उनका एक पुत्र होमगार्ड में तैनात है। वहीं अशोक महली लोगों के घरों में ढोल नगाड़ा बजाकर जीविकोपार्जन कर परिवार चलाता था जिसके बीते दिनों बाजार से लौटने के क्रम में तबियत बिगड़ी और मौत हो गया। दोनों का अंतिम संस्कार कोयल नदी किनारे कर दिया गया। एक साथ दो दो शव गांव से निकलते देखकर पूरा गांव में शोक की लहर फैल गई।

### आवारा कुत्तों के आतंक से भंडरा के ग्रामीण परेशान



**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र मे पिछले कई दिनों से आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण व पशुपालक खासे भयभीत है। आवारा कुत्तों द्वारा अब तक गांव के दर्जनों पशुओं को अपना निशाना बनाया जा चुका है तथा दर्जनों पशु इनके काटने से घायल हो चुके हैं। यही नहीं कई बच्चों को भी आवारा कुत्तो ने काट कर ज़ख़्मी कर दिया है। प्रति दिन इन कुत्तो द्वारा क्षेत्र के बकरियों को अपना निशाना बना रहे है। इसके अलावे आवारा कुत्तों ने गांव के कई दुधारु पशुओं को काट खाया जिस कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों व पशुपालकों ने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों के आतंक ने उनका जीना मुहाल कर रखा है। ये दिनभर झुंड बनाकर गांव में घूमते रहते हैं तथा पशुओं को अपना निशाना बना रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि वे दुधारु पशु पालकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, लेकिन आवारा कुत्ते उनके पशुओं पर हमला कर उन्हें काल का ग्रास बना रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अब तक दर्जनों पशु इनके हमले का शिकार बन चुके है। ग्रामीणों को भय है कि कहीं उनके बच्चों को निशाना न बनाने लग जाएं, क्योंकि उनके बच्चे दिन के समय स्कूल से लौटते समय अकेले ही खेतों के रास्ते से घरों में जाते है। ग्रामीणों ने बताया की रांची व अन्य शहरों से आवारा कुत्तो को वाहन मे भर कर रात मे भंडरा क्षेत्र मे छोड़ देते है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तो को पकड़वाने के लिए अभियान चलाने की मांग की है ताकि ग्रामीण भय व दहशत के माहौल से छुटकारा पा सके।

# साइबर अपराधियों ने युवक के खाते से उड़ाये एक लाख रुपये

**युवक ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार**

**सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे है। जिससे लोग काफी परेशान है। साइबर ठग लोगों को नए नए प्रलोभन देकर उनके बैंक अकाउंट से कैश निकालकर गायब हो जाते है। लोहरदगा जिले में एक ऐसा ही मामले में सरकारी योजनाओं का झांसा देकर युवक से साइबर ठगों ने 1 लाख रुपए की ठगी कर ली। जिसके बाद पीड़ित युवक ने लोहरदगा एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव निवासी ओम प्रकाश साहू नामक युवक को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर उसके खाते में जमा एक लाख रुपए उड़ा ली। साइबर ठगो ने युवक को फोन कर झारखंड सरकार के योजनाओं का लाभ दिलाने और खाता में सरकारी राशि के पैसे डालने की बात कह बैंक खाता का ओटीपी ले लिया। जिसके बाद युवक के खाते में जमा एक लाख रुपए निकाल लिया गया। जब इसकी जानकारी पीड़ित युवक ओमप्रकाश साहू को हुई तो लोहरदगा एसपी को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाते हुए कहा उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर 9771564004 से कॉल आया और झारखंड सरकार के योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही गई। साथ ही खाता में पैसे डालने के लिए केवाईसी की बात कह ओटीपी मांगा गया और खाते से इलाज के लिए रखे 1 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। युवक ने लोहरदगा एसपी से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### गुमला जिला भारतीय जनता पार्टी की बैठक आज

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला के जिला पदाधिकारियों, सभी पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों एवं गुमला, सिसई एवं विशुनपुर तीनों विधानसभा के संयोजक, सह-संयोजक की एक अतिआवश्यक बैठक 22 नवंबर को होटल बिंदेश में आयोजित की गई है। जिसमें मतगणना से संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने दी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# यंत्रीकरण से फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में हुई वृद्धि

## गुमला जिला धान के उत्पादन में हुआ आत्मनिर्भर, दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है फसल : डॉ संजय

**किसानों की आय में भी सकारात्मक बदलाव आया है**

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा कृषि उत्पादन में वृद्धि को लेकर यंत्रीकरण को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र वर्ष 2006 में गेहूं थ्रेसर एवं 2008 में धान थ्रेसर का प्रचार प्रसार प्रत्यक्षण के माध्यम से शुरू किया। वहीं केंद्र के द्वारा संचालित परियोजना निकरा अंतर्गत घाघरा प्रखंड के गुनिया गांव में कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से 2011-12 से लगातार गेहूं थ्रेसर पर प्रत्यक्षण कराया गया।

साथ ही क्षेत्र में गेहूं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई-नई किस्मों का प्रत्यक्षण के माध्यम से बड़े पैमाने पर गेहूं का उत्पादन होना शुरू हुआ है। केंद्र के द्वारा पूरे गुमला जिले में धान के विभिन्न उन्नतशील प्रभेदो का लगातार प्रत्यक्षण कराया गया।

जिससे आज विभिन्न लोचदार फसल किस्मो को बढ़ावा मिला है। आज गुमला जिला धान उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ है। साथ ही आसपास के राज्यों में भी बड़े पैमाने पर निर्यात भी हो रहा है। केंद्र के द्वारा शुरूआती दौर में मल्टी क्रोप थ्रेशर का उपयोग एवं प्रत्यक्षण के माध्यम से जहां किसानों में थ्रेसर की मांग बढ़ी।

वही जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभाव से भी बचाने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि केंद्र के द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों का प्रयोग किसानो के साथ मिलकर किया जा रहा है। जिसका आने वाले दिनों में काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में किसानों के लिए एक सहायक के रूप में आगे आएगा। जिससे किसानों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी और फसल लागत में कमी आएगी। डॉ कुमार ने बताया कि गुमला जिला धान उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में आता है।

जिले के किसानों के द्वारा नए-नए प्रभेदो के उपयोग से जहां उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हुई है। वहीं किसानों की आय में भी सकारात्मक बदलाव आया है। केंद्र के प्रयास से क्षेत्र में यंत्रिकरण को बढ़ावा मिला। आज बड़े पैमाने पर किसान धान थ्रेसर का उपयोग किसान कर रहे हैं।

# लोहरदगा : पचास हजार रुपये का अवैध लकड़ी जब्त

खबर मंत्र संवाददाता



पकड़े गए अवैध लकड़ी के साथ वन कर्मी।

**लोहरदगा।** जिले के बगडु थाना क्षेत्र अंतर्गत चरहु गांव में अवैध लकड़ी के खिलाफ वन विभाग ने छापेमारी कर सखुआ लकड़ी के कई चौपहल बरामद किया है।

वन विभाग को मिले गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए इलियास अंसारी के आंगन से लगभग 50 हजार रुपए मूल्य की लकड़ी को बरामद किया गया। मौके से इलियास अंसारी फरार हो गया। वन विभाग के कर्मियों ने बताया उन्हें गुप्त सूचना मिली थी पहाड़ से लकड़ी लाकर उसकी चिराई एक घर में की जा रही है। जिसके बाद टीम का गठन कर करवाई किया गया। जिसमे करीब 50 हजार रुपए के सखुआ की लकड़ी वन विभाग ने बरामद किया है। मामले को लेकर भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

इस छापेमारी में वन कर्मी प्रदीप साहू, अनूप शाहदेव, विक्की कुमार मेहता, नवीन चौहान, रमेश भगत, प्रदीप लकड़ा, धनी उरांव, नैमन लकड़ा, प्रदीप कुमार आदि शामिल थे।

## एग्जिट पोल में एनडीए व इंडिया एलाइंस के बीच कांटे की टक्कर, नेताओ व कार्यकताओं की बढ़ी धड़कनें

# एनडीए व इंडिया एलाइंस दोनो कर रहे हैं लातेहार में जीत के साथ सरकार बनाने का दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड राज्य के 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। 13 नवंबर को पहले चरण में लातेहार व मनिका समेत 43 सीटों पर चुनाव हुई थी वहीं दूसरे चरण में कुल 38 सीटों पर 20 नवंबर बुधवार को वोटिंग हुई। दो चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बुधवार की देर शाम कई सर्वे एजेंसियों के द्वारा एग्जिट पोल जारी किया गया। जारी एग्जिट पोल में जहां कई एजेंसियों ने एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर होने का आंकड़ा प्रस्तुत किया तो कुछ सर्वे में एनडीए तो कुछ में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती दिखाई गई। 23 तारिक को परिणाम जारी होने से पूर्व अनुमानित आंकड़ा साफ होने के इन्तेजार में बैठे राजनीतिक दलों के कार्यकताओं के लिए दिलों की धड़कन को जारी हुए एक्जिट पोल ने बड़ा दिया है। गुरुवार की सुबह से हीं चंदवा विभिन्न चौक चौराहा पर राजनीतिक दल के लोगो के साथ आमजन व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग जारी एक्जिट पोल पर अपनी राय देते दिखे। जहां भाजपा कार्यकर्ता पलामू पर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले 9 सीटों में लातेहार व मनिका




समेत कम से कम 7 सीटों पर जीत का दावा पेश करने के साथ राज्य में एनडीए सरकार बनने का दावा पेश करते दिखे। वहीं इंडिया गठबंधन के लोग भी 9 में लातेहार व मनिका समेत 6 सीटों पर जीत के साथ सरकार बनाने का दावा किया।

**लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जीत हार में निर्णायक होगा चंदवा प्रखंड**

बता दें कि लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाला चंदवा प्रखंड भाजपा व झामुमो दोनों पार्टी के प्रत्याशियों के जीत-हार में काफी निर्णायक साबित होने वाली है। विदित हो कि इस बार विधानसभा चुनाव में चंदवा प्रखंड से कुल 56030 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पोस्टल वोट जुड़ने के बाद आंकड़ों में आंशिक फेर बदल हो सकता है। वहीं पूर्व के चुनावी आंकड़ों की बात की जाए तो वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में चंदवा प्रखंड से झामुमो गठबंधन को बड़ी बढ़त हासिल हुई थी वहीं लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को चंदवा प्रखंड से बड़ी बढ़त मिली थी, ऐसे में भाजपा व झामुमो दोनों पार्टी चंदवा प्रखण्ड से बढ़त लेने का दावा कर रहा है। लेकिन अब 23 नवंबर को मतगणना के बाद ही साफ हो पाएगा कि आखिर चंदवा की जनता ने किस प्रत्याशी को सिरमौर पहनाया है।

# बारियातू प्रखंड क्षेत्र के सड़क निर्माण मे गड़बड़ी

## अनियमितता को छुपाने के लिए रात्रि मे सड़क चौड़ीकरण का किया जा रहा है कार्य



संवेदक द्वारा बनाया जा रहा है सड़क।



जानकारी देते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत बीरबीर से चुम्बा तक आरईओ विभाग द्वारा संवेदक के मनमानी से भारी अनियमितता को छुपाने के लिए रात्रि मे काम कराया जा रहा है। ग्रामीण प्रकाश राम, बाजु भगत, मुकेश राम, बूटन भुइयाँ, कृष्णा राम, शीतल गंझु, अलखु ठाकुर, अर्जुन राम, कुलदीप राम, भुनेश्वर गंझु सुकन भुइयाँ,टेम्पू गंझु, बूटन भुईया, लुकेश राम, अशोक राम, पवन गंझु, प्रकाश साव, मनेश भुइयाँ, बतुरी गंझु सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की पूर्व मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कालीकरण रोड बनाया गया था। संवेदक धांधली करते हुए रात्रि के समय पुराना सड़क मे ही जैसे तैसे काम कर रहा है। एक रती भी जेएसपी नहीं डाला गया और नाम मात्र का डामर डाला गया है जिससे सड़क का टिकाऊ नहीं हो पायेगा। विरोध करने पर भी संवेदक कार्य मे कोई सुधार नहीं कर रहा है। इधर उपरकुरहा से सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जहाँ चेड़रा व अमरवाडीह के बीच पहाड़ के पास सड़क को समतल नहीं कराने पर ग्रामीण प्रकाश, भुनेश्वर उरांव, धनलाल उरांव, धर्मदेव उरांव, महरंग उरांव, मंगलदेव उरांव, चम्पू उरांव, विकास उरांव, झरी उरांव, वीरेंद्र उरांव सहित कई ग्रामीणों ने कहा की पहाड़ के पास यदि सड़क निर्माण मे बराबर सही तरीके से काम नहीं किया जाता है तो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। पथ निर्माण विभाग द्वारा हेरहंज से लाटू फुलसु होते हुए बारियातू तक बन रही सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण परियोजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला उजागर हुआ है कई ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस सड़क का निर्माण लगभग 72 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। जिसकी कुल लंबाई 23.3 किलोमीटर है।

**गुणवत्ता को ताक में रखकर किया जा रहा है काम: ग्रामीण**

ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक दिनेश चंद्र अग्रवाल ने नियमों को ताक पर रखते हुए गुणवत्ता से समझौता किया है। पुराने कालीकरण सड़क को उखाड़ कर उससे निकले मलबे को डस्ट के साथ मिलाकर निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है। जबकि निर्माण में जेएसपी जगह-जगह स्टोन पिचिंग) का इस्तेमाल किया जाना था। बोल्डर की मात्रा बहुत कम रखी गई है। बिना पानी छिड़काव किए ही रोलर चलाकर सड़क मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह सब चुनावी माहौल का गलत फायदा उठाकर किया जा रहा है। संवेदक नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है, और इसका सीधा असर सड़क की गुणवत्ता और स्थायित्व पर पड़ेगा। हेरहंज से लाटू फुलसु होते हुए बारियातू तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने 16 मार्च 2024 को किया था। उन्होंने कहा था कि इस सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन अब जब निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर धांधली की बात सामने आई है। तो यह सवाल उठ रहा है कि क्या विधायक की बातों को गंभीरता से लिया गया। बात से विधायक का ही नहीं बल्कि मानक को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा। ग्रामीणों ने जिला के उपायुक्त से अविलम्ब कार्रवाई करने की आग्रह किया है।

## जिला प्रशाससन ने जाम की समस्या से बचने के लिये किया रूट प्लान

**लातेहार।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के क्रम में दिनांक 23 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निक, लातेहार में निर्धारित मतगणना कार्य के दृष्टिगत एवं पॉलिटेक्निक, लातेहार का सिंगल रूट होने के कारण जाम की समस्या से बचने के लिये निम्नवत रूट प्लान तैयार किया गया है। अधोलिखित स्थल पर ड्रॉप डाउन गेट रहेगा। जिसमें जुबली चौक से 2.5 किलोमीटर में रेहड़ा मोड़ (अम्वाटीकर जाने वाले रास्ते में), कुरा मोड़ (यात्री शेड के आगे), धर्मपुर मोड़ पर (बाजार जाने वाले रास्ते पर) रेहड़ा मोड़ से होकर कुरा मोड़ तक मतगणना कर्मी/पदाधिकारी की गाड़ी को छोड़कर किसी भी प्रकार के वाहन का परिचालन मतगणना समाप्ति तक वर्जित रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक का रिम्स में ईलाज के दौरान मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के रोन्हे ग्राम में रविवार की शाम मोटरसाइकिल से गिरकर घायल अनिल भुईया 30 वर्ष ग्राम बड़कागांव जिला हजारीबाग की मौत बुधवार की देर रात्रि इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गया। अनिल भुईया पिछले कई वर्षों से बालूमाथ ब्लॉक के नीचे किराए के मकान में सभी परिवार रहता था। तथा उसकी पत्नी विकलांग होने के वावजूद सिलाई-कढाई कर अपना जीवन बसर करती थी। अनिल की मौत के बाद परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि रविवार को कुछ आवश्यक कार्य हेतु अनिल भुइया बरियातु थाना के रोन्हे ग्राम जा रहा था। इसी बीच वह असन्तुलित होकर गिर गया। जिसके बाद बरियातू पुलिस एवं बरियातू के उप-प्रमुख पति लाल आशीष नाथ शाहदेव के सहयोग से अनिल भुईया को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां चिकित्सक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## आपसी विवाद को लेकर युवक ने खाया जहर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ढुलवाही ग्राम में गुरुवार को एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के सबंध में परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गौतम कुमार 18 वर्ष पिता संजय गंझु ग्राम ढुलवाही थाना बालूमाथ निवासी ने घर में हुए आपसी विवाद को लेकर जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## छिपादोहर पीएचसी में एम्बुलेंस की कमी, मरीजों को हो रही परेशानी




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिपादोहर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड के छिपादोहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एम्बुलेंस की कमी के कारण मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां के लिए निर्धारित एम्बुलेंस फिलहाल बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में है। जिससे स्थानीय मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सहायता में देरी हो रही है। एम्बुलेंस न होने के कारण मरीजों को निजी वाहनों से अस्पताल ले जाना पड़ रहा है। जिससे उनकी आर्थिक हानि के साथ स्थिति बिगड़ने का खतरा है। स्थानीय नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशासन से तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की अपील की है। झारखंड सरकार ने कुछ महीने पहले बरवाडीह में अतिरिक्त एम्बुलेंस भेजी थी, लेकिन छिपादोहर के लिए निर्धारित वाहन अभी भी वहां रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। जिससे क्षेत्र में जल्द ही चिकित्सा सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

### उपायुक्त ने की मतगणना की तैयारी को लेकर बैठक, सुबह आठ बजे से शुरू होगी गिनती

# मतगणना कक्ष में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की नहीं होगी अनुमति: उत्कर्ष गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव के तहत 23 नवंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों को लेकर गुरूवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतगणना की प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलट से हुए मतदान की गिनती की जायेगी। इसके बाद 8:30 बजे से इवीएम के माध्यम से हुए मतदान की गिनती होगी। इवीएम से हुए मतदान की गिनती



बैठक करते डीसी एसपी व अन्य।

के लिए लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए 16-16 टेबल लगाया जायेगा। वहीं, पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती के लिए 10-10 टेबल लगाया जायेगा। उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने मतगणना केंद्र में सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता बनाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। मतगणना प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के पूर्व प्रशिक्षण देने से संबंधित जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों से मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समय पर मतगणना प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मतगणना के लिए उपयोग में आने वाले स्टेशनरी सामग्रियों की उपलब्धता व गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, सुरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पंचमुखी मंदिर जीर्णोद्धार समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में मंदिर के फर्श को टाइल्स में सजाने के कार्य पर विचार - विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने अपने विचार रखें और आर्थिक सहयोग के साथ श्रमदान करने की अपील की। जहां अजय चंद्रवंशी ने बताया कि मंदिर के फर्श में टाइल्स लगाने का खर्च लगभग डेढ़ लाख रुपया अनुमानित है। बताया कि स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है, आगे भी बचे हुए कार्य को स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा।

उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से मंदिर के फर्श के कार्य को पूरा कराने में आर्थिक सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पंचमुखी मंदिर को भव्य और सुंदर बनाने के लिए समिति कटिबद्ध है।

## उग्रवादी के द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद चालक व उपचालक दहशत में, हड़ताल जारी

# चालक व उपचालक को 15 लाख का मुआवजा और घायल होने पर समुचित ईलाज कराने का मिला मौखिक आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बिते दिनों मंगलवार को जेपीसी के उग्रवादियों द्वारा पांच हाईवा जलाने के बाद चालक-उपचालक में दहशत व्याप्त है। इसी को लेकर बुधवार से चालक-उपचालक हड़ताल पर चले गए है। ज्ञात हो कि लातेहार-नवादा मार्ग पर तुबेद कोल माइन से कोयला परिवहन कार्य में लगी पांच हाईवा को उग्रवादियों ने आग लगा दी थी। इस घटना के बाद कोयला परिवहन कार्य में लगे अन्य हाइवा के चालक व उप चालक तथा मालिक दहशत हैं। मंगलवार की रात्रि हुई उग्रवादी घटना के बाद चालक व उप चालक स्ट्राइक में चले गए हैं। इस कारण कोयला परिवहन का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। चालकों का कहना है कि परिवहन के दौरान लगातार उग्रवादी घटनायें हो रही है। ऐसी घटनाओं से वे काफी



जानकारी देते चालक-उपचालक।

दहशत में हैं। चालकों ने उग्रवादी या अपराधिक घटनाओं में चालक व उप चालक की मौत होने पर ट्रांसपोटिंग कंपनी के द्वारा 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा ऐसे परिवारों को 15 हजार रुपए पेंशन प्रति माह देने और घटनाओं में घायल होने पर ईलाज का पूरा खर्च व 10 हजार रुपए पेंशन देने की मांग की। चालकों ने कहा कि ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा चालकों को 12 घंटा ड्यूटी करने का दवाब दिया जाता है। चालकों ने कहा कि वे मात्र आठ घंटा ही ड्यूटी करेंगे।

**15 लाख का मुआवजा और घायल होने पर समुचित ईलाज कराने का मिला मौखिक आश्वासन**

चालकों के स्ट्राइक पर चले जाने की सूचना पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होने चालकों से बात की। चालकों की मांग पर कंपनी के अधिकारियों ने कोयला परिवहन के दौरान होने वाली घटनाओं में मौत होने पर 15 लाख का मुआवजा और घायल होने पर समुचित ईलाज कराने का मौखिक आश्वासन दिया। लेकिन चालक लिखित मांग पर अड़े थे। इस कारण कोई नतीजा नहीं निकल सका। वहीं इन सब मांगों को लेकर कोयला ट्रांसपोटिंग का कार्य कर रहे हाईवा मालिकों ने भी अपनी मांग रखी है। कहा कि ऐसी घटनाओं होने से वाहन चालकों को काफी नुकसान हो रहा है। मौके पर मो आरिफ, निरंजन कुमार रवि, तबारक, करीम अंसारी, जय सिंह, अजमुद्दीन, अखिलेश सिंह, धीरज कुमार, कुलदीप यादव, राम प्रजापति, जमीर अंसारी, तनवीर, दिलकश राज और गोपाल दास समेत कई चालक मौजूद थे।

### 25 नवंबर से पूरे क्षेत्र में अनिश्चितकालीन विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

# विद्युत कर्मियों ने बकाया भुगतान को लेकर अधिकारियों को आवेदन सौंप, दिया अल्टीमेटम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** विद्युत आपूर्ति विभाग में कार्यरत दैनिक मानव दिवस कर्मियों ने अपनी बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को विभाग के आला अधिकारियों से मुलाकात करते हुए उन्हें अपनी वेतन संबंधित समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा है। इधर गुरुवार को कर्मियों ने बरवाडीह थाना प्रभारी को भी आवेदन सौंपते हुए विद्युत आपूर्ति ठप करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना दे दी है। जिसकी प्रतिलिपि उन्होंने सोशल मीडिया ईमेल के माध्यम से जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और कार्यपालक अभियंता को भी भेजा है। दिए गए मांगपत्र में विद्युत कर्मियों ने बताया है कि पलामू जिले के वैष्णवी कंस्ट्रक्शन के मालिक अरुण साव एवं सुमित सिंह के द्वारा हम सभी कर्मियों को विगत चार माह से बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि हमलोगों से दिन रात काम किया जाता है। उन्होंने



आवेदन सौंपने जाते है विद्युत कर्मी।

यह भी आरोप लगाया है कि हमलोगों को 14500 और 10000 की मासिक सैलरी पर रखा गया था। लेकिन 9000 और 6000 ही भुगतान किया जाता है। इस बाबत कुछ भी सवाल करने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से आज तक समस्त मानव दिवस कर्मियों का वेतन नहीं दिए जाने से हम सबकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। कंपनी के द्वारा वेतन की मांग को टालते टालते दुगार्पूजा, दीपावली और छठ महापर्व भी बीत गए हमारे परिवार व बच्चों का सभी त्यौहार फीका हो गया। बाहबजूद विभाग के अधिकारियों की तरफ से भी अब तक कोई पहल नहीं किया गया।आवेदन के माध्यम से कर्मियो ने अपने चार माह से निर्धारित बकाया वेतन भुगतान की मांग करते हुए मानदेय में बढ़ोत्तरी तथा सेवा नियमित करने की भी मांग की हैं। कर्मियों ने मांगपत्र के माध्यम से अल्टीमेटम दिया है कि अगर 24 नवंबर तक चार माह का बकाया वेतन भुगतान नहीं क्या गया तो 25 नवंबर से सभी मानव दिवस कर्मी विद्युत आपूर्ति ठप करते हुए पावर हाउस के सामने धरना पर बैठ जायेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में राहुल कुमार, उमेश यादव, जुगेश्वर सिंह, उमेश टोप्पो, संतोष कुमार, संजय कुमार, पारस राम, श्याम बिहारी यादव, प्रतुल कुमार सिंह, पप्पू यादव, अमित बेक, सुमित प्रभात एक्का, सूचित कुजूर और करमचंद उरांव आदि कई कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## विषैला जंतु के काटने से महिला जख्मी

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के बैलाझकड़ा गांव निवासी तैयब अंसारी की पत्नी हजरा बीबी 31 वर्ष अज्ञात विषैला जंतु काटने से ज़ख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि वह घर में कुछ काम कर रही थी। उसी बीच उसके हाथ में अज्ञात जंतु ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## स्कार्पियो की चपेट में आने से युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी स्व. मुखलाल चौधरी का पुत्र कुन्दन चौधरी 30 वर्ष स्कार्पियो के चपेट में आने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह अपने घर से गढ़वा काम करने आ रहा था। उसी बीच भंडार के पास एक स्कार्पियो ने उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सर्पदंश से बच्ची जख्मी

गढ़वा। पलामू जिला के पांडू थाना क्षेत्र के मुशिखाप गांव निवासी प्रदीप कुमार की पुत्री लालो कुमारी 3 वर्ष सांप के काटने से ज़ख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि वह अपनी मां के साथ धान के खेत में गई थी। इसी दौरान लालो को सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रह है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## विज्ञान प्रदर्शनी एवं परीक्षा परिणाम प्रकाशित

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उंचरी स्थित आरके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा परिणाम प्रकाषित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ मेकेनिकल इंजीनियरिंग नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सिलचर के डॉ श्री कृष्ण मुरारी पाण्डेय, विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय ने मां सरस्वती एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित तथा फीता काट कर किया। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि स्कूल के बच्चे एक से एक कलाकृति किए हुए थे जिसको लेकर मुख अतिथि एवं स्थानीय प्रमुख गण काफी सराहना किया। मंच का संचालन अंजली तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के काफी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## फसल कटाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के जाहरसराय गांव में कोटवा पायनियर धान बीज कंपनी द्वारा फसल कटाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें की 27 पी 37 धान और अन्य धान को तुलनात्मक तरीके से 25 वर्ग मीटर कटाई करके किसानों को दिखाया गया। जिसमें 27 पी 37 धान 25 वर्ग मीटर में 186 किलोग्राम एवं अन्य धान 25 वर्ग मीटर में ही 158 किलोग्राम आया। कंपनी के जिला प्रतिनिधि गौतम कुमार ने किसानों को प्रति एकड़ में गणना करके बताया जिसमें 27 पी 37 धान प्रति एकड़ अन्य यान से 4 :30 क्विंटल अधिक मिला। प्रखंड प्रतिनिधि पंकज सिंह ने किसानों को बताया कि 27 30 37 एन की बोलियां गुच्छेदार और वजनदार होती है जिसमें किसानों को अन्य धान से ज्यादा उपज प्राप्त होती है। किसान 27 पी 37 एफ एन चुनकर प्रति एकड़ 7 से 8 हजार अतिरिक्तमुनाफा कमा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में किसानों द्वारा समृद्धि विजय रैली निकाली गई। मौके पर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान, किसान नामधारी सिंह, कृष्णा सिंह, प्रमोद सिंह, अभिमन्यु सिंह, विनोद सिंह, रामचंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# कोढा गैंग के दो शातिर अंतर जिला झपटमार गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सहरसा।** पुलिस अधीक्षक हिमांशु की तेज तर्रार जिला पुलिस ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसमें उसने कटिहार जिले के कोडा थाना क्षेत्र के चर्चित कोडा गैंग के दो शातिर झपटमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दोनों शातिर अपराधी बिहार के लगभग एक दर्जन जिलों में सोने की चैन और मोबाइल की झपटमारी की घटना को अंजाम दे चुका है। साथ ही कई जिलों की जेल की भी हवा खा चुका है, जिनकी गिरफ्तारी सहरसा पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। गुरुवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि बीते 6 सितंबर को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बाजार, वार्ड नंबर 13 निवासी अविनाश कुमार झा की पत्नी सोनी कुमारी से एक बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों द्वारा चलती सड़क पर गले से सोने की चेन झपट ली थी। उनकी शिकायत पर सदर थाना कांड संख्या - 992/24 दर्ज कर जांच की जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि घटना संवेदनशील थी। ऐसे में एसपी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाई जा रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मानवीय सूचना और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना में अप्राथमिक के दो अभियुक्त चिन्हित किया था। जो सनी कुमार यादव और आकाश कुमार उर्फ रंगीला थे। वे लोग कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के निवासी थे। सूचना के बाद एसआईटी टीम द्वारा कोढा थाना क्षेत्र जाकर छापामारी की गई थी। जिसमें दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के नयाटोला, बेराजगंज निवासी शनि कुमार यादव और उक्त गांव के ही आकाश कुमार उर्फ रंगीला थे। गिरफ्तार अपराधकर्मी से लूटी गई एक सोने की चेन, सोने की एक अंगूठी और घटना में उपयोग किए गए पांच मोबाइल जब्त किए गए थे। उन्होंने आगे बताया कि छापामारी टीम में सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, सदर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार, पूनम कुमारी, अविनाश कुमार, गुंजन कुमार के अलावे जिला आसूचना इकाई के कर्मी और सदर थाना पुलिस बल मौजूद थे।

## राधिका नेत्रालय में 898 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन



मरीज के साथ चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में डीबीसी एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अब तक 898 लोगों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई रोशनी दी जा चुकी है।

ऑपरेशन के बाद उन्हें चश्मा और दवाइयां प्रदान कर घर भेजा जा रहा है। गुरुवार को 39 मरीजों को चश्मा और दवा देकर विदा किया गया। राधिका नेत्रालय के चिकित्सकों ने इसे मानव सेवा का उत्तम उदाहरण बताते हुए कहा कि मोतियाबिंद के कारण जिन लोगों को दैनिक कार्यों में कठिनाई होती है, ऑपरेशन के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को लाभ पहुंचाना है। शिविर में ऑपरेशन और चश्मा पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए मरीजों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। राधिका नेत्रालय के डॉक्टरों ने आश्वासन दिया कि इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। जरूरतमंद मरीज शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

## हत्या के मामले में आरोपित को सुनायी गई आजीवन कारावास की सजा

**किशनगंज।** हत्या के मामले में गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय मनीष कुमार की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। हत्या के मामले में आरोपी बेलवा निवासी सफीरुद्दीन को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय मनीष कुमार की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 50 हजार रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनायी गई। सत्र वाद संख्या 77/21 में सजा सुनायी गई। मामले में अपर लोक अभियोजक प्रणव कुमार ने सजा की बिंदु पर शानदार जिरह पेश किया। गौर करे कि पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2019 को नवंबर माह में सदर थाने में सूचक मो. ताहिर ने कांड संख्या 528/19 के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। सूचक मो. ताहिर का आरोपी सफीरुद्दीन से जमीनी विवाद चल रहा था।

## रविन्द्र हत्याकांड मामले में कुख्यात दिलखुश यादव गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के नवगछिया थानांतर्गत नया टोला में रविन्द्र कुमार उम्र 24 वर्ष पे०-अशर्फी चौधरी सा०-लोगनाहा जिला-बेतिया वर्त्तमान पता नया टोला को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी के फर्द बयान के आधार पर नवगछिया थाना में 02 नामजद एवं 03 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उक्त कांड के उद्भेदन के लिए गठित टीम के द्वारा सूचना/आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तो को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया एवं कांड में फरार चल रहे अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की जा रही थी।

## थाना प्रभारी ने की डीजे संचालकों के साथ बैठक



बैठक करते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ गुरुवार की बैठक की गई। बैठक में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने सभी डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी त्यौहार में डीजे बाजाए जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। कहा मोहर्रम, दुर्गा पूजा, कर्मा, रामनवमी एवं अन्य त्योहारों के धार्मिक उत्सव के अवसर पर हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में डीजे बजाना पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित किया गया है। यहां तक कि शादी विवाह में भी प्रतिबंध किया गया है।

किसी भी हाल में डीजे नहीं बजाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त निर्देश का पालन नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध शांति एवं व्यवस्था भंग करने के आरोप में डीजे साउंड को जप्त करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील कर कहा है कि अगर किसी भी त्यौहार के दौरान डीजे संचालकों द्वारा डीजे बाजाए जाने का काम किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत थाना पुलिस को दें।

## डीजे व्यवसायियों ने 15 दिसंबर तक मांगी मोहलत, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के डीजे व्यवसायियों ने शादी समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों में डीजे बाजा बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध से मुक्त करने की प्रार्थना की है। इसे लेकर गढ़वा टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बैठक की एवं उपायुक्त के नाम एक मांग पत्र गढ़वा एसडीओ को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अनुसार उन्हें भी रात्रि 10 बजे तक डीजे बजाने की अनुमति प्रदान की जाए। व्यवसायियों ने कहा कि वे कोर्ट के निर्णय को मानने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनकी मजबूरी यह है कि वे 15 दिसंबर तक डीजे की बुकिंग कर चुके हैं। इसके एवज में उन्हें एडवांस राशि भी मिल गई है। एडवांस राशि खर्च हो जाने के कारण वे राशि को बुकिंग कर्ता को वापस ही नहीं कर पा रहे हैं। व्यवसायियों ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें केवल 15 दिसंबर तक डीजे बजाने की अनुमति दे दी जाए। डीजे के व्यवसाय में जिले भर के 400 से अधिक लोग लगे हैं। जो किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अचानक उन्हें अपना व्यवसाय बदलने में आर्थिक समस्या भी आ रही है। इस दौरान वे अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पायेंगे। 15 दिसंबर तक वे इस व्यवसाय से कुछ पैसे कमाकर अपना बिजनेस बदलने का प्रयास कर सकते हैं। मांग पत्र की प्रतिलिपि गढ़वा के एसपी एवं एसडीओ को भी दे दी गई है। मांग पत्र सौंपने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता, विकास कुमार तिवारी, निक्कु, ललन चौधरी, दीनानाथ, अजीत कुमार, यासिन अंसारी, मो. एकराम, संजय विश्वकर्मा, शुभम गुप्ता, पप्पु गुप्ता, विनय विश्वकर्मा सहित कई अन्य का नाम हैं।



मांग पत्र सौंपते डीजे व्यवसायी

## गढ़वा की बेटी अंजलि शाश्वत ने राष्ट्रीय कवि संगम में किया झारखंड का प्रतिनिधित्व

**चोटी के कवियों के साथ किया मंच साझा, झारखंड के राज्यपाल ने भी दिया आशीर्वाद**



बड़े कवियों के साथ अंजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देश की राजधानी दिल्ली में 15-17 नवंबर को आयोजित विश्व के सबसे बड़े काव्य मंच 'राष्ट्रीय कवि संगम' में गढ़वा की बेटी अंजलि शाश्वत ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वहां उसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले कवियों के साथ मंच साझा करने का मौका मिला। उसको भरपूर आशीर्वाद और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिली। इस दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी अंजलि का मान बढ़ाते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, विशिष्ट अतिथि स्वामी चिदानंद सरस्वती, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. योगेश सिंह, राष्ट्रीय कवि संगम के संरक्षक डॉ. हरिओम पंवार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल, उपाध्यक्ष अशोक बत्रा, महामंत्री महेश शर्मा आदि उपस्थित थे। अंजलि शाश्वत ने अपनी कविता राम ही अर्चना राम वरदान है तथा ब्रह्मज्ञान प्रणेता की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र तथा प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। झारखंड के राज्यपाल ने अंजलि को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि कवयित्री अंजलि भारतीय संस्कृति को पल्लवित-पुष्पित करते हुए अपनी प्रतिभा के बल पर वैश्विक पहचान बनाए, ऐसी कामना करते है। संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई की सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने कहा कि गढ़वा जैसे शहर से विश्व के सबसे बड़े काव्य मंच तक पहुंचना ही उसके लिए बड़ी बात है। इसके लिए वह उन सभी महानुभावों का आभारी रहेगी जो वहां तक पहुंचने में सहायक बने हैं।

## डीएवी भवनाथपुर में नये चेयरमैन का स्वागत



नये चेयरमैन का स्वागत करते प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टॉउनशिप में डीएवी भवनाथपुर के नए चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर तथा गायत्री मंत्र के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने नए चेयरमैन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर दीया सजाओ एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को चेयरमैन ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के बीच पुरस्कार रूप प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय की सराहना की एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान नहीं करता बल्कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरने के लिए बहुत ही सुंदर तरीके से दैनिक प्रार्थना सभाएं व साप्ताहिक हवन भी करता है। इससे बच्चों में एकाग्रता व आध्यात्मिकता का विकास होता है। इस विद्यालय की उपलब्धि के विषय में बताते हुए बताया कि इस विद्यालय के कई बच्चे चिकित्सा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और प्रशासनिक क्षेत्र में भी उपलब्धि प्राप्त की है। मौके पर ओपी सिंह, संजय राय भट्ट, शौकत अली, सूरज सिंह, प्रवीण पांडेय, अनिल द्विवेदी, गणेश त्रिवेदी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## कोसी आयुक्त ने आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये

**सहरसा।** प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडल दिनेश कुमार द्वारा आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय सहरसा भ्रमण क्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सुविधा हेतु की गई व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन,अन्य देय सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की एवं भोजन की गुणवत्ता को परखा। आयुक्त ने उपस्थित छात्रों से बातचीत की एवं उन्हें मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।विद्यालय प्रबंधन को निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।उक्त अवसर पर जिलाधिकारी श्री वैभव चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे। निरीक्षण पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नीलाम पत्र से संबंधित वाद की वर्तमान निष्पादन स्थिति की समीक्षा की गई। सभी संबंधित को अपनी बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित वादों के निष्पादन के तेजी लाने का निर्देश दिया गया है।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**सहरसा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमंडलीय सभागार में गुरुवार को अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत निर्वाचन सूची प्रेक्षक सह आयुक्त कोशी प्रमंडल दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों,सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में निर्वाचन सूची प्रेक्षक सह प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा आगामी कुछ दिनों में प्रखंड स्तर संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार सहरसा जिला का लिंगानुपात 933 है।मतदान प्रक्रिया में अधिकाधिक महिलाओं की भागीदारी बढ़े।इस हेतु जिला का लिंगानुपात प्रति एक हजार पुरुष के अनुपात में महिलाओं की संख्या व भागीदारी न्यूनतम 960 तक पहुंचाने का निर्धारित किया गया है।

## एक माह से खराब है प्रखंड कार्यालय परिसर का जलमीनार

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्थित जलमीनार पिछले एक माह से खराब पड़ा है। जिससे प्रखण्ड कार्यालय एवं अस्पताल आने जाने वाले आम लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दे उक्त जलमीनार प्रखण्ड कार्यालय में मुख्य गेट के समीप स्थित है। जिससे प्रखण्ड कार्यालय, एफसीआई गोदाम में काम करने वाले मजदूर, सामुदायिक अस्पताल में आने जाने वाले लोग के साथ साथ आसपास के दुकानदार उक्त जलमीनर के पानी का उपयोग प्रतिदिन करते थे, लेकिन जब से उक्त जलमिनार खराब है लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं थी उसको हम देखवाते हैं।

## यात्री बस से 36 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली जांच चौकी पर गुरुवार की शाम यात्री बस से 36 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार करने में उत्पाद पुलिस को सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में समेकित जाँच चौकी प्रभारी अवर निरीक्षक उत्पाद संगम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश के बाद चितरकोली स्थित समेकित जाँच चौकी पर झारखंड से आनेवाली हर छोटी और बड़ी सहित यात्री वाहनों की जाँच गहनता से की जा रही थी।इसी दौरान झारखंड के तरफ से यात्री बस संख्या बीआर 02 पीए 7400 को जाँच के लिए रोका गया और तलाशी के दौरान दो बैग और एक थैला में शराब पाया गया,जिसके बाद यात्रियों से पूछताछ के बाद तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान गया जिले के अतरी थानाक्षेत्र के बासर निवासी सतीश सिंह के 33 वर्षीय पुत्र राजू कुमार उर्फ शशि कुमार,मुकेश शर्मा के पुत्र 21 वर्षीय अमन कुमार और नालंदा जिले के नूरसराय थानाक्षेत्र के डोईया निवासी बिरन शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र रवि को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद कारोबारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है। वाहन जाँच के दौरान एएसआई पंचम लाल,बिहार उत्पाद और होमगाड्र्स के जवान मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने नवादा में जीएनएम कॉलेज का किया उद्घाटन

**नवादा।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने गुरुवार को संयुक्त रूप से बुधौल स्थित जीएनएम कॉलेज एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया । मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इस संस्थान को 22 करोड़ 77 लाख की लागत से बनकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से नवादा की बेटियों को बेहतर से बेहतर नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नवादा की बेटियों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है उनको इसी जिले में अच्छी एवं उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण इस संस्थान के माध्यम से दिया जाएगा। इस संस्थान में बालिकाओं के लिए छात्रावास की भी सुविधा दी गई है, जिसमें 50 जीएनएम और 50 पैरामेडिकल छात्राओं के लिए सुविधा प्रदान दी गई है। बालकों के लिए 150 बच्चों के लिए छात्रावास है। उन्होंने बताया कि बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग बिल्डिंग का निर्माण कराया गया है।

## तीन दिसम्बर को स्वैच्छिक मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का होगा आयोजन

**किशनगंज।** जिलाधिकारी सह अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी विशाल राज के निर्देशानुसार आगामी 3 दिसम्बर को सदर अस्पताल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया जाएगा। गुरुवार को डीएम विशाल राज ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर बहुत ही जरूरी है। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान के लिए रक्तदाताओं व आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। डीएम ने कहा कि रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये युवाओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करने की जरूरत है। उन्होंने रेडक्रॉस के सचिव व सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि इस महान कार्य के लिए संबंधित लोगों का सहयोग व जागरूकता अति आवश्यक है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के सचिव मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से सड़क हादसे में मजदूर की मौत, एक घायल

**अररिया।** फारबिसगंज-रानीगंज मुख्य मार्ग में लुटिया पुल के समीप गुरुवार को सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान झिरुआ पछियारी वार्ड संख्या 9 निवासी 35 वर्षीय विजय यादव के रूप में की गई। मृतक सदानंद यादव का पुत्र था और शहर के एक बोरा फैक्ट्री में काम करता था। विजय यादव अपने काम से छुट्टी के बाद बाइक से घर लौट रहा था।बाइक पर उनके साथ ललन कुमार मेहता भी सवार थे।इसी क्रम में लुटिया पुल के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद परिजनों और पुलिस ने घायल विजय को पहले अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल अररिया और फिर पूर्णिया रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

स्पीड न्यूज

## ओडिशा के मालकानगिरी में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर और एक जवान घायल

भुवनेश्वर। मालकानगिरी जिले के जिनेलगुडा के पास गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया और एक जवान घायल हुआ। पुलिस मुख्यालय के अनुसार घायल जवान की पहचान डंबुर बड़ नायक के रूप में हुई है। उनको निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पैर में दो गोलियां लगी हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ नक्सली छत्तीसगढ़ से साबेरी नदी पार कर मालकानगिरी की ओर बढ़ रहे थे। इसके आधार पर जवानों ने उस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों का का नक्सलियों से आमना–सामना हो गया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान एक नक्सली मारा गया।

## फिल्म अग्नि का ट्रेलर रिलीज




मुंबई। प्राइम वीडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने गुरुवार को हिंदी फिल्म अग्नि का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। अग्नि हिंदी सिनेमा में फायरफाइटर्स की पहले कभी नहीं बताई गई कहानी है, जो फायरफाइटर्स की निर्भीक भावना, सम्मान और बलिदान को समर्पित एक सिनेमाई श्रद्धांजलि है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित और लिखित यह फिल्म एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है, जिसमें प्रतीक गांधी और दिव्येंदु मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि सैयामी खेर, साय तम्हंकर, जितेंद्र जोशी, उदित अरोड़ा और कबीर शाह महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 06 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्रीमियर होने वाली है।

## यूपी सिपाही भर्ती के परिणाम घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर गुरुवार को यह जानकारी दी गई। बोर्ड ने कहा कि आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की दिनांक 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को संपन्न लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि कि प्राप्तांकों की श्रेष्ठ और आरक्षण के लंबवत एवं क्षैतिज नियमों के अनुसार चयन प्रक्रिया के अगले चरण अभिलेखों की समीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए अर्हता पाए गए।

## अलीगढ़ में सड़क हादसा, पांच की मौत

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जनपद के टप्पल थाना क्षेत्र में बुधवार देररात यमुना एक्सप्रेस—वे पर ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक, प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवेल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। बस टप्पल थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस—वे पर ट्रक बस से टकरा गई। हादसे में जान गंवाने वालों में एक महिला, तीन पुरूष एक बच्चा शामिल है।

## श्रीलंका के स्पीकर बने रानवाला

कोलंबो। श्रीलंका की10वीं संसद की गुरुवार को हुई पहली बैठक में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के अशोक रानवाला को संसद का स्पीकर चुना गया। श्री रानवाला को प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या द्वारा नामित किया गया और उनके नाम का अनुमोदन विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने किया। उन्हें सर्वसम्मति से स्पीकर के पद के लिए चुन लिया गया।

# पाकिस्तान में आतंकी हमला, 50 की मौत

## लोअर कुर्रम में वैन पर आतंकियों ने की गोलीबारी, कई यात्री घायल

एजेंसी

कुर्रम। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर कुर्रम में गुरुवार यात्री वैन पर हुए आतंकी हमले में कम से कम 50 लोग मारे गए। हथियारबंद आतंकवादियों ने वैन पर गोलियां बरसाकर समूचे मुल्क को दहला दिया। इस घटना में गोलियों से लहूलुहान कई यात्रियों की हालत गंभीर है। प्रांत के मुख्य सचिव ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जताई है। फिलहाल इस हमले की किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। डॉन अखबार के अनुसार, अहमदी शमा पुलिस स्टेशन के प्रभारी कलीम शाह ने बताया कि कुर्रम जिले में हुए इस हमले में तीन महिलाओं सहित 50 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। इससे

- बढ़ सकती मृतकों की संख्या : मुख्य सचिव
- राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की निंदा

पहले, तहसील मुख्यालय अस्पताल अलीजई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद इशाक ने बताया था कि उनके यहां 58 शव कई घायल लाए गए हैं। घायलों को जिले के विभिन्न अस्पतालों और कुछ को पेशावर रेफर किया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के मीडिया सेल ने एक्स पोस्ट में राष्ट्रपति के हवाले से कहा, ₹निर्दोष यात्रियों पर हमला कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है।₹ मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने भी हमले की निंदा की है। उन्होंने मुख्य सचिव, प्रांतीय कानूनमंत्री और क्षेत्र के एमएनए और एमपीए के एक प्रतिनिधिमंडल को तत्काल कुर्रम रवाना होने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री गंडापुर ने कुर्रम में स्थिति को सुधारने के लिए क्षेत्र की जिरगा को फिर से सक्रिय करने का भी आह्वान किया। हाल ही में प्रतिबंधित संगठन आतंकवादी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' ने 2022 में सरकार के साथ युद्धविराम समझौते को तोड़ने की घोषणा कर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने का ऐलान किया था। जियो न्यूज चैनल के अनुसार, कुर्रम जिला कई माह से विभिन्न जनजातियों और पार्टियों के संघर्ष से जूझ रहा है। इनके बीच होने वाली झड़पों में दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण मुख्य और संपर्क सड़कों के साथ-साथ अफगानिस्तान से लगी सीमा भी बार-बार बंद हो रही है। तुरी और बंगश जनजातियों के आदिवासी बुजुर्गों ने चिंता व्यक्त की है कि सड़कों के लगातार बंद होने से भोजन और ईंधन आपूर्ति की कमी हो गई है। इससे बड़े मानवीय संकट की आशंका बढ़ गई है।





### पीएम मोदी को मिला गुयाना और डोमिनिका सर्वोच्च सम्मान

**जॉर्जटाउन । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को दो कैरेबियाई देशों गुयाना और डोमिनिका ने अपने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया। यह पहला अवसर है जब भारत के प्रधानमंत्री को दो देशों द्वारा एक ही दिन अपने-अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया है।**

# खुला संवाद व सहयोग को बढ़ावा देता भारत : राजनाथ

## आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री ने बौद्ध सिद्धांत पर दिया जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओस में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुला संवाद विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है। रक्षा मंत्री ने वियनतियाने में 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांत को सभी देशों द्वारा और अधिक निकटता से अपनाया जाना चाहिए। विश्व तेजी से ब्लॉकों और कैंप में विभाजित हो रहा है, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बेरोकटोक वैध वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के पक्ष में है।



रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत की वकालत की है और ऐसा किया भी है। उन्होंने कहा कि खुला संवाद विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है तथा स्थायी साझेदारी की नींव रखता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि बातचीत की शक्ति हमेशा कारगर साबित हुई है, जिसके ठोस परिणाम सामने आए हैं।

भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का वास्तविक, दीर्घकालिक समाधान तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब देश रचनात्मक रूप से जुड़ें, एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करें और सहयोग की भावना से साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करें। 21 वीं सदी को 'एशियाई सदी' बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि विशेष रूप से आसियान क्षेत्र हमेशा से आर्थिक रूप से गतिशील रहा है और व्यापार, वाणिज्य और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तनकारी यात्रा के दौरान भारत इस क्षेत्र का एक विश्वसनीय मित्र बना हुआ है। 1927 में दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा कही गई एक उक्ति का संदर्भ देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 'मैं हर जगह भारत को देख सकता था, फिर भी मैं इसे पहचान नहीं पाया' , यह कथन भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच गहरे और व्यापक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

# सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग

जैसलमेर। देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा



लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग एक मीटर से 10 किलोमीटर की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है।

## लॉरेंस बिश्नोई का भाई अमेरिका में गिरफ्तार

वाशिंगटन। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर गोलीबारी के मामले में वांछित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है और वह फिलहाल आयोवा की एक जेल में बंद है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग की वेबसाइट पर हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार अनमोल बिश्नोई आयोवा की एक काउंटी जेल में बंद है। इसके अलावा अन्य कोई विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं है। माना जाता है कि अनमोल कनाडा में रहता है और नियमित रूप से अमेरिका आता-जाता रहता है।

# गुजरात व उत्तर प्रदेश में साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री

मुंबई । 2002 में गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित हिंदी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को गुजरात और उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ फिल्म देखी और टैक्स फ्री करने की घोषणा की। हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म द्य्द साबरमती रिपोर्ट को दर्शकों का बेहद प्यार मिल रहा है। फिल्म में गोधरा ट्रेन अग्निकांड की सच्चाई और तथ्यों को उजागर करने का दावा किया गया है। इसे दर्शकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे पहले इसे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में टैक्स-फ्री किया गया था। हाल ही में, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी गुजरात में फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित किया और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान में भी फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित किया, ताकि इस फिल्म को व्यापक दर्शक मिल सकें।

### सीएम योगी ने मंत्रियों के साथ देखी फिल्म



## सेंसेक्स 423 अंक लुढ़का



मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों और विशेषकर अडानी समूह की कंपनियों में हुयी बिकवाली के कारण गुरुवार शेयर बाजार फिर से लाल निशान में बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 422.59 अंक गिरकर 77155.79 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.60 अंक फिसलकर 23349.90 अंक पर आ गया। इसी तरह से छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी। बीएसई का मिडकैप 0.37 प्रतिशत उतरकर 44467.99 अंक पर और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत लुढ़ककर 52141.15 अंक पर रहा।

# 10वें साल भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बना लंदन

## न्यूयॉर्क, पेरिस और टोक्यो को पीछे छोड़ा

एजेंसी

लंदन । लंदन को लगातार 10वें साल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की वार्षिक रैंकिंग में बेस्ट सिटी चुना गया। ब्रिटिश राजधानी ने न्यूयॉर्क, पेरिस और टोक्यो को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्पॉट बरकरार रखा। रियल एस्टेट, पर्यटन और आर्थिक विकास में ग्लोबल एडवाइजर, रेजोनेंस द्वारा संकलित रैंकिंग, 1 मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों का मूल्यांकन करती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लंदन का दबदबा रैंकिंग में हमेशा रहा है। भले ही मूल्यांकन मानदंड हर साल बदलते रहते हैं। रैंकिंग लंदन की ग्लोबल अपील को दर्शाती है। यह एक ऐसा शहर है जो सांस्कृतिक विरासत, मजबूत बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रतीक रहा है। इस साल की रैंकिंग में, पब्लिक परसेप्शन को शामिल किया गया। पहली बार, 30 देशों के 22,000 से अधिक लोगों की



अंतर्दृष्टि को शामिल किया गया और विश्लेषण में परसेप्शन बेस्ड डाटा जोड़ा गया। मूल्यांकन में कई अन्य कारकों पर विचार किया गया, जिसमें वातावरण की गुणवत्ता, सांस्कृतिक जीवंतता, भोजन, नाइटलाइफ, खरीदारी और बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। इसमें रीजनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी और विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता का आकलन किया। रेजोनेंस के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस फेयर ने कहा कि लोग आगे बढ़ रहे हैं और पलायन कर रहे हैं, महामारी के दौरान यह ट्रेंड और बढ़ गया है। लोग न केवल किफायती बल्कि मनमोहक स्थानों की भी तलाश कर रहे हैं। दुनिया भर के लोग सबसे बड़े शहरों में रहने, घूमने और काम करने की इच्छा रखते हैं।

## वक्फ पर जेपीसी की रिपोर्ट तैयार : जगदंबिका

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति की रिपोर्ट लगभग तैयार है और इसे समय से सदन को भेजा जाएगा। हालांकि विपक्ष को इसपर आपत्ति है और समिति का कार्यकाल बढ़ाना चाहता है। संयुक्त संसदीय समिति की गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस एनक्सी में बैठक हुई। आज की बैठक में अल्पसंख्यक मंत्रालय से रिपोर्ट पर बिंदुवार टिप्पणियां ली गई। पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि हमने विधेयक पर विस्तार से चर्चा की है और विभिन्न हित धारकों से विस्तृत टिप्पणियां ली हैं। हमारी मौसादा रिपोर्ट तैयार है और सर्वसम्मति के साथ हम इसे सदन को भेजेंगे। पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि विपक्ष के लोग चाहे तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सकते हैं। समिति के कार्यकाल को लेकर निर्णय लेने का फैसला सदन और लोकसभा अध्यक्ष के पास है।

